# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

हरिभूमि-आईएनएच इन्वेस्टिगेशन

हरिभूमि आईएनएच की तीन दिनों की जांच में पोराबाई के बाद अब तक का सबसे बड़ा **खुलासा**

दसवीं कक्षा में तीसरे नंबर पर थी मोहनमती, रोल नंबर था 24102722

हरिभूमि की जांच में यह नंबर मनीषा गर्ग का पाया गया, मोहनमती का फार्म हुआ था रिजेक्ट

# संस्कृत बोर्ड की टॉपर परीक्षा में ही नहीं बैठी

- संस्कृत विद्या मंडलम की टॉपर परीक्षा में ही नहीं बैठी, वह मेरिट लिस्ट में तीसरे नंबर पर
- प्राचार्य ने पहले कहा- मेरी रिश्तेदार, फिर कहा ज्यादा नहीं जानता, मोहनमती का फोन बंद, घरवाले भी गायब

**इन्होंने किया खुलासा**


रुचि वर्मा रायपुर


पंकज तिवारी रायगढ़


अमित गुप्ता रायगढ़


राजीव लोचन सक्ती

बुधवार, समय दोपहर लगभग 12 बजे...। छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम ने नवमी से बारहवीं कक्षा तक परीक्षा परिणामों की घोषणा की थी। साथ ही दसवीं और बारहवीं की प्रावीण्य सूची भी जारी की गई। इस लिस्ट में दसवीं कक्षा की प्रावीण्य सूची में तीसरे स्थान पर एक नाम था- मोहनमती, पिता आत्माराम। उनसे हरिभूमि की टीम ने फोन पर साक्षात्कार लिया। इंटरव्यू में उसने कहा कि वह ईंट भट्ठे में काम करती है। आगे विज्ञान विषय लेकर एमबीबीएस की पढ़ाई करना चाहती है। इस बीच मोहनमती ने बताया कि उसकी उम्र 44 वर्ष है। हमने अखबार में प्रकाशित करने के लिए उनसे उनकी तस्वीर मांगी। जवाब मिला, वे अपना फोटो शेयर नहीं कर सकती। उसके बाद फोन बंद।

इस बीच दूसरे टापर्स का भी साक्षात्कार लिया गया। इस बीच सूत्रों ने अंदरखाने की खबरें दी। बताया-जमकर घालमेल हुआ है। जांच करेंगे तो परतें खुल जाएंगी। उसके बाद हरिभूमि और आईएनएच की टीम बनी। जांच शुरू की गई।

रायपुर से रुचि वर्मा ने रायपुर में तहकीकात शुरू की और तफ्तीश करने रायगढ़ से आईएनएच संवाददाता अमित गुप्ता को भेजा गया। खरसिया स्थित दीपांशु संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औरदा पहुंचे, जहां मेरिट लिस्ट में दी गई जानकारी के शेष पेज 4 पर



छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर

(माध्यमिक शिक्षा मण्डल परिसर, पेंशनबाड़ा, पुराने पाठ्यपुस्तक भवन में, पेंशनबाड़ा, रायपुर 492001)

दूरभाष कार्या. : 0771-4001733, फैक्स कार्या. : 0771-4001733

ई-मेल: cgsanskrit@gmail.com वेबसाइट: cgsvm.cgstate.gov.in

(पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष – मुख्य परीक्षा सत्र 2024)

प्रावीण्य सूची (अस्थाई)

| क्र. | अनुक्रमांक | छात्र–छात्रा का नाम | पिता का नाम | विद्यालय का नाम | पूर्णांक 700 | प्रतिशत | प्रावीण्यता सूची में स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 24102301 | चन्द्रभागा कश्यप | श्री अनिरूद्ध कश्यप | गोस्वामी रामरतन संस्कृत उच्च. माध्य. विद्यालय जर्वे, बलौदा, जिला– जांजगीर चाँपा (छ.ग.) | 599 | 85.57 | प्रथम |
| 2. | 24102421 | मेघना | श्री विरेन्द्र कुमार | द्रोणाचार्य संस्कृत उच्च. मा. वि. सोनसरी, वि. ख. मस्तूरी, जिला– बिलासपुर (छ.ग.) | 588 | 84 | द्वितीय |
| 3. | 24102722 | मोहनमती | श्री आत्माराम | दीपांशु संस्कृत उ0 मा0 विद्यालय औरदा (खरसिया) जिला–रायगढ़ (छ.ग.) | 586 | 83.71 | तृतीय |
| 4. | 24102303 | डिडेश्वरी | श्री गणेश राम | गोस्वामी रामरतन संस्कृत उच्च. माध्य. विद्यालय जर्वे, बलौदा, जिला– जांजगीर चाँपा (छ.ग.) | 581 | 83 | चतुर्थ |
| 5. | 24102633 | सुरेन्द्र कुमार | श्री दयाशंकर | सरस्वती संस्कृत उच्च. माध्य. वि. दारीमुड़ा, वि. ख. मालखरौदा, जिला– सक्ती (छ.ग.) | 580 | 82.86 | पंचम |
| 6. | 24102630 | संजना जगत | श्री हीराधर जगत | सरस्वती संस्कृत उच्च. माध्य. वि. दारीमुड़ा, वि. ख. मालखरौदा, जिला– सक्ती (छ.ग.) | 574 | 82 | षष्ठ |
| 7. | 24102175 | शिवम साहू | श्री निर्मल कुमार साहू | राष्ट्रीय आदर्श प्राच्य संस्कृत विद्यालय सरवा, जिला– बालोदा बाजार (छ.ग.) | 572 | 81.71 | सप्तम् |
| | 24102299 | भारती | श्री नंद कुमार | गोस्वामी रामरतन संस्कृत उच्च. माध्य. विद्यालय जर्वे, बलौदा, जिला– जांजगीर चाँपा (छ.ग.) | 572 | 81.71 | सप्तम् |




आमने सामने

## रोल नंबर किसी और का नाम किसी और का

ज्ञात हुआ कि मोहनमती का फॉर्म पहले ही तकनीकी कारणों से रिजेक्ट किया जा चुका है। विद्यामंडलम के अनुसार, वह परीक्षा में बैठी ही नहीं है। मोहनमती के नाम के आगे जो रोल नंबर था, उस रोल नंबर की उत्तरपुस्तिका की जांच की गई। तब ज्ञात हुआ कि रोल नंबर 24102722 जिसे मेरिट लिस्ट में मोहनमती का बताया गया था, वो मोहनमती का ना होकर मनीषा गर्ग नाम की एक छात्रा का है।

## सचिव ने मानी गड़बड़ी

संस्कृत विद्यामंडलम की सचिव अलका दानी ने जांच के बाद स्वीकार किया कि मोहनमती का फार्म ही रिजेक्ट किया गया था। वह परीक्षा में नहीं बैठी है। उन्होंने कहा कि फॉर्मेटिंग करते वक्त गड़बड़ी हुई है। जानकारी अपलोड करते समय ऐसा हुआ है। यह मानवीय त्रुटि है। पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के बाद विद्यामंडलम द्वारा भी नई मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।

## कई सवाल और कई खुलासे

हरिभूमि और आईएनएच के सूत्र बता रहे हैं कि मामला इतना बस नहीं है। कई टॉपर्स और उत्तीर्ण होने वाले छात्रों के मामले में जमकर घालमेल हुआ है। परीक्षा देते वक्त समय कई तरह से गड़बड़ी की गई है। इस मामले की परतें खुलना अभी बाकी है। सवाल यह भी है कि टॉपर्स की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करा ली जाए या उनसे उत्तर लिखवा लिए जाएं तो कई टॉपर फेल हो जाएंगे।

## लापता हुई टॉपर

*प्राचार्य द्वारा दी गई जानकारी और पते के आधार पर आगे की जांच-पड़ताल आरंभ हुई। सक्ती से आईएनएच संवाददाता राजीव लोचन अकोल जमोरा डबरा ब्लॉक स्थित उनके घर पहुंचे। जो पता हमें दिया गया था, उस पते पर तो मोहनमती-आत्माराम लिखा हुआ था। ठीक वही जो प्रावीण्य सूची में दर्ज था। दरवाजा खटखटाने पर अंदर से निकली महिला ने कहा कि वो मेहमान है और उन्हें अधिक जानकारी नहीं है। इसके बाद गांव के सरपंच से लेकर अन्य लोगों से भी पूछा गया, लेकिन कोई नहीं बता पाया कि गांव में ही रहने वाली महिला अब कहां है? यह ही नहीं, बल्कि महिला का फोन भी बीते दो दिनों से बंद आ रहा है।*

## प्राचार्य ने पहले कहा- मेरी परिचित



*वहां के प्राचार्य दिनेश खुंटे को जब जानकारी दी गई कि उनकी यहां की छात्रा ने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया है तो इस उपलब्धि से वे प्रसन्न नजर आए। इसके बाद बताया कि 2023 मे मोहनमती ने नवमी की परीक्षा दिलाई और 2024 में दसवीं की परीक्षा में बैठी। उसकी उम्र अधिक थी, इसलिए उसे स्वाध्यायी छात्र के रूप में परीक्षा में शामिल किया* शेष पेज 4 पर

## बोर्ड सचिव ने छुट्टी के दिन खुलवाया दफ्तर

*चूंकि छात्रों के भविष्य और परीक्षा से जुड़ा मामला था, इसलिए हमने इस खबर को आधिकारिक तौर पर पुष्टि होने तक रोकना उचित समझा। पूरे घटनाक्रम से संस्कृत विद्यामंडलम की सचिव अलका दानी को परिचित कराया गया। उन्होंने मामले को संज्ञान में लेते हुए स्वस्फूर्त जांच करवाई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए छुट्टी के दिन शनिवार को दफ्तर खोला गया। उन्होंने अपने स्टाफ को बुलाया। और उसके बाद असली कहानी सामने आई।*








# हरिभूमि रण भूमि
## लोकसभा
## सत्ता संग्राम-2024



वरिष्ठ राजनैतिक विश्लेषक गिरिजा शंकर से हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# सभी विपक्षी दल 'एंटी इन्कम्बेंसी' बताकर अपनी स्थिति बेहतर बना सकते थे लेकिन ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वरिष्ठ राजनैतिक विश्लेषक गिरिजा शंकर का मानना है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए चुनाव के बाद सहानुभूति की लहर में कांग्रेस को 400 से अधिक सीटें मिली थीं, तब राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने थे। लेकिन, सामान्य माहौल में 400 सीटों की बात करना असहज लगता है। 10 साल लगातार केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बाद विपक्षी दलों के सामने यह अवसर था कि वे एंटी इन्कम्बेंसी बतलाकार अपनी स्थिति बेहतर बना सकते थे। लेकिन, ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है। वे हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

inh न्यूज विशेष

**प्रश्नः 2024 का यह चुनाव किस दिशा में जा रहा है?**

उत्तरः 2024 के चुनाव को लेकर काफी उत्सुकता दिख रही है। जिस प्रकार से विपक्षी दलों ने गठबंधन तैयार किया और भाजपा ने 400 पार का नारा दिया। इस चुनाव में मोदी सरकार की बात हो रही है, भाजपा की बात नहीं हो रही है। मोदी के नाम पर वोट देने की बात हो रही है। मोदी का नेतृत्व पहले भी दो चुनाव में था और उस समय भाजपा सरकार थी लेकिन इस चुनाव में मोदी सरकार की बात हो रही है। 400 सीट का दावा राजनैतिक दावा है। हालांकि, यह दावा अ-तार्किक नहीं है क्योंकि पिछले चुनाव में भाजपा ने करीब 25 सीटें ज्यादा जीती थीं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए चुनाव के बाद सहानुभूति की लहर में कांग्रेस को 400 से अधिक सीटें मिली थीं, तब राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने थे। लेकिन, सामान्य माहौल में 400 सीटों की बात करना असहज लगता है। 10 साल लगातार केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बाद विपक्षी दलों के सामने यह अवसर था कि वे एंटी इन्कम्बेंसी बतलाकार वे अपनी स्थिति बेहतर बना सकते थे। लेकिन ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है।

**प्रश्नः चार चरण में 400 सीटों पर चुनाव के बाद क्या स्थिति स्पष्ट है?**

उत्तरः चुनाव के छह महीने पहले बुनियादी तौर पर अलग रहने वाले विपक्षी दल एक हुए। लेकिन, बनते-बनते ही इसका जो हश्र हुआ कि वो गठबंधन कहीं नहीं है। इसलिए चुनाव में इस गठबंधन को लेकर जो माहौल बनता वो नहीं बना। तीनों चुनावों को देखें तो विपक्षी गठबंधन से भाजपा को कोई नुकसान नहीं हुआ। भाजपा और कांग्रेस की सीधी चुनौती वाली 220 सीटों में से लगभग 95 प्रतिशत सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की। उन सीटों पर 2024 के चुनाव में कोई बड़ा उलटफेर होता नहीं दिखाई दे रहा है।

**प्रश्नः चुनाव के दौरान केजरीवाल का जेल जाना और बीच चुनाव में जेल से बाहर आना, यह भाजपा को लाभ पहुंचाएगा या नुकसान?**

उत्तरः केजरीवाल जिस तरह से मुद्दे उठाते हैं, उसे मैं वैकल्पिक राजनीति ही मानता हूं। सारे विपक्षी दल ऐसा कोई मुद्दा नहीं उछाल पाए जिसमें भाजपा डिफेंसिव हो जाए। लेकिन, केजरीवाल ने जेल से बाहर आते ही यह मुद्दा उछाल दिया कि नरेंद्र मोदी के 75 साल पूरे होने पर भाजपा का पीएम कौन? और भाजपा के सारे बड़े नेता डिफेंसिव हो गए और ऑन रिकॉर्ड सभी को यह बोलना पड़ा कि भाजपा के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि 75 साल बाद कौन पीएम रहेगा? यह केजरीवाल की राजनीति है। जेल से निकलने के बाद पहले ही दिन केजरीवाल के सवालों से भाजपा असहज हो गई थी जैसे कि पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं को साइड ट्रैक करने को लेकर जो प्रश्न उन्होंने उठाया था, उसका जवाब भाजपा आज तक नहीं दे सकी।



**ये भी बोले गिरिजा शंकर**

- पीएम मोदी को तानाशाह कहने का आरोप कन्वेंसिंग नहीं लगता
- सामान्य माहौल में 400 सीटों की बात करना असहज लगता है
- अरविंद केजरीवाल के सवालों से भाजपा असहज हो गई

**प्रश्नः विपक्षी दल मोदी को तानाशाह करार दे रहे हैं, इस बारे में क्या सोचते हैं?**

उत्तरः कोई भी राजनैतिक दल जब कोई नैरेटिव गढ़ता है तो उसके पीछे कारण होता है। विपक्षी दलों द्वारा तानाशाह कहने के पीछे उनके ऊपर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के छापे बताए जा रहे हैं। हालांकि, देश में ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है। आपातकाल के दौरान तो ऐसा हुआ ही है।

**प्रश्नः क्या आप मानते हैं कि विपक्षी दलों के जिन नेताओं के खिलाफ कार्रवाई हो रही है वो निर्दोष नहीं हैं?**

उत्तरः नरेंद्र मोदी के पीएम बनने से पहले ऐसा था कि प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कोई अंगुली नहीं उठाई जाएगी। पीएम मोदी के काल में उन पर हुई कार्रवाई से वे सब पहली बार असहज हुए। यह तो बिलकुल ही नहीं माना जा सकता कि जिनके खिलाफ कार्रवाई हुई है वे निर्दोष हैं। इन लोगों के यहां से जो भी चीजें बरामद हुई हैं उनको देखकर और अदालतों द्वारा दिए गए निर्णय भी यह साबित करते हैं कि ये लोग निर्दोष नहीं हैं।

**प्रश्नः भाजपा दूसरे दलों के नेताओं को इतना तवज्जो क्यों दे रही है?**

उत्तरः इस नीति से कोई अच्छा मैसेज भाजपा और उसके कार्यकर्ताओं में नहीं जा रहा होगा। इससे भाजपा को बहुत अधिक कोई राजनैतिक लाभ भी नहीं मिलने वाला। इसके पीछे का कारण विपक्ष को डेजर्ट करना है, विपक्ष की भूमि को बंजर करना है, कमजोर करना है। ताकि प्रत्याशियों को लेने में भी विपक्ष तरस जाए। भाजपा में विपक्ष को लेकर अछूतापन नहीं है।

**प्रश्नः दूसरे दलों के नेताओं के भाजपा में आने से भविष्य में भाजपा को कैसी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है?**

उत्तरः दूसरे दलों के नेताओं के भाजपा में आने से न सिर्फ भाजपा बल्कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को भी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। आरएसएस की विचारधारा के विरोधी लोग भी भाजपा में आ रहे हैं। तो भविष्य में इसका नुकसान तो भाजपा को जरूर होगा।

**प्रश्नः क्या राम मंदिर का मुद्दा इस चुनाव में दिख रहा है?**

उत्तरः 1985 में भाजपा को 2 सीटें कांग्रेस को सहानुभूति की लहर के चलते मिली। 1989 में भाजपा को 85 सीटें मिली। राम मंदिर आंदोलन 90 में आया। 91 के चुनाव में 120 सीटों पर पहुंचे। राम मंदिर पूरा हो गया है, इसलिए अब वह मुद्दा नहीं रहा।

## सोशल मीडिया

### 'सिलेंडर वाले लोग अब सरेंडर कर रहे हैं...', अखिलेश यादव



अमेठी में 'सिलेंडर' वाले लोग अब 'सरेंडर' कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेठी में मीठी चीनी के लिए कड़वा झूठ बोला गया था। कड़वे झूठ बोलने वालों ने क्या आपको 13 रुपए किलो चीनी दी है? जबसे समाजवादी पार्टी और कांग्रेस एक साथ आए हैं, उन्होंने अपनी मुंबई वाली टिकट कटवा ली है। हमारा गठबंधन एक और एक मिलकर ग्यारह हो गए हैं, इससे भाजपा वाले नौ दो ग्यारह हो जाएंगे। इन्होंने किसान, नौजवान, व्यापारी और संविधान सभी को धोखा दिया है।

### कभी खुद, कभी पत्नी को बनाते सीएम अब बेटे-बेटी को सेट करने की राजनीति



पति-पत्नी की सरकार ने बिहार को बदहाली की ओर ढकेल दिया था। पहले खुद सीएम बने फिर पत्नी को बना दिया। अब बेटे-बेटी को सेट करने में लगे हैं। सीएम ने कहा कि हमने कभी परिवार की बात नहीं की। समूचा बिहार मेरा परिवार है। उन्होंने कहा कि एक दौर था जब शाम ढलने से पहले लोग घरों में कैद हो जाते थे। 2005 में जब हमने भाजपा के सहयोग से सत्ता संभाली तो सबसे पहले विधि व्यवस्था को ठीक किया। हमारी सरकार ने पूरे प्रदेश में सड़कों, पुल-पुलिया और नालों का जाल बिछाया। बिहार का विकास कर देश में बिहारियों को सम्मान दिलाया।

## योगी आदित्यनाथ ने मात्र 49 दिन में की 111 जनसभा समेत 144 कार्यक्रम



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव-2024 के लिए पांचवें चरण का चुनाव 20 मई को है। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर चुनाव होंगे। इन सभी सीटों पर कमल खिलाने का संकल्प लिए योगी आदित्यनाथ चिलचिलाती धूप और 45 डिग्री तापमान में भी आमजन के बीच पहुंचे तो वहीं मौसम की परवाह किए बिना भी योगी आदित्यनाथ की रैलियों में जबर्दस्त भीड़ उमड़ती रही। आमजन का यह प्यार, स्नेह देख योगी आदित्यनाथ भी यूपीवासियों के विश्वास के प्रति आभारी रहे। वहीं पांचवें चरण पर निगाह दौड़ाएं तो उत्तर प्रदेश के लिहाज से यह चरण काफी महत्वपूर्ण है। उत्तर प्रदेश के अलावा स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ अब तक आठ राज्यों में भी चुनाव प्रचार कर चुके हैं। योगी आदित्यनाथ 49 दिन के भीतर लोकसभा चुनाव-2024 के लिए 144 कार्यक्रम कर चुके हैं। 27 मार्च को मथुरा से सीएम ने प्रबुद्ध सम्मेलन कर यूपी की चुनावी कमान संभाल ली थी। 27 मार्च से 18 मई तक कुल 49 दिन सीएम मैदान में उतरे। इनमें 111 जनसभा कीं। वहीं अब तक उन्होंने 15 प्रबुद्ध सम्मेलन, 12 रोड शो भी कर लिए हैं।

## इंडी गठबंधन ने तय कर लिया है पीएम कैंडिडेट का नाम, उद्धव ठाकरे का बड़ा दावा



**मुंबई।** इंडिया गठबंधन की तरफ से कौन होगा प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार? ये सवाल विपक्षी दलों से लगातार पूछे जा रहे हैं। इस बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा है कि इंडिया गठबंधन में प्रधानमंत्री पद के लिए कई संभावित उम्मीदवार हैं और गठबंधन के भीतर एक निर्णय लिया गया है। हालांकि उन्हें कहा कि इस समय इसका खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है। ठाकरे ने इस बात पर जोर दिया कि इंडिया गठबंधन का प्राथमिक उद्देश्य देश के लोकतंत्र और स्वतंत्रता की 'रक्षा' करना है। चुनाव के पांचवें चरण के प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को इंडिया गठबंधन ने मुंबई में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया।

### मोदी ने ये कहा था गठबंधन के पीएम के लिए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार अपने भाषणों में इस बात का जिक्र करते आ रहे हैं कि इंडिया गठबंधन एक विभाजित घर है, जिसमें कई नेता और नारे हैं। प्रधानमंत्री पद के लिए एक-दूसरे में होड़ सी मची है। पीएम मोदी ने मुंबई की रैली के दौरान पूछा था कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बन भी जाती है तो क्या पांच साल में पांच प्रधानमंत्री होंगे।

### ठाकरे ने मोदी पर किया पलटवार

उद्धव ठाकरे ने मोदी के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा, मोदी ने कम से कम स्वीकार किया है कि हमारे पास इस पद के लिए कई चेहरे हैं, लेकिन भाजपा के पास इस पद के लिए सोचने के लिए कोई दूसरा चेहरा नहीं है। उनके पास केवल एक ही चेहरा है जो गिनती में भी नहीं है। क्या बीजेपी एक ही चेहरा पेश करने जा रही है? पीएम ने स्वीकार कर लिया है कि हम सरकार बनाने जा रहे हैं।

# लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण की वोटिंग कल तीन केंद्रीय मंत्रियों, पूर्व मुख्यमंत्री की साख दांव पर

## राजनाथ, स्मृति, पीयूष, राहुल जैसे कई दिग्गजों के लिए होगा सियासी प्रतिष्ठा का चुनाव

ओ.पी. पाल ⏭ नई दिल्ली



देश लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीटों के लिए कल सोमवार 20 मई को को मतदान होगा। इस दौर की चुनावी जंग में 82 महिलाओं समेत 695 उम्मीदवारों की सियासी किस्मत का फैसला करने के लिए 8 करोड़ 95 लाख 67 हजार 973 मतदाता वोटिंग करेंगे। इस चरण में तीन केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री तथा करीब आधा दर्जन पूर्व मंत्रियों के अलावा कांग्रेस नेता राहुल गांधी जैसे केई दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा भी दांव पर होगी। देश में लोकसभा की 543 सीटों के लिए चल रहे इस चुनावी समर के पहले चार चरणों में आधे से भी ज्यादा 380 सीटो पर चुनाव संपन्न हो चुका है, जिसमें 529 महिलाओं और एक थर्डजेंडर समेत 5875 उम्मीदवारों का सियासी भविष्य ईवीएम में कैद हो चुका है। जबकि इनके अलावा गुजरात की सूरत सीट से एक सांसद निर्विरोध घोषित हो चुका है। कल 20 मई सोमवार को 49 लोकसभा सीटों के लिए होने वाले मतदान के लिए शनिवार की शाम चुनाव प्रचार खत्म हो चुका है। अब सोमवार को दो केंद्र शासित प्रदेशों तथा छह राज्यों की इन सीटों पर मतदान के दौरान 695 उम्मीदवारों की किस्मत के लिए मतदाता ईवीएम का बटन दबाएंगे। इस चरण में सबसे ज्यादा महाराष्ट्र की 13 सीटों के लिए 264 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जबकि लोकसभा सीट के हिसाब से देखा जाए तो महाराष्ट्री की नासिक सीट पर सबसे ज्यादा 31 प्रत्याशी तथा लद्दाख सीट पर सबसे कम तीन प्रत्याशी अपनी किस्मत आजामा रहे हैं। इस चरण में ओडिसा की पांच लोकसभा सीटों के साथ उनके दायरे में आने वाली 35 विधानसभा सीटों के लिए भी मतदान होगा।

### इन पूर्व मुख्यमंत्रियों व केंद्रीय मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर

*लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में यूपी की लखनऊ लोकसभा सीट पर देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तथा अमेठी सीट से केंद्रीय अल्पसंख्यक तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी की प्रतिष्ठा दांव पर है। वहीं महाराष्ट्र की मुंबई नॉर्थ सीट से केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, कपड़ा मंत्री के अलावा राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल पहली बार लोकसभा चुनाव में परीक्षा देंगे। वहीं इस चरण में जम्मू कश्मीर की बारामूला लोकसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुला की साख भी दांव पर होगी। इनके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्रियों में ओडिशा की सुंदरगढ सीट से जुएल ओराम, बिहार की सारण सीट से राजीव प्रताप रूडी, यूपी की फतेहपुर सीट से निरंजन ज्योति तथा झांसी से कांग्रेस के प्रदीप जैन भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।*

### इन दिग्गजों की साख की भी होगी परीक्षा

पांचवे चरण में यूपी की रायबरेली लोकसभा सीट पर कांग्रेस के दिग्गज राहुल गांधी और योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, ओडिशा की सुंदरगढ़ सीट पर पूर्व हॉकी खिलाड़ी एवं राज्यसभा सांसद दिलीप टिर्की, बिहार की हाजीपुर सीट पर लोजपा के चिराग पासवान, पश्चिम बंगाल की श्रीरामपुर सीट पर टीएमसी के कल्याण बनर्जी तथा मुंबई नॉर्थ सेंट्रल सीट पर आतंकी कसाब को फांसी दिलाने वाले अधिवक्ता उज्जवल निकम भी भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। इनके अलावा विभिन्न दलों के सांसदों व पूर्व सांसदों जैसे दिग्गजों की भी सियासी पिच पर परीक्षा होगी।

अंबाला-सोनीपत में रैली को किया संबोधित

## 'पाकिस्तान के हाथ में है भीख का कटोरा' मोदी ने पड़ोसी मुल्क पर बोला हमला

**अंबाला।** हरियाणा में पीएम मोदी आज अंबाला और सोनीपत में रैली के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अंबाला कुरुक्षेत्र और करनाल के मतदाताओं को संबोधित किय। वहीं, रतनलाल कटारिया की पहली पुण्यतिथि पर चुनावी रैली को संबोधित किया। मोदी ने पाकिस्तान पर भी हमला बोलते हुए कहा कि पाकिस्तान के हाथ में भीख का कटोरा है। पीएम मोदी ने कहा कि ये हमारी सरकार है, जो अफगानिस्तान के युद्धक्षेत्र से गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूपों को अदब के साथ स्वदेश लाई। हमारी सरकार ने ही साहिबजादों की याद में 'वीर बाल दिवस' मनाना शुरू किया है।



### कांग्रेस का इतिहास धोखा देने का रहा है

*अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि देश का पहला घोटाला कांग्रेस ने भारत की सेना में ही किया था। इस ट्रैक रिकॉर्ड को कांग्रेस जब तक सत्ता में रही, हमेशा बनाए रखा। बोफोर्स घोटाला, पनडुब्बी घोटाला, हेलीकॉप्टर घोटाला... कांग्रेसी, भारत की सेनाओं को कमजोर बनाकर रखते थे ताकि विदेश से हथियार मंगाने के नाम पर मोटी कमाई कर सकें।*

### पाकिस्तान के हाथ में बम नहीं अब भीख का कटोरा

पीएम मोदी ने कहा कि जो पाकिस्तान 70 वर्षों से भारत को परेशान कर रहा था, जिसके हाथ में बम का गोला रहता था, आज उसके हाथ में भीख का कटोरा है। जब धाकड़ सरकार होती है, तो ऐसे ही दुश्मन कांपता है। पहले के समय में आतंकवादी भारत में घुसकर लोगों को मारते थे लेकिन आज भारत पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों का मारता है।

जातिगत जनगणना का वादा

## किसानों से किया वादा, राहुल ने कहा भाजपा के 3 काले कानून के बदले देंगे 3 संजीवनी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि उनकी सरकार बनती है तो वो किसानों के लिए 3 संजीवनी लेकर आएगी। राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी के तीन काले क़ानून के बॉक्स ये तीन संजीवनी उनकी तरफ़ के किसानों के लिए वादा है और उनकी पार्टी हमेशा से किसानों के हित के लिए प्रतिबद्ध है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा है कि 'नरेंद्र मोदी ने किसानों को 3 काले कानून दिए थे, हम उनके लिए 3 संजीवनी लेकर आ रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि वो फूड सिक्योरिटी स्कीम लाई, शिक्षा का अधिकार दिया और मनरेगा शुरू किया और आगे भी हमेशा किसानों, ग़रीबों, युवाओं और वंचितों के साथ खड़ी रहेगी।



### गिनाई संजीवनी की खूबियां

*पहली संजीवनीः एमएसपी की कानूनी गारंटी। दूसरी संजीवनी : कर्ज माफी और जीएसटी मुक्त किसानी। तीसरी संजीवनी : 30 दिन के अंदर फसल बीमा की रकम का भुगतान। इन तीन संजीवनी रूपी गारंटियों के साथ-साथ हम गरीब परिवारों की महिलाओं को 1 लाख रू साल देने और युवाओं की 1 लाख की पहली नौकरी पक्की करने जा रहे हैं, जिसका सीधा लाभ भी किसान परिवारों को मिलेगा।*

### भाजपा ने कांटे बिछाए, कांग्रेस प्रगति की राह बनाएगी

*भाजपा ने किसानों पर लाठियां बरसाई, उनकी राहों में कीलें बिछाई, कांग्रेस उनके लिए प्रगति की राह बनाएगी। कर्ज से मुक्त खुशहाल किसानों के साथ, अब हाथ बदलेगा हालात'। राहुल ने कहा कि कांग्रेस लगातार ये वादा दोहरा रही है कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो वो युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय देंगे। इसी के साथ उसने जातिगत जनगणना का वादा भी किया है।*

## नेशनल कांफ्रेंस व पीपुल्स कांफ्रेस के मुकाबले को चुनौती देते पीडीपी व एआईपी के प्रत्याशी

# हॉट सीट बारामूला: अपने ही गढ़ में चुनावी चक्रव्यूह में फंसे उमर अब्दुल्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद नए परिसीमन के कारण बदले सामाजिक और राजनैतिक समीकरण के बीच केंद्र शासित प्रदेश की पांच सीटों पर हो रहे लोकसभा चुनाव में से एक नियंत्रण रेखा से सटी बारामूला लोकसभा सीट पर भी सभी की नजरें टिकीं है, जहां पांचवे चरण में 20 मई सोमवार को मतदान होगा। इस सीट पर राजग गठबंधन या भाजपा का कोई प्रत्याशी नहीं है, लेकिन विपक्षी इंडी गठबंधन में शामिल फारुख अब्दुल्ला की नेशनल कांफ्रेंस और और महबूबा मुफ्ती की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के बीच आपसी स्पर्धा के बीच पीपुल्स कांफ्रेंस के सज्जाद गनी और एआईपी के इंजीनियर राशिद ने चुनावी जंग को दिलचस्प मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है। यहां से इस बार नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला खुद चुनावी मैदान में है। राजनीतिज्ञों की माने तो इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है, लेकिन तिहाड़ जेल में बंद इंजीनियर रशीद के चुनावी जंग में आने से बने चक्रव्यूह में उमर अब्दुल्ला की राह मुश्किल नजर आ रही है। पाकिस्तान सीमा के नजदीक अलगाववाद और आतंक का गढ़ रही बारामूला लोकसभा सीट पर नए परिसीमन के बाद बदले समीकरणों के बीच चुनाव मैदान में उतरे राजनीतिक दलों के मुद्दे और सुर भी बदले हैं। भले ही ज्यादातर सियासी दलों के मुद्दों में धारा 370 की बहाली या आजादी अथवा स्वायत्तता या फिर स्वशासन हो, लेकिन जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद इतिहास बन चुके ऐसे मुद्दों के विपरीत बदले सामाजिक और राजनैतिक परिदृश्य के बीच यहां के लोगों के सामने शांति बहाली और विकास पहला सरोकार बनता नजर आ रहा है।



### ऐसे बदला लोकसभा क्षेत्र

*जम्मू कश्मीर में वर्ष 2022 में परिसीमन के बाद कुपवाड़ा, बारामूला, बांदीपोरा और बडगाम जिलों को मिलाकर बारामूला लोकसभा क्षेत्र का गठन किया गया, जिसमें अब 18 विधानसभा सीटें शामिल हो गई हैं। इसमें कुपवाड़ा जिले की करनाह, बेहगाम, कुपवाड़ा, लोलाब, हंदवाड़ा, और लंगेट, बारामूला जिले की सोपोर, रफियाबाद, उरी, बारामूला, गुलमर्ग, वागुरा-क्रीरी व पट्टन, बांदीपुरा जिले की सोनावरी, बांदीपुरा और गुरेज(सु) तथा बडगाम जिले की बडगाम व बीरवाह विधानसभा सीटें शामिल हैं।*

### ये हैं प्रमुख प्रत्याशी

*जम्मू कश्मीर के उत्तरी भाग की मुस्लिम बाहुल्य बारामूला लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस के उमर अब्दुल्ला के अलावा जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस से सजाद गनी लोन, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के मीर मोहम्मद फैयाज और आवामी इतिहाद पार्टी (एआईपी) के जेल में बंद इंजीनियर राशिद यानी अब्दुल राशिद शेख चुनावी जंग में हैं। वहीं नेशनल यूथ पार्टी, राष्ट्रीय जनक्रांति पार्टी, नेशनल पीपुल्स फ्रंट, नेशनल पैंथर पार्टी और नेशनल लोकतांत्रिक पार्टी ने भी अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे हैं।*

### क्या है इस सीट का सियासी सफर

*जम्मू कश्मीर में 1967 में अस्तित्व में आई बारामूला लोकसभा सीट पर अभी हुए 15 लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा 10 बार जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस(नेकां) के प्रत्याशी जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं। पहले तीन चुनाव में यहां कांग्रेस ने जीत दर्ज की, तो उसके बाद नेशनल कांफ्रेस ने यहां 1977 से 1989 तक हुए चुनाव में पांच बार लगातार नेशनल कांफ्रेंस ने जीत दर्ज की, जिसमें तीन बार यहां से सैफुद्दीन सोज सांसद रहे। 1996 के चुनाव में फिर यहां गुलाम रसूल ने कांग्रेस को जीत दिलाकर वापसी की, जहां उस चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस चुनाव मैदान में नहीं थी। लेकिन उसके बाद फिर नेकां के सैफुद्दीन सोज ने कांग्रेस को ऐसा बेदखल किया कि अब तक कांग्रेस यहां जीत का स्वाद नहीं चख पाई। इसके बाद नेशनल कांफ्रेंस के प्रत्याशियो ने 2009 तक लगातार अपना परचम लहराया, लेकिन 2014 के चुनाव में यहां पहली बार पीडीपी के मुजफ्फर हुसैन बेग ने जीत दर्ज की, लेकिन साल 2019 के चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस के मोहम्मद अकबर लोन ने चुनाव जीतकर साबित कर दिया कि यह नेशनल कांफ्रेंस का सियासी गढ़ है।*

रायपुर, रविवार 19 मई 2024 | बैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी | वर्ष : 22, अंक : 301 | पृष्ठ : 12+6+4 = 22, मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

**छत्तीसगढ़ के ढाई सौ छात्र मौजूद, कुछ ने हरिभूमि से साझा किए हालात**



**विदेशी होने की वजह से हमले की आशंका इसलिए कर रहे ऑनलाइन पढ़ाई**

**मारपीट के बाद भड़की हिंसा में पाकिस्तानी छात्रों की मौत, भारत की एडवायजरी**

# किर्गिस्तान की हिंसा में छत्तीसगढ़िया छात्र भी फंसे

## हरिभूमि से कहा- हमारा कालेज जाना बंद, हॉस्टलों से पढ़ाई

विकास शर्मा ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

मारपीट के बाद भड़की हिंसा और पाकिस्तान के छात्रों की मौत के बाद चिकित्सा की पढ़ाई करने किर्गिस्तान गए छत्तीसगढ़ के छात्र भयभीत हैं। सौभाग्य से उन पर हमले तो नहीं हुए हैं, मगर विदेशी होने की वजह से उन पर भी हमले की आशंका है। वे कालेज जाना बंद कर चुके हैं और हास्टल से ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे हैं।

किर्गिस्तान के बिश्केक में मौजूद अंबिकापुर और मध्यप्रदेश के छात्र साकेत साहू, अंशुल तिवारी, ज्ञानेन्द्र तथा मध्यप्रदेश के देवेश ठाकुर ने हरिभूमि से वहां के हालात के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पहले आपसी विवाद पर स्थानीय छात्रों और अरब के छात्रों के बीच मारपीट हो गई थी। इसके बाद स्थानीय लोग विदेशी नजर आने वालों पर लगातार हमले कर रहे हैं। लाठी, डंडे और अन्य हथियार से लैस भीड़ के हमले से पाकिस्तान के कुछ छात्रों ▶▶|शेष पेज 4 पर

### डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने फोन पर की चर्चा



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किर्गिस्तान में हुई हिंसा के बीच चिकित्सा की पढ़ाई करने गए छत्तीसगढ़ के छात्रों से फोन पर चर्चा की। छात्र रायपुर का रहने वाला वाला था, शर्मा ने उनकी कुशलता जानने के बाद किसी भी तरह की आवश्यकता होने पर तत्काल उनके मोबाइल पर संपर्क करने के लिए कहा। छात्रों ने बताया कि अभी भारतीय छात्रों पर हमले नहीं हुए हैं, मगर हिंसात्मक घटनाओं को लेकर उनमें दहशत है।

### यूडीएफए ने लिखा सीएम को पत्र



इस घटना और चिकित्सा छात्रों की सुरक्षा को लेकर चिंतित यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र प्रेषित कर हस्तक्षेप की मांग की है। यूडीएफए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह ने कहा कि हमले में कई बुरी तरह घायल हैं और छत्तीसगढ़ के छात्रों पर भी हमले की आशंका है, इसलिए विदेश मंत्रालय में संपर्क कर उनकी सुरक्षा के लिए उपाय करने का निवेदन किया है।



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 स्कोर बोर्ड

बेंगलुरु 218/5 Vs चेन्नई 191/7

27 रन से जीती आरसीबी

54 रन, 2 कैच : फॉफ डु प्लेसी
प्लेयर ऑफ द मैच

**आज का मैच**

हैदराबाद Vs पंजाब
समय : दोपहर 3.30 बजे

कोलकाता Vs राजस्थान
समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### मुठभेड़ में मारा गया एक लाख का ईनामी नक्सली



**कोंटा।** कोंटा ब्लॉक के पोलमपल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें एक लाख का इनामी नक्सली मारा गया। घटना स्थल पर नक्सली का शव, हथियार और भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया है।

### बेंगलुरु जा रहे विमान को तिरुचिरापल्ली में उतारा



**तिरुचिरापल्ली।** केरल के तिरुवनंतपुरम से बेंगलुरु जा रहे एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान को तकनीकी खराबी आने के कारण आपात स्थिति में यहां उतारा गया। विमान में लगभग 137 यात्री सवार थे। विमान में उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आई, जिसके बाद इसे सुरक्षित रूप से यहां उतार लिया गया।

### तेलुगु अभिनेता चंद्रकांत ने की 'आत्महत्या'



**हैदराबाद।** तेलुगु टेलीविजन धारावाहिक अभिनेता चंद्रकांत ने यहां एक फ्लैट में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। कुछ दिन पहले उनकी साथी कलाकार पवित्रा जयराम की हाल में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। वह (चंद्रकांत) पवित्रा के साथ एक फ्लैट में साथ रह रहे थे।

### बैंकिंग उद्योग के दिग्गज एन वाघुल का निधन



**मुंबई।** दिग्गज बैंकर एन वाघुल का स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण शनिवार दोपहर को निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। वाघुल ने बैंकिंग उद्योग में कई शीर्ष पदों पर काम किया। उन्हें आईसीआईसीआई को एक सार्वजनिक वित्त संस्थान से एक निजी क्षेत्र के बैंक में बदलने का श्रेय दिया जाता है।

### सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमला, पांच दिन की पुलिस कस्टडी में आरोपी

# दरके 'केजरी' वाल, घर से पुलिस ने पीए को किया गिरफ्तार, जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बिभव कुमार को दिल्ली पुलिस की एक टीम ने दोपहर में मुख्यमंत्री आवास से हिरासत में लिया। एक दिन पहले, मालीवाल ने तीस हजारी अदालत में मजिस्ट्रेट के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया था। मालीवाल ने आरोप लगाया है कि 13 मई को जब वह मुख्यमंत्री से मिलने गयी थीं तब उनके सहयोगी कुमार ने उनपर पूरी ताकत से प्रहार किया, उन्हें थप्पड़ मारा तथा छाती एवं पेट पर लात से मारा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुमार को शनिवार को मुख्यमंत्री आवास से गिरफ्तार किया गया, जहां वह सुबह केजरीवाल से मिलने गये थे। उन्होंने कहा, उन्हें एक अदालत में पेश किया जाएगा तथा पुलिस उनसे और पूछताछ करने के लिए उन्हें हिरासत में देने का आग्रह करेगी।

पुलिस ने कहा है कि उसने मुख्यमंत्री आवास के सुरक्षाकर्मियों एवं अन्य कर्मियों समेत कम से कम 10 लोगों के बयान दर्ज किये हैं जो 13 मई को कथित हमले के वक्त मौके पर मौजूद थे। गिरफ्तारी से पहले दिन में, कुमार ने पुलिस को पत्र लिखकर कहा था कि वह जांच में सहयोग करने को तैयार हैं लेकिन उसे (पुलिस को) मालीवाल के खिलाफ उनकी शिकायत पर भी गौर करना चाहिए। शुक्रवार को कुमार ने ▶▶|शेष पेज 4 पर

### आप का दावा - मालीवाल को भाजपा ने किया 'ब्लैकमेल'

*दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को आप की सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के सिलसिले में शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश किया, कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी। उन्हें पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। 'आप' ने दावा किया कि उन्हें भाजपा ने 'ब्लैकमेल' किया है क्योंकि वह भ्रष्टाचार के एक मामले का सामना कर रही हैं। इस बीच, केजरीवाल ने शनिवार को प्रेस कान्फ्रेंस कर कहा, कल मैं 12 बजे अपने सभी नेताओं के साथ बीजेपी के मुख्यालय आ रहा हूं। आपको जिसको गिरफ्तार करना हो कर लीजिए।*

### मालीवाल का वीडियो वायरल

इस बीच, घटना के दिन का मालीवाल का एक और कथित वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एक महिला सुरक्षाकर्मी मालीवाल को हाथ पकड़कर केजरीवाल के आवास से बाहर ले जाती हुई दिखाई दे रही है, लेकिन जैसे ही वे मुख्य द्वार से बाहर निकलती हैं, मालीवाल अपना हाथ छुड़ा लेती हैं। इस बीच, भाजपा ने आप नेताओं पर 'काट-छांट' किया हुआ वीडियो सोशल मीडिया पर जारी कर मालीवाल की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया।



**बाएं पैर और दाईं आंख के नीचे चोट**

एम्स में शुक्रवार को मालीवाल की चिकित्सकीय जांच की गई। 'मेडिको-लीगल सर्टिफिकेट' के अनुसार, मालीवाल के बाएं पैर के पिछले हिस्से में लगभग तीन गुना दो सेंटीमीटर आकार के और दाईं आंख के नीचे गाल पर लगभग दो गुना दो सेंटीमीटर आकार के चोट के निशान हैं।

### केजरीवाल बोले- आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ गए



अरविंद केजरीवाल ने कहा, आप देख रहे हैं कि किस तरह ये लोग आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ गए हैं। एक के बाद एक ये हमारे नेताओं को जेल में डालते जा रहे हैं। इन्होंने मुझे जेल में डाल दिया। मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया, सत्येंद्र जैन को जेल में डाल दिया, संजय सिंह को जेल में डाल दिया, आज मेरे पीए को जेल में डाल दिया। अब ये कह रहे हैं कि राघव चड्ढा को भी जेल में डालेंगे जो अभी-अभी लंदन से लौटे हैं। थोड़े दिनों में कह रहे हैं कि सौरभ भारद्वाज को भी जेल में डालेंगे। आतिशी को भी जेल में डालेंगे।

## प्लेऑफ टीमें तय शीर्ष पर कोलकाता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में जगह बनाने वाली चौथी टीम बनी। 68 लीग मैचों के बाद प्लेऑफ टीमें तय हो सकी हैं। अंतिम चार टीमों में शीर्ष पर कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम है। आरसीबी ने लीग स्टेज में लगातार अंतिम 6 मैच जीते हैं।

**68** लीग मैच पूर्ण

**02** लीग मैच बाकी

**06** मैच टूर्नामेंट में बाकी

**26** को फाइनल

### चेन्नई आईपीएल से बाहर

पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी। सीएसके की टीम बेंगलुरु के खिलाफ 27 रन की हार के साथ अपने अभियान का समापन कर आईपीएल से बाहर हो गई। टीम अंक तालिका में 14 मैचों में 7 जीत और 7 हार के साथ 14 अंक लेकर पांचवे स्स्थान पर रही।

### बेंगलुरु की 'सिक्सर'

आरसीबी ने पांच विकेट पर 218 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। फिर उसके गेंदबाजों ने सीएसके को 20 ओवर में सात विकेट पर 191 रन पर रोक दिया और लगातार छठी जीत से प्लेऑफ का टिकट कटाया।

**खौफनाक वारदात, आरोपी ने कर ली खुदकुशी**

# एक ही परिवार के पांच सदस्यों को हथौड़ा-टंगिया से मार डाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगढ़/बलौदाबाजार/गिधौरी

सारंगढ़ जिले के सलिहा थाना क्षेत्र के थरगांव में एक ही परिवार के पांच लोगों की हथौड़ा और टंगिया से वार कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने खुद को फांसी के फंदे से लटका लिया। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार सारंगढ़ जिला मुख्यालय से करीब 37 किलोमीटर दूर स्थित सलिहा थाना क्षेत्र के ग्राम थरगांव (चादंन) में एक ही परिवार के 5 लोगों की एक आरोपी ने हत्या कर दी। ▶▶|शेष पेज 4 पर

**सलिहा थाना के थरगांव का है मामला, इलाके में हड़कंप**



### पूरे गांव में दहशत

एक साथ पांच लोगों की निर्मम हत्या की खबर आग की भांति पूरे गांव में फैल गई और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई है। साथ ही साथ पूरे गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। साथ ही साथ के कारणों का अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं।

### प्रेम प्रसंग की चर्चा

गांव में चर्चा है कि आरोपी युवक पड़ोस की जिस लड़की से प्रेम करता था, उसका विवाह अन्यत्र तय हो गया था। इससे कुपित होकर उसने अपनी प्रेमिका समेत पूरे परिवार की नृशंस हत्या कर खुद फांसी लगा ली।

### जांच के बाद होगा खुलासा

घटना के संबंध में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा ने बताया कि इस जघन्य हत्या का कारण अभी तक पता नही चला है जिसके लिए फारेंसिक टीम को बुलाया गया है और मृतकों के सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भी भेजा गया है। घटना के जांच के बाद ही हत्या के कारणों का पता चल सकेगा।

# अनंतनाग में दंपति को मारी गोली शोपियां में भाजपा नेता की हत्या

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू कश्मीर के अनंतनाग और शोपियां में दो अलग-अलग फायरिंग की घटना सामने आई है। शोपियां के हीरपोरा इलाके में आतंकियों ने भाजपा नेता और पूर्व सरपंच एजाज अहमद पर फायरिंग की थी। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया था, जहां बताया जा रहा है कि उनकी मौत हो गई। वहीं अनंतनाग के पहलगाम इलाके में राजस्थान के एक कपल को गोली मारी गई है। दोनों का इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि आतंकियों ने पहलगाम में एक टूरिस्ट कैंप को निशाना बनाया था। यहां जयपुर के एक कपल फरहा और तबरेज को गोली लगी है। दोनों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

**जम्मू-कश्मीर में दो आतंकी हमले**



### पूर्व सरपंच को मार डाला

घटना की जानकारी मिलते ही सुरक्षा बलों की टीम इलाके में पहुंची। गोलीबारी के बाद इलाके की घेराबंदी की गई है। सर्च अभियान जारी है। शोपियां के हीरपोरा इलाके में हुई फायरिंग में भाजपा नेता एजाज अहमद बुरी तरह घायल हो गए थे। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में एडमिट कराया गया था, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

# चलती पर्यटक बस में आग जिंदा जल गए नौ श्रद्धालु

एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम

हरियाणा में नूंह जिले के धुलावट गांव के निकट शनिवार तड़के एक चलती पर्यटक बस में आग लगने से पांच महिलाओं और 12 वर्षीय एक बच्ची समेत 9 लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर हुई।

पुलिस ने बताया कि बस में लगभग 60 लोग सवार थे और सभी पंजाब के होशियारपुर और लुधियाना के रहने वाले थे। ये लोग मथुरा-वृंदावन से लौट रहे थे।



### बस चालक ने नहीं सुनी आवाज

स्थानीय निवासी वसीम ने बताया कि आग लगने की सूचना के बाद कुछ लोगों ने चालक को आवाज देकर बस रोकने के लिए कहा लेकिन वह बस चलाता रहा। उन्होंने कहा कि उन्होंने मोटरसाइकिल से बस का पीछा भी किया लेकिन तब तक आग बस के अंदर फैल चुकी थी। स्थानीय लोगों ने पुलिस और अग्निशमन विभाग को भी सूचना दी।

### पिछले 4 महीने में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए 100 से ज्यादा नक्सली

**गिरफ्तार महिला नक्सली के सनसनीखेज खुलासे ने खोली नक्सलियों के प्रोपेगैंडा की पोल**

# पुलिस के हमले के वक्त सिविल ड्रेस में थी और गांव में ही छिपाकर रखी थी एके-47

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

नक्सलियों द्वारा फर्जी मुठभेड़ के प्रोपेगेंडा पर लगातार खुलासे हो रहे हैं। पुलिस द्वारा गिरफ्तार की गई महिला नक्सली सरिता ककेम ने खुलासा किया है कि वो सिविल कपड़ों में रहकर नक्सलियों के लिए काम करती थी। सरिता ने बताया कि वह बीजापुर जिले के भैरमगढ़ के ग्राम तड़केल की रहने वाली है। वह 2007 में दलम में ▶▶|शेष पेज 4 पर

### नक्सलियों ने फैलाई अफवाह

नक्सलियों द्वारा अफवाह फैलाई गई कि पुलिस ने तेंदूपत्ता तोड़ने के दौरान ग्रामीणों पर गोली चलाई। सच्चाई ये है कि मुठभेड़ स्थल से तेंदूपत्ता तोड़ाई की जगह करीब 20 किलोमीटर दूर है। लगातार मुठभेड़ में मारे जाने से नक्सलियों के हौसले पस्त हुए हैं। यही वजह है कि हर मुठभेड़ में प्रोपेगैंडा फैलाते हैं।



### सदस्यों को देते हैं हैंडबुक

नक्सली बाकायाद अपने सदस्यों को हैंडबुक देकर रखते हैं, जिसमें वे सारे मैन्युअल लिखे रहते हैं। इसे उन्हें फॉलो करना होता है। हैंडबुक में ये निर्देश रहता है कि पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने पर अंदर की कुछ भी बात नहीं बताना है साथ ही जनमिलिशिया दल, एलजीएस, प्लाटून व कंपनी के बताने पर उनके साथ मिलकर हमला करने जाना चाहिए। गिरफ्तार महिला नक्सली के खुलासे से साफ है कि नक्सली साजिश के तहत कुछ सदस्यों को सिविल ड्रेस में रखते हैं ताकि पुलिस को चकमा दिया जा सके और गिरफ्तारी के वक्त आरोप लगा सकें।

**इस सप्ताह कई अहम राजनीतिक व कूटनीतिक घटनाएं हुई हैं। चौथे चरण के चुनाव में जहां मतदान प्रतिशत बढ़ा है, यह बढ़ोतरी आगे शेष चरणों में भी देखने को मिल सकती है। आप के मुखिया दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार की सशर्त अनुमति अदालत से मिली तो उन्होंने 75 प्लस का मुद्दा उठाकर भाजपा को सफाई देने के लिए मजबूर कर दिया, लेकिन स्वाति मालीवाल पिटाईकांड के बाद से वे सवालों के घेरे में हैं। शेष तीन चरण के लिए जहां भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है, पीएम नरेन्द्र मोदी ताबड़तोड़ रैली कर रहे हैं, वे फिर अयोध्या गए हैं। भाजपा पूरी क्षमता से जुटी हुई है तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली तक सिमटते दिख रहे हैं, पर्चा भरने के एक सप्ताह के दरम्यान राहुल ने केवल एक रैली ओडिशा में की। राज्यों में कांग्रेस के प्रचार में राहुल सरीखे बड़े नेता नदारद हैं, सपा मुखिया अखिलेश यूपी तक सीमित हैं। आप केवल 19 सीटों पर लड़ रही है, महाराष्ट्र में शरद पवार, उद्धव व कांग्रेस नेता मोमेंटम नहीं बना पा रहे हैं, इसके उलट भाजपा शिद्दत से चुनाव प्रचार कर रही है, भाजपा के दिग्गज नेता शेष चरण के सभी राज्यों में अपने उम्मीदवार के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इस बीच ईरान के साथ चाबहार पोर्ट समझौते ने भारत के लिए मध्य एशिया से यूरोप तक के ट्रेड द्वार खोल दिए हैं। चाबहार डील पर अमेरिका की धमकी को गंभीरता से लेते हुए भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। अमेरिकी धमकी को दरकिनार किया है। शेष तीन चरण के चुनाव अभियान का आंकलन व चाबहार डील से फायदे का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# शेष समर में भाजपा ने झोंकी ताकत



**विश्लेषण**
अवधेश कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

**निश्चय ही शेष तीन चरणों में रायबरेली, अमेठी और वाराणसी सर्वाधिक चर्चा में रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी पहले भी रैलियां कर रहे थे, लेकिन पिछले 10 दिनों में जितना उन्होंने परिश्रम किया है वह सब रोड शो, रैलियां, कार्यकर्ताओं के साथ संवाद और टीवी इंटरव्यू में लगातार दिख रहे हैं। निश्चय ही इसका असर है और विपक्ष के नेताओं के लिए इसके समानांतर उसी रूप में संपूर्ण देश या अपने राज्यों में मतदाताओं को आकर्षित करना कठिन चुनौती है। अगर राहुल गांधी पहले की तरह सक्रिय नहीं दिखते और रायबरेली या कुछ क्षेत्रों तक सीमित रहते हैं तथा केजरीवाल को जगह-जगह स्वाति मालीवाल के प्रश्नों पर झेंपना पड़ता है तो इसका असर चुनाव में नहीं होगा ऐसा कौन कह सकता है।**

चुनाव आयोग की यह सूचना निश्चय ही उत्साहित करने वाली है कि 13 मई को हुए चौथे चरण के मतदान में मतदान करने वालों की संख्या 2019 के मुकाबले ज्यादा रही। इस चरण में मतदान 69.56 प्रतिशत हुआ जो 2019 के संसदीय चुनाव में इसी चरण की तुलना में 3.65 फीसदी अधिक है। इससे पहले के तीन चरणों में कम मतदान का कई प्रकार से विश्लेषण किया जाने लगा था। तीसरे चरण में मतदान का आंकड़ा 65.68 प्रतिशत रहा जबकि 2019 में यह आंकड़ा 68.4 फीसदी था। 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 66.71 फीसदी मतदान हुआ जबकि 2019 में 69.64 प्रतिशत मतदान हुआ था। पहले चरण में 66.5 प्रतिशत मतदान हुआ जो 2019 के 69.43 फीसदी से कम था। हालांकि अभी चार चरणों के मतदान को मिला दें तो यह 2019 से करीब 2.5 फीसदी के आसपास कम होगा। उम्मीद करनी चाहिए कि आने वाले तीन चरणों में जहां 163 सीटों पर मतदान होना है, आंकड़ा और बढ़ेगा। अगर आंकड़ा नहीं भी बढ़ा तो राष्ट्रीय स्तर पर मतदान में इतनी कमी को ज्यादा चिंताजनक गिरावट के रूप में नहीं देखा जाएगा।

## उदाहरण स्थापित किया

अभी इसमें पड़ने की आवश्यकता नहीं है कि मतदान करने वालों में भारतीय जनता पार्टी और राजग के मतदाता अधिक निकल रहे हैं या विरोधियों के। इस चुनाव ने फिर एक बार साबित किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं अपने व्यवहार से कार्यकर्ताओं, समर्थकों के लिए उदाहरण स्थापित करते हैं और राजनीति एवं चुनाव के एजेंडा भी सेट करते हैं। हालांकि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई एक जून तक की सशर्त्त जमानत को आईएनडीआई गठबंधन के लिए बड़ी घटना के रूप में प्रचारित किया गया। उन्होंने अपने चरित्र के अनुरूप निकलने के साथ ही ऐसे बयान देना शुरू किया जो अभी तक आईएनडीआईए के एजेंडे में नहीं था। उदाहरण के लिए भाजपा में 75 वर्ष की उम्र में रिटायरमेंट का मुद्दा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही अपनी पार्टी में पदों के लिए 75 वर्ष की उम्र सीमा बनाई थी जिसके कारण अनेक लोगों को चुनावी राजनीति से बाहर होना पड़ा तो वह अपने पर भी इसे लागू करेंगे। चूंकि वे 17 सितंबर, 2025 को 75 वर्ष के हो रहे हैं, इसलिए रिटायरमेंट ले लेंगे। रिटायरमेंट लेंगे तो अपने करीबी अमित शाह को ही प्रधानमंत्री बनाएंगे। उन्होंने यह भी कह दिया कि वह योगी आदित्यनाथ को उनके पद से हटा देंगे। इस पर आगे चर्चा करेंगे। दो दौर में मतदान प्रतिशत की गिरावट के बाद जो संकेत सामने आया उसके बाद प्रधानमंत्री ने ऐसा लगा जैसे नए सिरे से करवट ली हो और चुनाव प्रचार शुरू किया हो। वे अयोध्या गए ,योगी आदित्यनाथ के साथ रामलला के दर्शन किए, रोड शो किए और वहां से संदेश दिया



कि चुनाव भाजपा के नियंत्रण में है। उसके बाद से चाहे वाराणसी में चौथे चरण के चुनाव के दिन नामांकन दाखिल करना हो या अन्य कार्यक्रम वे लगातार देश के सामने रहे। वाराणसी में कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए पूरे देश के भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को संदेश दिया कि मतदान बढ़ाना आपकी भूमिका है, इसके लिए उन्होंने जिस तरह के भावनात्मक शब्दों का इस्तेमाल किया उससे कार्यकर्ता प्रेरित हुए होंगे। समाचार आ रहा था कि भाजपा के कार्यकर्ताओं-नेताओं का एक वर्ग स्थानीय स्तर पर उदासीन है। इसे ही कहते हैं नेतृत्व, जो किसी भी परिस्थिति में लोगों को प्रेरित करने के लिए जान लगा दे। प्रधानमंत्री ने यही दिखाया। उसके साथ उन्होंने दोबारा सभी टेलीविजन चैनलों को इंटरव्यू दिया। आप देखेंगे कि प्रधानमंत्री जहां भी थे वहीं से उन्होंने इंटरव्यू दिया और पूरी बातचीत की।

## भ्रम और विरोध पैदा करना

इन सबमें नए सिरे से चुनाव का एजेंडा तथा जीतने के विश्वास के साथ भावी सरकार की कार्य योजनाओं का विवरण था। इसके समानांतर राहुल गांधी लगभग दृश्य से एक सप्ताह के आसपास लगभग ओझल रहे। रायबरेली से नामांकन के बाद वहीं दिखे और उसके बाद लगभग 10 दिन बाद ओडिशा की रैली में सामने आए। अभी तक उन्होंने टीवी चैनलों को चुनाव में एक साक्षात्कार नहीं दिया है। अरविंद केजरीवाल की ओर लौटें तो कहने की आवश्यकता नहीं कि 75 वर्ष में रिटायरमेंट एक शिगूफा था। उन्हें भी पता है कि ऐसा होने वाला नहीं है। भाजपा में 2014 से कुछ समय तक 75 वर्ष की उम्र सीमा का अघोषित बंधन दिखाई पड़ता था। आगे ऐसा बंधन नहीं रहा। वीएस येदियुरप्पा को कर्नाटक का मुख्यमंत्री बनाया गया तो ई श्रीधरन को केरल के मुख्यमंत्री के उम्मीदवार के रूप में पेश किया गया। संसदीय बोर्ड एवं चुनाव समिति में ऐसे सदस्य हैं जो इस उम्र सीमा के बंधन से आगे निकल चुके हैं। केजरीवाल ने सोचा कि भाजपा के अंदर यह प्रश्न उठेगा और समर्थक भी सोचेंगे कि भाई मोदी जी अगर रिटायर ही हो जाएंगे तो हम उनके नाम पर वोट क्यों दें? योगी आदित्यनाथ के समर्थकों की भाजपा और संगठन परिवार में सबसे बहुत बड़ी संख्या है। यानी भाजपा के समर्थकों को पहले मोदी के नाम पर और योगी समर्थकों को उनके नाम पर भ्रम और विरोध पैदा करना।

## आम मतदाताओं तक संदेश

वैसे शेष बचे 163 सीटों में आम आदमी पार्टी केवल 22 पर लड़ रही है। मुख्यतः दिल्ली एवं पंजाब तक सीमित है। गुजरात में कांग्रेस ने उसे एक सीट दी है। इसमें उनके बयान या उनकी यात्राएं दूसरी पार्टी को बहुत लाभ पहुंचाएंगे ऐसा मानने का कोई कारण नहीं है। मुख्यमंत्री आवास पर अरविंद केजरीवाल के सहायक द्वारा राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल की पिटाई सबसे बड़ा राजनीतिक बवंडर का विषय है, जिनका जवाब उनके लिए देना कठिन हो गया। दिल्ली के बाहर उन्होंने पहली यात्रा लखनऊ की। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ पत्रकार वार्ता में जब यह प्रश्न उठा तो माइक अपने साथी राज्यसभा सांसद संजय सिंह की ओर खिसकाना पड़ा। अखिलेश यादव ने यह कहकर कि इससे अलावा भी मुद्दे हैं, वास्तव में ऐसा रक्षात्मक रूप अपनाया जिसके विरुद्ध क्षोभ और गुस्सा पैदा हुआ होगा। संदेश जा रहा है कि महिला से हिंसा और दुर्व्यवहार की निंदा करने से वह बच रहा है। स्वाति मालीवाल की घटना ने आईएनडीआईए के नेताओं को संदेशखाली के बाद दूसरी बार ऐसी स्थिति में ला दिया है जहां सच जानते हुए भी स्टैंड नहीं ले रहे हैं। इसका संदेश आम मतदाताओं तक जा रहा है।

## शेष चरण महत्वपूर्ण

शेष बचे मतदान में कांग्रेस का महाराष्ट्र, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों के अलावा बहुत ज्यादा दांव पर नहीं है। उत्तर प्रदेश के रायबरेली से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं, पूरी पार्टी वहां लगी है, लेकिन प्रदेश में सपा मुख्य ताकत है और कांग्रेस को केवल 17 सीटें लड़ने के लिए मिली हैं। बिहार में पार्टी लालू प्रसाद यादव के राजद के सहारे हैं और ओडिशा में इसकी कोई ताकत नहीं। दिल्ली में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के बाद दूसरी ताकत होना स्वीकार किया। पंजाब में आम आदमी पार्टी से भी इसे टकराना पड़ेगा और हरियाणा में पार्टी कलह और गुटबंदी का शिकार है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस का कोई वरिष्ठ नेता चुनाव प्रचार करने नहीं गया। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी के प्रचार में केवल शशि थरूर गए। राहुल गांधी ने वहां झांकना तक जरूरी नहीं समझा। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक हरियाणा और पंजाब के पार्टी नेतृत्व की भी यही शिकायत थी कि केंद्रीय नेता अभी तक रैली करने नहीं आए। भाजपा के लिए शेष चरण निश्चय ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि इनमें 70 प्रतिशत से ज्यादा सीटें पिछले चुनाव में उसे मिली थी। भाजपा हर चुनाव में पूरी ताकत लगाती है और रायबरेली में फिर राहुल की घेराबंदी की कोशिश है। रायबरेली में स्थानीय नेताओं के बीच एकजुटता न देख केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह स्वयं सपा और भाजपा में आए विधायक मनोज पांडे के घर गए और उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह के साथ मिलकर काम करने का वायुमंडल बनाया। पिछले चुनाव में भाजपा अपनी रणनीति से अमेठी से राहुल गांधी को पराजित कर चुकी है। राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के इन दोनों स्थानों से लड़ने के अनिच्छुक थे इसका प्रमाण अंतिम समय तक दोनों स्थानों के लिए उम्मीदवारी की घोषणा नहीं होना था। उनका नाम नामांकन के कुछ समय पहले घोषित किया गया। स्वयं प्रधानमंत्री ने इसे मुद्दा बनाया है। निश्चय ही शेष तीन चरणों में रायबरेली, अमेठी और वाराणसी सर्वाधिक चर्चा में रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी पहले भी रैलियां कर रहे थे, लेकिन पिछले 10 दिनों में जितना उन्होंने परिश्रम किया है वह सब रोड शो, रैलियां, कार्यकर्ताओं के साथ संवाद और टीवी इंटरव्यू में लगातार दिख रहे हैं। निश्चय ही इसका असर है और विपक्ष के नेताओं के लिए इसके समानांतर उसी रूप में संपूर्ण देश या अपने राज्यों में मतदाताओं को आकर्षित करना कठिन चुनौती है। अगर राहुल गांधी पहले की तरह सक्रिय नहीं दिखते और रायबरेली या कुछ क्षेत्रों तक सीमित रहते हैं तथा अरविंद केजरीवाल को जगह-जगह स्वाति मालीवाल के प्रश्नों पर झेंपना पड़ता है तो इसका असर चुनाव में नहीं होगा ऐसा कौन कह सकता है। बचे चरणों में भाजपा-कांग्रेस की साख दांव पर है।

# कूटनीति: जो न रुके, न झुके, वो है भारत



**चाबहार समझौता**
प्रभात कुमार राय
विदेश मामलों के जानकार

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए जितना आवश्यक रहा है थल और हवाई मार्ग और उतना ही आवश्यक रहा है जल मार्ग। जल मार्ग की महत्ता को मद्देनजर रखते हुए भारत सरकार ने सोमवार 13 मई को ईरान के चाबहार में स्थित शाहिद बेहस्ती बंदरगाह के संचालन के लिए 10 वर्षीय समझौता अंजाम दिया है। शाहिद बेहस्ती बंदरगाह वस्तुतः ईरान का दूसरा सबसे बड़ा और अहम बंदरगाह है। 10 वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद इस समझौते का फिर से नवीनीकरण किया जाएगा। भारत के जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने देश में जारी आम चुनाव के बीच ईरान पहुंचकर अपने समकक्ष के साथ इस समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। यह समझौता भारत के लिए कितना अहम है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि भारत ने आम चुनाव के खत्म होने व नई सरकार बनने का इंतजार नहीं किया। चाबहार बंदरगाह समझौता के संपन्न हो जाने के बाद अमेरिका ने भारत को धमकी भरे अंदाज में कहा है कि भारत को ईरान के साथ संपन्न हुए समझौते के कारण अमेरिका द्वारा आयाद आर्थिक प्रतिबंधों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। अमेरिका कदापि नहीं चाहता कि भारत वस्तुतः ईरान के साथ किसी तरह का कोई भी व्यापारिक संबंध स्थापित करे।

## कूटनीतिक प्रभाव

उल्लेखनीय है कि ईरान पर अमेरिका द्वारा कड़े आर्थिक प्रतिबंध आयाद किए गए थे। तभी से भारत ने ईरान से कच्चे तेल का आयात बंद कर दिया था और भारत द्वारा ईरान से तेल का आयात अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है। उस वक्त यकीनन भारत ने अमेरिका के कूटनीतिक प्रभाव में आकर ईरान से तेल का आयात बंद कर दिया था। अब फिर से भारत और ईरान के मध्य अंजाम दिए गए चाबहार समझौते के बाद अमेरिका भारत को आर्थिक प्रतिबंध आयाद करने की धमकियां देने पर उतारू हो गया है। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में अंजाम दिए गए परमाणु परीक्षणों के बाद भी अमेरिका द्वारा आयद प्रतिबंधों को भारत द्वारा बाकायदा कामयाबी के साथ झेला गया था। तब भी अमेरिका भारत का बाल बांका नहीं कर सका था और भारतीय अर्थव्यवस्था निरंतर गति से आगे बढ़ती चली गई। उस प्रतिबंध से उल्टे अमेरिका का ही नुकसान हुआ कि उसका भारत में निर्यात प्रभावित हुआ। चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट वस्तुत पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह के लिए भी कड़ी चुनौती बन चुका है, जिसका निर्माण चीन द्वारा किया जा रहा है। चाबहार बंदरगाह भारत की विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए एक शानदार सेतु बन जाएगा, क्योंकि यह बंदरगाह गहरे समुद्र वाला बंदरगाह है।

उल्लेखनीय है कि जब यूक्रेन युद्ध का प्रारंभ हुआ था, उस वक्त भी अमेरिका द्वारा रूस पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध किए गए थे। अमेरिकी प्रतिबंधों की घनघोर अवहेलना करते हुए भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात शुरू किया, तब भी



अमेरिका द्वारा भारत पर आर्थिक प्रतिबंधों को आयाद करने की धमकियां दी गई थीं। किंतु भारत ने अमेरिका की धमकियों की घोर उपेक्षा करते हुए रूस से तेल और प्राकृतिक गैस का आयात निरंतर जारी रखा है और रूस से आयात किए गए तेल और प्राकृतिक गैस के कारण के भारत को कम से कम 300 मिलियन डॉलर की सालाना बचत हो चुकी है। रूस से एंटी मिसाइल डिफेंस सिस्टम एस-400 की डील के वक्त भी अमेरिका ने भारत के खिलाफ त्योरियां चढ़ाई थीं, उस वक्त भी भारत ने परवाह नहीं की थी। अब भी चाबहार समझौते के कारण भारत पर आर्थिक प्रतिबंध आयाद करने की अमेरिकन धमकियों की परवाह न करते हुए भारत द्वारा चाबहार बंदरगाह के विकास का काम बाकायदा जारी रखा जाएगा।

## नया संवर्धित प्रारूप करार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईरान यात्रा के दौरान वर्ष 2016 में चाबहार में स्थित शाहिद बेहस्ती बंदरगाह समझौते की बुनियाद रख दी गई थी। इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल कंपनी द्वारा वर्ष 2018 से चाबहार में स्थित बंदरगाह का संचालन किया जा रहा है। 13 मई 2024 को संपन्न हुए समझौते को वस्तुतः वर्ष 2016 में हुए समझौते का नया संवर्धित प्रारूप करार दिया जा रहा है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर फरमाते हैं कि इस समझौते के बाद चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट में एक बड़े निवेश का रास्ता भारत के लिए खुल जाएगा। भारत सरकार ने ईरान के चाबहार बंदरगाह को विकसित करने के लिए इंडिया पोर्टस ग्लोबल लिमिटेड नाम की कंपनी को कार्यभार सौंपा है। वर्ष 2016 के बाद वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कहा था कि चाबहार बंदरगाह भारत को व्यापार के लिए एक शानदार और नया समुद्री मार्ग प्रदान कर देगा, जिससे कि पाकिस्तान को बाईपास करते हुए भारत द्वारा अज़रबैजान, रुस और मध्य एशिया के साथ भारत द्वारा अपना व्यापार संपन्न किया जा सकेगा। इस समझौते के तहत भारत की इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड कंपनी कुल मिलाकर भविष्य में चाबहार बंदरगाह को विकसित करने के लिए 3000 करोड रुपयों का निवेश और करेगी। अभी तक भारतीय कंपनी चाबहार बंदरगाह के विकास के लिए 835 करोड रुपये का निवेश कर चुकी है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत द्वारा प्रस्तावित इंटरनेशनल साउथ नॉर्थ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर, जोकि 7200 लंबा प्रस्तावित समुद्री मार्ग है, इस परियोजना को चाबहार बंदरगाह का बड़ा बुनियादी समर्थन प्राप्त हो सकेगा। इंटरनेशनल साउथ नॉर्थ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के निर्माण हो जाने के पश्चात भारत के समुद्री मार्ग के माध्यम से सीधी पहुंच यूरोप और मध्य एशिया के देशों तक हो जाएगी। इंटरनेशनल साउथ नॉर्थ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर को विकसित करने की परियोजना भारत बना चुका है। प्रस्तावित समुद्री मार्ग परंपरागत समुद्री मार्ग की अपेक्षा चालीस फीसदी कम दूरी वाला और 30 फ़ीसदी से अधिक सस्ता साबित होगा। इस कोरिडोर को अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, यूएई आदि देशों का समर्थन प्राप्त है।

## प्रोजेक्ट रोकने की कोशिश

उल्लेखनीय है कि चीन द्वारा पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में में ग्वादर बंदरगाह को विकसित करने का प्रोजेक्ट पूरा किया जा रहा है। हालांकि बलोच विद्रोही निरंतर चीन के इंजीनियरों पर घात लगाकर हिंसक आक्रमण करते रहे हैं। बलोच विद्रोही ग्वादर बंदरगाह प्रोजेक्ट को रोकने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। ग्वादर बंदरगाह से चाबहार बंदरगाह की दूरी तकरीबन 100 किलोमीटर है। चाबहार बंदरगाह यकीनन अफगानिस्तान और मध्य एशिया के उन लैंडलॉक कंट्रीज के लिए वरदान साबित हो सकता है, जिनकी पहुंच सीधे गहरे समुद्र तक नहीं रही है। इस बंदरगाह से भारत ग्लोबल ट्रेड फ्रंट पर बहुत आगे पहुंच सकेगा। इससे दक्षिण चीन सागर के रास्ते पर निर्भरता भी कम होगी। नया कोरिडोर यूरोप, यूरेशिया व मध्य पश्चिम एशिया की भारत तक पहुंच आसान बनाएगा।

## बहुध्रुवीय वैश्विक शक्तियां

विश्व पटल पर विद्यमान शक्ति संतुलन पर निगाह डालें तो अब अमेरिका एक ध्रुवीय विश्व शक्ति नहीं रह गया है। अब विश्व में बहुध्रुवीय वैश्विक शक्तियां उभर कर सामने आ गई हैं। एक तरफ अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य शक्तियां हैं और दूसरी तरफ रुस, चीन, ईरान और नॉर्थ कोरिया आदि सैन्य शक्तियां विद्यमान है। अतः अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय बादशाहत का विश्व पटेल पर अंत हो चुका है। यहां तक कि अमेरिका द्वारा रूस पर आयाद आर्थिक प्रतिबंधों को यूरोप के नाटो देश ही स्वीकार नहीं कर रहे हैं। आजादी के बाद भारत एक गुटनिरपेक्ष देश रहा है। जोकि कोल्ड वॉर के विकट दौर में भी किसी भी सैन्य गुट में शामिल नहीं हुआ। आज जबकि दुनिया फिर से सैन्य गुटों में विभाजित हो रही है भारत ने अपनी स्वतंत्र विदेश नीति को कायम बनाए रखा है। भारत के संबंध रूस के साथ और अमेरिका के साथ मित्रतापूर्ण रहे। अब फिर से अमेरिका भारत की गुटनिरपेक्ष स्वतंत्र विदेश नीति को प्रभावित करने का प्रयास कर रहा है, जिसमें उसे फिर से मुंह की खानी पड़ेगी। विदेश नीति के निर्धारण में किसी भी देश के लिए उसके राष्ट्रीय हित सर्वोपरि होते हैं। भारत के लिए भी उसके राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हैं। भारत अपनी प्रबल सुरक्षा और विकासमान अर्थव्यवस्था के लिए किसी भी देश से व्यापारिक समझौता कर सकता है। भारत के ईरान के साथ सदियों पुराने सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक संबंध कायम बने रहे हैं। कभी-कभी बाहरी ताकतों की वजह से भारत-ईरान संबंध में कुछ व्यवधान जरूर पैदा हुआ है, पर वह अल्पकालीन ही रहा है। अभी चीन व ईरान की बढ़ती नजदीकी के चलते भारत व ईरान के बीच जारी चाबहार पोर्ट डील की गति धीमी पड़ी थी। अमेरिका को कोई हक नहीं बनता है कि ईरान के साथ भारत के व्यापारिक संबंधों को लेकर किसी तरह के आर्थिक प्रतिबंध आयाद करें। रूस पर आयाद प्रतिबंधों को लेकर भी अमेरिका के समक्ष भारत कदाचित नहीं झुका और उसने रूस से तेल का आयात निरंतर जारी रखा। इसी तरह से वह ईरान के साथ स्थापित अपने व्यापारिक संबंधों को लेकर भी अमेरिका के कूटनीतिक दबाव में भारत कदापि नहीं आएगा। जो न रुके, जो न झुके, वो है भारत।

# चाबहार प्रोजेक्ट के बारे में सब कुछ

चाबहार, ईरान का एकमात्र समुद्री बंदरगाह है। यह मकरान तट पर सिस्तान एवं बलूचिस्तान प्रांत में ओमान की खाड़ी में स्थित है। चाबहार में दो मुख्य बंदरगाह हैं, शाहिद कलंतरी एवं शाहिद बेहिश्ती बंदरगाह। ईरान से भारत का शाहिद बेहिश्ती बंदरगाह के निर्माण को लेकर दीर्घकालीन समझौता हुआ है। भारत ने मई 2015 में चाबहार बंदरगाह के विकास के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था। मई 2016 में भारत, ईरान एवं अफगानिस्तान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय परिवहन और पारगमन गलियारे की स्थापना के लिए त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसे चाबहार समझौते के रूप में भी जाना जाता है। ऐतिहासिक रूप से अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक भारत की पहुँच काफी हद तक पाकिस्तान के माध्यम से पारगमन मार्गों पर निर्भर रही है। चाबहार बंदरगाह भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया में व्यापार के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करता है, जिसके लिए भारत पहले पाकिस्तान पर निर्भर करता था। चाबहार बंदरगाह भारत की ईरान तक पहुँच को सुविधाजनक बनाएगा, जो अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कोरिडोर-आईएनएसटीसी) का मुख्य प्रवेश बिंदु है, जो भारत, ईरान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप को सड़क, रेल और समुद्र के माध्यम से जोड़ता है। संसाधन संपन्न मध्य एशियाई देशों और अफगानिस्तान के साथ संबंध बढ़ाने के भारत के प्रयासों में चाबहार बड़ी भूमिका निभाएगा। यह भारत को अपने व्यापारिक मार्गों में विविधता लाने तथा ईरान व अफगानिस्तान के अतिरिक्त रूस, यूरेशिया और यूरोप के बाज़ारों तक पहुँच बढ़ाने में सहायता करेगा। आईएनएसटीसी मार्ग के माध्यम से कार्गो आवाजाही से लागत में 30% और परिवहन में लगने वाले समय में 40% की बचत होने का अनुमान है, जिससे प्रतिस्पर्धी लागत में त्वरित बदलाव सुनिश्चित हो सकेगा। मध्य एशियाई देश, जो संसाधनों से समृद्ध हैं, लेकिन कज़ाखस्तान और उज़्बेकिस्तान जैसे देशों, जो समुद्र तक सीधी पहुँच नहीं रखते हैं, ने हिंद महासागर क्षेत्र से जुड़ने तथा भारतीय बाज़ार में प्रवेश करने के लिये चाबहार का उपयोग करने में रुचि दिखाई है। चाबहार बंदरगाह अफगानिस्तान में मानवीय सहायता और पुनर्निर्माण प्रयासों के लिये एक महत्त्वपूर्ण प्रवेश बिंदु के रूप में कार्य कर सकता है। कोविड-19 महामारी के दौरान चाबहार बंदरगाह ने मानवीय सहायता की आपूर्ति में अहम भूमिका निभाई है। चाबहार बंदरगाह के माध्यम से भारत से अफगानिस्तान तक 2.5 मिलियन टन गेहूं और 2,000 टन दालों का निर्यात किया है। वर्ष 2021 में भारत ने टिड्डियों के हमलों से निपटने के लिए बंदरगाह के माध्यम से ईरान को 40,000 लीटर पर्यावरण-अनुकूल कीटनाशक मैलाथियान भेजा था।

## रणनीतिक प्रभाव

चाबहार बंदरगाह को विकसित और संचालित करके, भारत हिंद महासागर क्षेत्र में अपने रणनीतिक प्रभाव को बढ़ा सकता है, जिससे भारत की भू-राजनीतिक स्थिति मज़बूत हो सकती है। चाबहार बंदरगाह चीन द्वारा पाकिस्तान में ग्वादर बंदरगाह के विकास के प्रतिकार के रूप में कार्य करेगा। चाबहार में उपलब्ध डॉकिंग सुविधाओं के कारण भारत समुद्री डकैती के मामलों पर प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया दे सकता है।

## चुनौतियां क्या हैं?

ईरान को लेकर अमेरिका की चिंताः ईरान के चाबहार बंदरगाह के विकास के लिये दीर्घकालिक मुख्य अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के पश्चात संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत को प्रतिबंधों के संभावित जोखिम की चेतावनी दी है। तेहरान में अमेरिकी दूतावास पर कब्ज़ा करने के बाद, वर्ष 1979 से अमेरिका ने विभिन्न कानूनी प्राधिकरणों के तहत ईरान के साथ की जाने वाली आर्थिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इससे पहले वर्ष 2018 में अमेरिका ने चाबहार बंदरगाह की प्रगति और इसे अफगानिस्तान से जोड़ने हेतु रेलवे लिंक के निर्माण में सहायता के लिए भारत को विशिष्ट प्रतिबंधों से छूट दी थी। हूती विद्रोही संचार के समुद्री मार्गों को बाधित कर सकते हैं, जिससे चाबहार बंदरगाह पर यातायात भी प्रभावित होगा। अफगानिस्तान से अमेरिका सेना की वापसी और तालिबान के पुनः वापसी के कारण वहां अस्थिरता उत्पन्न हो गई है, जिसका भारत के साथ व्यापार संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। ईरान व उसके कुछ पड़ोसी देशों के मध्य अस्थिर संबंधों के साथ अफगानिस्तान तथा पाकिस्तान जैसे देशों में अस्थिर राजनीतिक स्थितियां भी चाबहार बंदरगाह व भारत के आर्थिक हितों को प्रभावित कर रही हैं।

## प्रतिस्पर्धा

चाहबहार बंदरगाह में कई परिवहन मार्गों से चुनौतियां हैं, जैसे भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा जो एशिया और पूर्वी यूरोप को जोड़ता है। चाबहार में चीन जैसे मज़बूत प्रतिस्पर्द्धियों के द्वारा किया गया निवेश, ईरान में भारत के हितों को प्रभावित कर सकता है। चाबहार पोर्ट परियोजना का उद्देश्य बंदरगाहों, सड़कों एवं रेलवे जैसे बुनियादी ढांचे में सुधार करना है, जिसके लिए महत्त्वपूर्ण निवेश, समय तथा विशेषज्ञता की आवश्यकता है। कोई भी देरी या अक्षमता इसकी प्रगति में बाधा बन सकती है।

# ऐश्वर्या, कियारा और उर्वशी ने ढाया कहर



## कान्स फिल्म फेस्टिवल

**पेरिस।** 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में ऐश्वर्या राय बच्चन अपना जादू चला रही हैं। दूसरे दिन उन्होंने अपने स्टाइलिश लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। ऐश्वर्या राय ने चल रहे कांस फिल्म फेस्टिवल में अपने पहले दिन के लुक से खूब लाइमलाइट बटोरीं तो वहीं अब एक्ट्रेस के दूसरे दिन का लुक भी चर्चा में बना हुआ है। अपनी खूबसूरती ही नहीं बल्कि फैशन सेंस के लिए भी दुनियाभर में मशहूर ऐश्वर्या राय ने कांस के दूसरे दिन बहुत ही यूनिक गाउन पहना हुआ था। पिछले 22 साल से कांस फिल्म फेस्टिवल में अपने स्टाइल और डिफरेंट आउटफिट से लोगों का दिल जीतने वाली भारतीय अभिनेत्री ऐश्वर्या राय का दूसरे दिन का लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एकदम नए लुक में नजर आ रही हैं। ऐश्वर्या ने कांस के सेकंड डे अपीयरेंस में सिल्वर और ब्लू कलर का गाउन पहना था, जिसमें वह बला की खूबसूरत दिख रही हैं।



## रौतेला पिंक गाउन में दिखीं सुपर स्टाइलिश

इन-दिनों उर्वशी रौतेला कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 के लिए फ्रेंच रिवेरा में हैं। एक्ट्रेस ने रेड कार्पेट पर वॉक किया। पिंक गाउन में वह बेहद ग्लैमरस लग रही हैं। उर्वशी रौतेला ने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में खालिद एंड मारवान लेबल की ओर से डिजाइन किए गए गुलाबी गाउन में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज की। गाउन के चारो ओर फेदर लगे हुए थे, वहीं उन्होंने माथे पर हेयरबैंड लगाया हुआ था।

### यूनिक गाउन से खींचा ध्यान

पहले दिन मोनोक्रोमैटिक गाउन से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचने वाली ऐश्वर्या राय ने कांस के दूसरे दिन अपने सिल्वर और ब्लू कलर के यूनिक गाउन में अपनी अदाओं से एक बार फिर महफिल लूट ली। एक हाथ में चोट लगे होने के बावजूद ऐश्वर्या राय बच्चन ने रेड कार्पेट पर अपने लुक्स से सभी को दीवाना बना दिया।

### आन्या टेलर जॉय-क्रिस हेम्सवर्थ ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा

फ्रांस में आयोजित 77वें कान फिल्म फेस्टिवल खूब सुर्खियों में छाया हुआ है। पूरी दुनिया के सिने प्रेमियों को कान फिल्म फेस्टिवल का बेसब्री से इंतजार रहता है। 14 मई को बड़ी धूमधाम और ग्लैमर के साथ कान फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन हुआ। इस दौरान हॉलीवुड के कई कलाकार 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' के प्रीमियर के लिए इकट्ठा हुए। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले सितारों में आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की जोड़ी भी दिखाई दी। जॉर्ज मिलर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2015 की मैड मैक्स फ्रेंचाइजी की पांचवीं फिल्म फ्यूरियोसा 2015 की ऑस्कर विजेता हिट 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड' पर आधारित है। पिछली फिल्म में इम्पीरेटर फ्यूरियोसा के रूप में चार्लीज थेरॉन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। नई फिल्म फ्यूरियोसा यानी आन्या टेलर जॉय पर केंद्रित है, जिसे उनके बचपन में वारलॉर्ड डिमेंटस यानी क्रिस हेम्सवर्थ द्वारा अपहरण कर लिया गया था और वे कई माताओं के ग्रीन प्लेस में अपने घर वापस जाने का रास्ता खोजने के लिए खुद को तैयार करती हैं।

## तारक मेहता के 'रोशन सिंह सोढ़ी' 25 दिन बाद घर वापस लौटे...

**मुंबई।** लोकप्रिय टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में रोशन सिंह सोढ़ी की भूमिका निभाने के लिए प्रसिद्ध गुरुचरण सिंह, जो 22 अप्रैल से लापता थे। शुक्रवार को घर लौट आए हैं। कई दिनों तक गायब रहने के बाद अभिनेता खुद ही वापस घर लौट आए हैं।



परिवार वालों ने दिल्ली में उनकी गुमशुदगी की एफआईआर दर्ज करवाई थी। वापस लौटने पर सोढ़ी से पुलिस ने पूछताछ की। दिल्ली पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया था और अभिनेता की तलाश के लिए जांच चल रही थी। पुलिस के मुताबिक गुरुचरण ने पूछताछ के दौरान अधिकारियों को बताया कि वह अपना सांसारिक जीवन छोड़ चुके हैं और धार्मिक यात्रा पर हैं। पुलिस ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में वह अमृतसर और लुधियाना जैसे कई शहरों में गुरुद्वारों में रुके थे, लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ कि उसे घर लौट जाना चाहिए। 22 अप्रैल को अभिनेता को दिल्ली से मुंबई के लिए फ्लाइट पकड़नी थी। हालांकि, वह फ्लाइट में नहीं चढ़े और लापता हो गए। उनका फोन नंबर 24 अप्रैल तक सक्रिय था, जिसके जरिए कई लेनदेन किए गए थे, जैसा कि पुलिस जांच से पता चला है।

## गजगामिनी चाल देख फैंस हुए दीवाने...

मुंबई। संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज हीरामंडीः द डायमंड बाजार में अदिति राव की एक्टिंग का हर कोई दीवाना हो गया है। सीरीज में अदिति के रोल को बेहद पसंद किया गया। अब उनके रोल से भी ज्यादा वायरल हो रही है उनकी गजगामिनी चाल। एक्ट्रेस ने वायरल हो रही अपनी वीडियो क्लिप पर रिएक्ट किया है। खास बातचीत में अदिति राव हैदरी ने बताया कि उन्हें नहीं पता था कि इस चाल को क्या कहते हैं क्योंकि भरतनाट्यम डांसर के रूप में उन्होंने ऐसा कभी कुछ नहीं सीखा था। उन्होंने बताया कि इस वॉक को संजय लीला भंसाली ने उनसे करने को कहा था। अदिति ने कहा, "वो किसी से पूछना चाहती हैं, संजय सर, मेरे डांस टीचर कि ये क्या है। क्या ये गजगामिनी चाल या स्वान वॉक है। यह कौन सी वॉक है जो मुझे नहीं पता है।"



उन्होंने आगे कहा कि मैं सिर्फ इतना कहूंगी कि मैनें वही किया जो संजय सर ने मुझे करने के लिए कहा। मैनें संजय सर को फॉलो किया। उन्होंने मुझे जो बताया मैनें वही किया। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि कथक में मयूर चाल (मोर चाल) है, फिर गजगामिनी (मोह की चाल) है, मुझे यकीन है कि यह सभी नृत्य रूपों में है, लेकिन मुझे नहीं पता, मुझे इसका पता लगाना चाहिए।

## करियर की खातिर इन अभिनेत्रियों ने छुपाई पहचान
## नाम बदलकर फैंस के दिलों पर कर रहीं राज

***मुंबई।*** *टीवी अभिनेत्रियों के चाहने वाले बॉलीवुड अभिनेत्रियों से कम नहीं हैं। टीवी हसीनाओं के भी लाखों में फैंस हैं, जिन्हें उनके बारे में हर बात जानने की खूब दिलचस्पी रहती है। सोशल मीडिया पर इन अभिनेत्रियों की तस्वीरें आते ही छा जाती हैं। मगर इन अभिनेत्रियों को ये पहचान यूं ही हासिल नहीं हुई है। इसके लिए इन्होंने कड़ी मेहनत की है। तब जाकर ये मुकाम हासिल हुआ है। वहीं, कई अभिनेत्रियों ने तो करियर की खातिर अपना नाम तक बदल दिया है। आज हम इस लेख में उन्हीं अभिनेत्रियों के बारे में बात करेंगे, जिन्होंने अपने अभिनय करियर के लिए नाम बदल लिया। तो चलिए जानते हैं...*

**अंकिता लोखंडे :** टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक अंकिता लोखंडे का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं। अंकिता अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। टीवी शो 'पवित्र रिश्ता' से अंकिता को पहचान मिली थी। मगर उनके बारे में ये बहुत कम लोग जानते होंगे कि उनका नाम पहले तनुजा लोखंडे था। उन्होंने बाद में अपना नाम अंकिता रखा।





**रश्मि देसाई :** टीवी अभिनेत्री और बिग बॉस 13 फेम रश्मि देसाई का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं। अभिनेत्री दो बार अपना नाम बदल चुकी हैं। बचपन में उनका नाम शिवानी था, जिसे बदलकर बाद में उनकी मम्मी ने दिव्या नाम रख दिया था। मगर पर्दे पर अपनी पहचान बनाने के लिए अभिनेत्री ने अपना फिर से नाम बदल दिया और रश्मि देसाई रख लिया।

**दलजीत कौर :** टीवी अभिनेत्री दलजीत कौर का नाम भी इसमें शामिल हैं। वह भी अपना नाम बदल चुकी हैं। दलजीत कौर का नाम पहले दीपा कौर था। अभिनय करियर की शुरुआत से दलजीत ने अपना नाम बदलकर दलजीत कौर रख लिया था। अभिनेत्री को सीरियल 'इस प्यार को क्या नाम दूं' से पहचान मिली थी।



**अनिता हसनंदानी :** अनिता हसनंदानी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। अनिता किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने कई बड़े सीरियल में अपने अभिनय का दमखम दिखाया है। वह कई बॉलीवुड फिल्मों में भी बतौर लीड एक्ट्रेस काम कर चुकी हैं। जब उन्होंने अभिनय करियर की शुरुआत की तब उनका नाम नताशा हसनंदानी था, जिसे बदलकर बाद में उन्होंने अनिता हसनंदानी कर लिया था।



**निया शर्मा :** टीवी की सबसे बोल्ड अभिनेत्रियों में से एक निया शर्मा का नाम भी इसमें शामिल है। निया का नाम इंडस्ट्री में आने से पहले निशा शर्मा था। उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने से पहले अपना नाम निशा से बदलकर निया शर्मा रख लिया था। निया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह फैंस के साथ अक्सर अपनी बोल्ड तस्वीरें साझा करती रहती हैं।







विश्वस्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर
बनाएं बेहतर भविष्य ...

ग्लोबल स्किल्स पार्क एशियाई विकास बैंक की वित्तीय सहायता और आईटीईईएस सिंगापुर, आईआईटी दिल्ली और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय गांधीनगर के तकनीकी सहयोग से मध्यप्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार विभाग की एक प्रमुख पहल है। यह भारत का पहला बहु-कौशल पार्क है, जो प्रौद्योगिकी-उन्मुख कौशल पाठ्यक्रम संचालित करेगा और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार जॉब रेडी बनाने के लिए उन्नत कौशल प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

मुख्य विशेषताएं
- अत्याधुनिक प्रशिक्षण अधोसंरचना
- अंतर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रम डिजाइन, पाठ्यचर्या, उपकरण, आईटीईईएस-सिंगापुर के अनुसार
- योग्यता आधारित गहन कौशल प्रशिक्षण
- आवश्यकतानुसार पुरुष और महिलाओं के लिए सीमित छात्रावास सुविधा अक्टूबर 2024 से उपलब्ध होगी
- मजबूत उद्योग संबंध
- वर्तमान में चल रहे PE कोर्स में 98% प्लेसमेंट
- जीवन कौशल प्रशिक्षण और ऑन द जॉब ट्रेनिंग
- विदेशी भाषा सीखने का अवसर
- MMJKY या पोस्ट मैट्रिक योजना के तहत छात्रवृत्ति

एक-वर्षीय पाठ्यक्रम सत्र 2024 के लिए :
एडवांस्ड आटोमोटिव टेक्नोलॉजी | एडवांस्ड मैकेनिकल टेक्नोलॉजी | एडवांस्ड मेकाट्रॉनिक्स | एडवांस्ड मैकेनिकल एंड इलैक्ट्रिकल सर्विसेस

- संबन्धित संकाय में 60% अंकों (अनु.जाति/अनु. जनजाति वर्ग के लिए 50%) के साथ आईटीआई/डिप्लोमा/डिग्री उत्तीर्ण
- प्रवेश मेरिट के आधार पर
- 6 जुलाई 2024 तक परीक्षा परिणाम देने वाले अंतिम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थी प्रवेश हेतु पात्र
- विवरण वेबसाइट www.globalskillspark.in पर देखें

सीटें : प्रत्येक पाठ्यक्रम में 120
(अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए 5%, अन्य राज्यों के छात्रों के लिए 20% और एमपी अधिवासित छात्रों के लिए 75%)

एससी/एसटी/ओबीसी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण
एमपी सरकार के मानदंडों के अनुसार। प्रत्येक श्रेणी में महिलाओं के लिए 30% आरक्षण।

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोज़गार के लिए सहायता

प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 15th June 2024

इच्छुक उम्मीदवार कृपया https://admissions.globalskillspark.in पर आवेदन करें

admission.gsp@mp.gov.in | 9981919733 | 8989424468 | 9893346258

संत शिरोमणि रविदास
ग्लोबल स्किल्स पार्क
हज़रत निज़ामुद्दीन कॉलोनी रोड, नरेला शंकरी, भोपाल (म. प्र.)

D-11006/24

## तरकश

-संजय के. दीक्षित

### मंत्री पद के सपने

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव 2024 की काउंटिंग के दिन नजदीक आते जा रहे...छत्तीसगढ़ में मंत्री पद के दावेदारों की धड़कनें बढ़ती जा रही हैं। पुराने और अनुभवी मंत्रियों से ज्यादा पहली बार वाले याने नए विधायक उत्साहित नजर आ रहे हैं। कई तो तिरुपति से लेकर बाबा विश्वनाथ और महाकाल के दरबार में मन्न्त मांगकर आ गए हैं। रायपुर के एक नए विधायक की उम्मीदों का मत पूछिए...वे मंत्रालय में बैठने के लिए अपनी जगह भी देख कर आ चुके हैं। दरअसल, राजस्थान में पहली बार के विधायक भजनलाल को सीएम बनाकर मोदीजी ने नए विधायकों की उम्मीदों और महत्वकांक्षाओं में पंख लगा दिया। लिहाजा, सभी को लग रहा कि उनका नंबर लग सकता है। इससे दीगर, मंत्रिमंडल की सर्जरी को लेकर भांति-भांति के परसेप्शन भी निर्मित किए जा रहे हैं। मसलन, पुराने मंत्री ड्रॉप होंगे...लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद फलां मंत्री बदल जाएंगे। दरअसल, छत्तीसगढ़ में खासकर रायपुर अफवाहों की मंडी है। यहां कोई अपना दिमाग नहीं लगाता...कौवा कान ले गया तो फिर ले गया। सीधी सी बात है कि सियासत में बिना किसी ठोस वजह छह महीने, साल भर में मंत्रियों को नहीं हटाया जाता और न ही किसी शीर्ष नेता को बदला जाता। मगर रायपुर का हर तीसरा आदमी लोकसभा चुनाव के बाद किसी-न-किसी को बदल दे रहा।

### वेटिंग इन पोस्टिंग-1

दिल्ली डेपुटेशन से होम कैडर लौटी छत्तीसगढ़ की सीनियर आईएएस ऋचा शर्मा 1 मई को मंत्रालय में ज्वाईनिंग दे दी थी। मगर 18 दिन बाद भी उन्हें पोस्टिंग नहीं मिली है। हो सकता है कि लोकसभा चुनाव की वजह से पोस्टिंग लटकी हो। चुनाव प्रचार के सिलसिले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इन दिनों बेहद व्यस्त चल रहे हैं। मगर चर्चाओं को कौन रोक सकता है। एसीएस लेवल की सीनियर आईएएस अफसर को पखवाड़े भर से अधिक समय होने के बाद भी पोस्टिंग न मिलने से ब्यूरोक्रेसी में उत्सुकता बढ़ती जा रही है। भांति-भांति की अटकलें चालू है...इतना लेट हो रहा इसका मतलब कोई बड़ी लिस्ट निकलने वाली है...सोनमणि बोरा को 15 दिन में कैसे पोस्टिंग मिल गई! किसी को लग रहा...ऋचा के लिए कुछ बड़ा हो रहा...। वरना, सिंगल नाम पर इतना टाईम नहीं लगता! हालांकि, उच्च स्तर के सूत्रों का कहना है कि लिस्ट सिंगल ही आनी चाहिए। मगर सरकार है...कुछ भी हो सकता है। लिस्ट में नाम जोड़ने-घटाने की संभावनाएं हमेशा बनी रहती है।

### वेटिंग इन पोस्टिंग-2

सेंट्रल डेपुटेशन से लौटने वाले अफसरों की पोस्टिंग में विलंब पहली बार नहीं हुआ है। चीफ सिकरेट्री अमिताभ जैन के समय भी ऐसा हो चुका है। बीजेपी सरकार में अमिताभ जब दिल्ली से लौटे थे, तब करीब महीने भर उन्हें पोस्टिंग के लिए वेट करना पड़ा था। उन्हीं के आसपास अमित अग्रवाल भी छत्तीसगढ़ आए थे। अमिताभ तब प्रमुख सचिव थे और अमित सचिव। दोनों को महीने भर बाद ही विभाग मिल पाया। 2016 में गौरव द्विवेदी के साथ भी ऐसा ही हुआ था। गौरव को आफिसर्स मेस में महीने भर से अधिक समय तक पोस्टिंग के लिए इंतजार करना पड़ा था। जाहिर है, चीफ सिकरेट्री अमिताभ जैन खुद वेटिंग इन पोस्टिंग के दर्द से गुजर चुके हैं।

### आब्जर्बर की किस्मत

चुनाव में आब्जर्बर बनने से अधिकांश आईएएस, आईपीएस घबराते हैं। उन्हें लगता है खामोख्वाह चुनाव के लफड़े में क्यों पड़े। मगर कुछ किस्मती अफसरों को आब्जर्बर के तौर पर बढ़ियां लोकसभा इलाका मिल जाता है। मसलन, छत्तीसगढ़ से डेढ़ दर्जन से अधिक अफसरों की चुनावी ड्यूटी लगी है, उनमें संजीव झा और विनीत नंदनवार खुशकिस्मत निकले। संजीव को अलीबाग जैसे रमणिक इलाके का आब्जर्बर बनाया गया है तो उनसे और आगे निकल गए विनीत नंदनवार। विनीत को हिमाचल के मंडी लोकसभा क्षेत्र के आब्जर्बर की जिम्मेदारी दी गई है। मंडी में ही कुलु मनाली आता है। और उससे भी बड़ा यह कि फिल्म अभिनेत्री कंगना राणावत वहां से चुनाव लड़ रही है। कंगना ने नामंकन का पर्चा भरने के बाद ट्वीट किया, उसमें विनीत भी कलेक्टर के डायस के बगल में बैठे दिखाई पड़ रहे हैं। विनीत स्मार्ट और हैंडसम तो हैं हीं...कंगना ने खासतौर से उन्हें अपनी फोटो में कवर किया। चलिये, किस्मत अपनी-अपनी।

### डिरेल्ड कलेक्टर, बड़ी चुनौती-1

छत्तीसगढ़ में कुछ सालों से कलेक्टरों की भूमिका और पदनाम बदल गया है। खासकर, जब से डीएमएफ आया...कलेक्टरों का औरा और प्रतिष्ठा बुरी तरह डिरेल्ड हुई है। अब वे डिसट्रिक्ट मजिस्ट्रेट नहीं, डिसट्रिक्ट माईनिंग फंड अफसर हो गए हैं। नई सरकार में भी कलेक्टरों का सूरते-अंदाज नहीं बदला। काम काज एक ढेला का नहीं, न्यौता भोज में खाना परोसों और खुद बैठकर खाते फोटो खिंचवाओ। चुनाव में आयोग ने खूब पैसे दे दिए वोटरों को जागृत करने के लिए। इसका फायदा कलेक्टरों ने अपनी ब्रांडिंग के लिए कर ली। बाकी जितना पैसा खर्चा हुआ, उस हिसाब से पता कर लीजिए...किस जिले में वोटिंग का कितना परसेंटेज बढ़ा?

### डिरेल्ड कलेक्टर, बड़ी चुनौती-2

छत्तीसगढ़ में कलेक्टरों का सिस्टम पिछले 10 साल में बुरी तरह ध्वस्त हो गया है। सिर्फ कागजों में काम, सोशल मीडिया में फोटो और उपर से कोई निर्देश आ गया तो उसे पूरा कर दो। उसके अलावा आम आदमी का कोई माई-बाप नहीं। मगर अब विष्णुदेव सरकार नए मोड में है। उपर से नहीं दिख रहा मगर भीतर-ही-भीतर बडे.काम हो रहे हैं। सचिवों के साथ ही कलेक्टरों को काम पर लगाया जा रहा है। पिछले दसेक दिन में राज्य सरकार ने कई आदेश और सर्कुलर जारी किया है। प्रायवेट स्कूलों के संचालकों की मीटिंग कलेक्टरों को लेनी है और मोटी फीस से लेकर यूनिफार्म में कमीशन तथा आरटीई में एडमिशन की रिपोर्ट सरकार को भेजनी है। कलेक्टर पहले ऐसे कामों को अपनी तौहिनी समझते थे। नीचे के अफसर मीटिंग कर फोटो खिंचवा कोरम पूरा कर लेते थे। मगर अब कलेक्टरों को इस तरह की कई जिम्मेदारियां सौंपी जा रही है, जिसके अब वे आदि नहीं हैं। जाहिर है, उनकी मुश्किलें बढ़ने वाली है।

### सिकरेट्री, आईजी सोते रहे...

छत्तीसगढ़ बनने के बाद रजिस्ट्री विभाग रामभरोसे चलता रहा। सिकेरट्री और आईजी सोते रहे और रजिस्ट्री अधिकारी सरकारी खजाने और इनकम टैक्स को चूना लगाते रहे। बताते हैं, पिछले 10 साल में गाइडलाइन रेट में अपने मनमर्जी से रेट कम करके अफसरों ने करीब 200 करोड़ करोड़ का फटका लगा दिया। जबकि, सरकारी रेट को कम करने का उन्हें अधिकार ही नहीं। आखिर, जिस रेट को कई विभागों के आईएस एचओडी की कमेटी तय करती है, उसे नीचे के अधिकारी कैसे बदल सकते हैं? दरअसल, गाइडलाइन रेट कम करने के बिल्डरों और भूमाफियाओं को रजिस्ट्री लागत कम हो जाती है और एक नंबर का पैसा कम लगने पर इंकम टैक्स में बड़ी राहत मिल जाती है। रजिस्ट्री विभागों के दलालों और अधिकारियों के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ के बिल्डर और भूमाफिया सालों से रेट कम कराने का खेला कर रहे थे और उपर में किसी को पता नहीं था। शिकायतों के बाद पड़ताल हुई तो इसका खुलासा हुआ। पंजीयन विभाग के मंत्री ओपी चौधरी ने गाइडलाइन रेट कम करने पर रोक लगा दी है। इससे रजिस्ट्री अफसरों में ही नहीं, बल्कि दलालों और बिल्डरों में खलबली मच गई है। रजिस्ट्री अधिकारियों की रात की नींद उड़ गई है। असल में, पेट पर लात से तकलीफ तो होती ही है।

### अंत में दो सवाल आपसे

1. छत्तीसगढ़ के बड़े लोगों को ये चिंता क्यों खाए जा रही कि सरकार में चल किसकी रही है? काम कहां से होगा?
2. क्या नए मंत्रियों में एक नाम दुर्ग के विधायक गजेंद्र यादव का भी नाम होगा?

# मम्मी-पापा डालेंगे वोट तो बच्चों को मिलेंगे एक्स्ट्रा मार्क्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के चार चरणों का मतदान हो चुका है। वहीं पांचवें चरण का मतदान 20 मई को होगा। वोटिंग का प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग लगातार कोशिशों में जुटा हुआ है। वहीं इस पहल में स्कूल भी योगदान दे रहे हैं। वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए लखनऊ के स्कूलों ने अनोखी पहल की है। इस पहल के अनुसार माता पिता ने यदि मतदान किया है तो उनके बच्चों परीक्षा में 10 'एक्स्ट्रा मार्क्स' दिए जाएंगे। वहीं चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले स्कूल स्टाफ को एक दिन की अतिरिक्त सैलरी प्रदान की जाएगी। लखनऊ के ही एक और शिक्षण संस्थान क्राइस्ट चर्च कॉलेज ने भी अभिनव पहल की है। इस स्कूल ने भी अपने उन स्टूडेंट्स को 20 अतिरिक्त अंक देने की घोषणा की है, जिनके पैरेंट्स 20 मई को होने वाले मतदान में हिस्सा लेंगे। इसके लिए पैरेंट्स को अगले दिन स्याही लगी अंगुली दिखाने के लिए आना होगा। इससे पहले स्कूल ने गोमती नगर में मतदाता जागरुकता रैली भी निकाली।

### 20 मई को यूपी की 13 सीटों पर मतदान

लखनऊ में 20 मई को पांचवे चरण का मतदान होना है। इसके बाद 25 मई को छठे चरण की वोटिंग और सातवें चरण की वोटिंग 1 जून को होगी। परिणाम 4 जून को घोषित किए जाएंगे।

### ...तो स्कूल स्टाफ को मिलेगी एक्स्ट्रा सैलरी

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सेंट जोसेफ कॉलेज ने पांचवे चरण में 20 मई को जिन स्टूडेंट्स के माता पिता वोट डालने जाएंगे, उन्हें 10 अतिरिक्त नंबर दिए जाएंगे। यही नहीं, सेंट जोसेफ के स्टाफ के लोग चुनाव मतदान प्रक्रिया का हिस्सा बनते हैं, तो उन्हें एक दिन की 'एक्स्ट्रा सैलरी' भी प्रदान की जाएगी।

## कर्नाटक में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी हैः विजयेंद्र

**बेंगलुरु।** भारतीय जनता पार्टी की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र ने राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली सरकार से "(नींद से) जागकर" इस संबंध में तत्काल कदम उठाने की मांग की। विजयेंद्र ने भाजपा की यह मांग भी दोहराई कि राज्य सरकार हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ महिलाओं के यौन शोषण के मामलों की जांच सीबीआई को सौंपे। विजयेंद्र ने कहा, ''जब से कांग्रेस राज्य में सत्ता में आई है, कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से चरमरा गई है। हर जगह हत्याएं और जबरन वसूली हो रही हैं। बलात्कार और 'लव जिहाद' के मामलों में वृद्धि हुई है। महिला सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं।/ उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति से राज्य की बदनामी हो रही है। विजयेंद्र ने एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रज्वल रेवन्ना पर लगे महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों के संबंध में भाजपा का रुख बहुत स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को मामले को गंभीरता से लेना होगा और जांच सीबीआई को सौंपनी होगी।

### मोदी को 400 सीटें दीजिए

# हम देश में चार-चार शादियों वाला सिस्टम 'खलास' कर देंगे

## असम के सीएम हिमंत बिस्व का बड़ा वादा

एजेंसी ▶▶| सिवान

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा शनिवार को बिहार के सिवान पहुंचे। यहां मंच से असम के मुख्यमंत्री ने मंच से अनूठा वादा कर डाला। सरमा ने कहा कि इस बार पीएम मोदी को 400 सीटें दीजिए। हमारे देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड आएगा और ये चार-चार शादियां करने वाली दुकान हम हमेशा के लिए बंद कर देंगे। जिस तरह हमने जैसे 370 को खलास कर दिया, ठीक वैसे ही हम चुपचाप चार-चार शादियों वाला सिस्टम भी खलास कर देंगे। आप चिंता मत करो। अब भारत पुराना वाला भारत नहीं है। अब भारत बदल चुका है। बता दें कि दो दिन पहले सरमा ने झारखंड की एक रैली में दावा किया था कि अगर बीजेपी के पास 400 से ज्यादा सीटें आती हैं तो पीओके को भारत में मिलाया जाएगा। मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर और काशी में ज्ञानवापी मंदिर बनाया जाएगा। सरमा ने कहा कि जो आज के समय में हम मुल्ला बनाने की दुकान नहीं खुलने देंगे। हम डॉक्टर, इंजीनियर बनाने का काम करेंगे। मोदी जी को 400 सीटें चाहिए।

### मदरसा की दुकानें बंद करा दीं मैंने

हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि मैं जब से असम का मुख्यमंत्री बना हूं असम में 700 मदरसा बंद कर दिया। किसी की आवाज उठाने की हिम्मत नहीं हुई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि यह नया भारत है। यह लालू वाला भारत नहीं है। यह मोदी का भारत का है। यह हमारा भारत है। यह हिंदू का भारत है। इसलिए यह नया भारत वही करेगा, जो करना चाहिए। जो इस नए भारत से टक्कर लेने की कोशिश करेगा, वह यमराज के घर पहुंच जाएगा। यहां इनका काम नहीं है।

## नाबालिग से दुष्कर्म एवं भट्ठी में जलाने वाले दो आरोपी दोषी करार

**जयपुर।** राजस्थान के भीलवाड़ा की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने और उसे कोयले की भट्टी में जलाने के मामले में दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने शनिवार को इस मामले में सात अन्य आरोपियों को बरी कर दिया। विशेष लोक अभियोजक महावीर सिंह किसनावत ने बताया कि अदालत इस मामले में सोमवार को सजा सुनाएगी। उन्होंने बताया कि अदालत ने इस मामले में साक्ष्य मिटाने के आरोपी सात लोगों को बरी कर दिया है। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ आगे अपील की जाएगी। किसनावत ने कहा, 'अदालत ने आरोपी कालू और कान्हा को नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उसकी हत्या का दोषी माना है।

## स्कूल परिसर में महिला प्रधानाचार्य समेत स्टाफ पर हमला, मामला दर्ज

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के गांधी पार्क थाना क्षेत्र में शनिवार को एक स्कूल परिसर के अंदर पुरुषों के एक समूह ने स्कूल की महिला प्रधानाचार्य और अन्य स्टाफ पर कथित तौर पर हमला किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मामले को लेकर आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया मंच पर सार्वजनिक हो गया है। प्रधानाचार्य अर्चना वार्ष्णेय की ओर से दर्ज करायी गयी शिकायत के अनुसार यह घटना तब हुई जब स्कूल के कर्मचारी मैदान में खेल रहे कुछ युवाओं से जगह खाली करने के लिये कहा। उनमें से कुछ ने हटने से इनकार कर दिया।

## जैकेट के शेष

### संस्कृत बोर्ड की टॉपर ....

अनुसार मोहनमती अध्ययनरत थीं और जहां परीक्षा दिलाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह स्थान रायगढ़ से करीब 60 किमी दूर है।

यहां है पास होने की गारंटी

हरिभूमि के पत्रकार पंकज तिवारी भी संबंधित गांव पहुंचे। औरदा और तेलीकोट के ग्रामीणों ने बताया कि परीक्षार्थी के बदले दूसरे लोगों को पर्चा लिखते देखा गया है। गांव के की बच्चे पास होने की गारंटी के कारण आसपास के स्कूलों में एडमिशन के बावजूद संस्कृत विद्यालय से बोर्ड परीक्षा देते आ रहे हैं। गांव की एक लड़की रीना ( बदला हुआ नाम ) ने बताया कि उसने भी किसी के बदले संस्कृत विद्यालय में परीक्षा का पर्चा लिखा है। रीना ने यह भी बताया कि परीक्षा के वक्त नजदीकी जिलों के समेत दूर-दूर से शिक्षक तक परीक्षार्थियों को साथ लेकर विद्यालय आते हैं। इसकी पुष्टि किसी ने नहीं की।

### प्राचार्य ने पहले ....

गया। प्राचार्य ने कहा, मालमती का भाई मेरे दोस्त टाइप का है। वो यहां गांव में रहती है। स्कूल आती थी, पढ़ाई करती थी। परीक्षा दिलाई है। अंत में मोहनमती को शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह खुशी की बात है। उनका भविष्य उज्ज्वल हो।

## पेज एक के शेष

### किर्गिस्तान की हिंसा ...

की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने कहा कि जब से यह घटना हुई है, तब से वे कालेज जाना छोड़ चुके हैं और ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे हैं। पाकिस्तान और भारत के लोगों में ज्यादा फर्क नहीं है, इसलिए उनके मन में भी इस बात का डर बना हुआ है। किसी तरह की खरीदारी करने का काम वे सुबह के वक्त ही निपटा लेते हैं, क्योंकि शाम होने के बाद बाहर निकलना जोखिम भरा हो सकता है। भीड़ बिना कुछ बोले गाली-गलौज करते हुए हमला करती है। वे कुछ हास्टलों में घुसकर भी मारपीट कर चुके हैं। वह अपने दर्जनभर साथियों के साथ हास्टल में रहता है, इसलिए डर लगता है। इस मामले में विदेश मंत्रालय द्वारा भारतीय मूल के छात्रों को घर से बाहर नहीं निकलने की एडवाजरी भी जारी की गई है।

### दरके 'केजरी' वाल...

पुलिस में शिकायत दर्ज करायी थी कि मालीवाल ने 13 मई को अनधिकृत रूप से प्रवेश पाने के लिए मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा का उल्लंघन किया और वहां हंगामा किया। मुख्यमंत्री के सहयोगी ने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने उन्हें (मालीवाल को) रोकने की कोशिश की तब उन्होंने उन्हें गालियां दीं। इस बीच, आप की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर दिल्ली पुलिस निष्पक्ष है तो उसे मालीवाल के खिलाफ कुमार की शिकायत पर भी प्राथमिकी दर्ज करनी चाहिए। आतिशी ने बातचीत में दावा किया कि दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष मालीवाल अवैध नियुक्ति मामले में गिरफ्तारी का सामना कर रही हैं, इसलिए उन्हें भाजपा ने 'ब्लैकमेल' कर मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ साजिश का हिस्सा बनाया है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा, वह अंदर क्यों गईं? वह मुलाकात का समय लिये बिना मुख्यमंत्री आवास पर क्यों पहुंचीं? उस दिन अरविंद केजरीवाल व्यस्त थे और उनसे नहीं मिले। अगर वह उस दिन उनसे मिले होते, तो बिभव कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोप उनके (केजरीवाल के) खिलाफ लगाए जा सकते थे। उन्होंने कहा कि मालीवाल को भाजपा ने इस 'साजिश' का चेहरा बनाया है। आप नेता ने कहा, भाजपा का एक 'पैटर्न' है। पहले भाजपा वाले मामले दर्ज कराते हैं और फिर नेताओं को जेल भेजने की धमकी देते हैं। स्वाति मालीवाल अवैध भर्ती मामले में आरोपों का सामना कर रही हैं। भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने इस संबंध में मामला दर्ज किया है। एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और इस स्थिति में उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है।

### एक ही परिवार के...

उसके बाद हत्यारे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। इस हत्याकांड में मृतकों के नाम हेमलाल, जगमती, मीरा और मीरा के पुत्र सहित दो मासूम शामिल हैं। वहीं हत्यारा पप्पू टेलर पड़ोसी बताया जा रहा है।

### पुलिस के हमले के...

भर्ती हुई थी और गिरफ्तार होने तक कंपनी नंबर 2 में काम कर रही थी। जब 10 मई को पुलिस ने सूचना पर नक्सलियों को घेर कर फायरिंग की, तब कई नक्सली जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे पर मैं दौड़ नहीं पाई। सरिता ने बताया कि उसके पास एके-47 रायफल थी, इसको उसने एक जगह छुपा कर रखा था। मैं गांव की महिलाओं के साथ सिविल कपड़ों में ही थी लेकिन मैं पुलिस से बच नहीं पाई। पुलिस ने रायफल समेत मुझे गिरफ्तार कर लिया। अब ये बात और भी पुख्ता हो गयी है कि नक्सली महिलाओं का ढ़ाल की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्हें सिविल ड्रेस में रखते हैं ताकि पकड़े जाने पर पुलिस पर इल्जाम लगाया जा सके लेकिन गिरफ्तार नक्सली सरिता ककेम ने नक्सलियों की पोल खोल कर रख दी है।


कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल – 18, तहसील व जिला – रायपुर
– : आम सूचना : –

जारी दिनांक 16.05.24

[illegible]

राजस्व निरीक्षक रायपुर – 18

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्युशन कंपनी लिमिटेड
कार्या. कार्यपालन यंत्री (नगर संभाग पश्चिम) छ.स्टे.पा.डि.लिमि. भिलाई

विद्युत प्रवाह बंद की आवश्यक सूचना

[illegible]

कार्यपालन यंत्री, नगर संभाग (प.) छ.रा.पा.डि.कं.लिमि., भिलाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड
(छ.रा. विद्युत मण्डल की एक उत्तरदायी कम्पनी)

क. का.यं./का./ सा./ प्रकाशन /740

कांकेर दिनांक 17-05-2024

बिजली बंद होने की सूचना

सभी सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, उपसंभाग सरोना में मानसून पूर्व मरम्मत कार्य किया जाना है। अतएव दिये गई सारणी के अनुसार, अग्रलिखित दिनांक को समय प्रातः 09.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक निर्धारित समयावधि में दर्शाये गये स्थलों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा ।

उपसंभाग सरोना के अंतर्गत 33 के.व्ही एवं 11 के.व्ही लाईन प्री मानसून मेन्टेनेन्स कार्ययोजना 2024-2025

समय सुबह 08.30 बजे से शाम 04.00 बजे तक

| क्र. | दिनांक | दिन | 33 के. एवं 11 के.व्ही फीडर का नाम | सबस्टेशन का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20.05.2024 | सोमवार | 4. 11. के. व्ही अमोड़ा टाउन फिडर 11 केव्ही सरोना टाउन 11 केव्ही साईंमुण्डा फिडर 01 | अमोड़ा, सरोना सबस्टेशन | अमोड़ा , सरोना, मुडपार, दुधावा साल्हेटोला, धनेोरा |
| 2 | | | 2. 11. के. व्ही. सुरही टाउन फिडर | नरहरपुर | नरहरपुर उपकेन्द्र से सुरही फिडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 3 | | | 11 के. व्ही. नरहरपुर फिडर | सरोना सबस्टेशन | गंवरसिल्ली सिंगारवाही, धनेसरा, शामतरा, अमनपुर, देवरी, गंवरसिल्ली, सिंगारवाही, कापसपोटी, भैंसमुण्डी, भिरौद, पेण्ड्रावन, मानिकपुर |
| 4 | | | 11 केव्ही डुमरपानी | अमोड़ा सबस्टेशन | बनसागर, किशनपुरी, डिहीपारा (अमोड़ा) |
| 5 | 21.05.2024 | मंगलवार | 1. 11. के. व्ही. दबेना फिडर | जामगांव | दबेना |
| 6 | | | 33 के.व्ही मुसुरपुट्टा | पटौद सबस्टेशन से मुसुरपुट्टा सबस्टेशन तक | दुर्गा राईस मिल दुधावा एन एच प्लांट, सीता राईस मिल |
| 7 | | | 11 केव्हीं रामपुर | अमोड़ा सबस्टेशन | चनार, ढेकुना, रामपुर, जुनवानी, मुंजालगोंदी |
| 8 | 22.05.2024 | बुधवार | 1. 11. के. व्ही. डुमरपानी फिडर | अमोड़ा | अमोड़ा उपकेन्द्र से डुमरपानी फिडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 9 | | | 4. 11. के. व्ही. जामगांव फिडर | नरहरपुर | नरहरपुर उपकेन्द्र से जामगांव फिडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 10 | | | 11 के. व्ही. पटौद फिडर 11 के. व्ही जामगांव फिडर | सरोना सबस्टेशन, जामगांव सबस्टेशन | डवरखार, करप, अंजनी, बुदेली, सिंगनपुर, पुरियारा, सरईटोला, जामगांव डोमपदर, मांडारादरहा |
| 11 | | | 11 के. व्ही. कुरना | अमोड़ा सबस्टेशन | कुरना, चंवाड़, उमरादाह, पण्डरीपानी, बनसागर |
| 12 | 23.05.2024 | गुरूवार | 1. 11. के. व्ही. कुरना फिडर | अमोड़ा | अमोडा उपकेन्द्र से कुरना फिडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 13 | | | 4. 11. के. व्ही. नरहरपुर फिडर | नरहरपुर | नरहरपुर |
| 14 | | | 11 के.व्ही. भनसुली फिडर 02 11 के. व्ही. धौराभाटा फिडर | मुसुरपुट्टा सबस्टेशन | देवडोंगर, खजरावन, घोटियावाही, गहरीनबाधा, डब्बीपानी, महेशपुर, चाराभाटा |
| 15 | | | 11 केव्हीं. अमोड़ा | अमोड़ा सबस्टेशन | अमोड़ा, रिसेवाड़ा, गुहानपारा |
| 16 | 24.05.2024 | | 11 के. व्ही. भनसुली फिडर 01 11 केव्ही. मुसुरपुट्टा टाउन | सरोना सबस्टेशन, मुसुरपुट्टा सबस्टेशन | चोरिया, बरकई, सारवण्डी, मालगांव, दलदली, मुसुरपुटटा, आंछीडोगरी, बिहावापारा, गट्टागुडुम, भीमाडीह |
| 17 | 25.05.2024 | शनिवार | 1. 11. के. व्ही. रामपुर फिडर | अमोड़ा | अमोडा उपकेन्द्र से रामपुर फिडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 18 | | | 3. 11. के. व्ही. श्रीगुहान फिडर | डुमरपानी | नरहरपुर उपकेन्द्र से श्रीगुहान फिडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 19 | | | 33 के.व्ही नगरी | दसपुर एबी स्विच से मुसुरपुट्टा सबस्टेशन तक | नवोदय विद्यालय करप |
| 20 | | | 11 केव्हीं. मरकाटोला | पटौद सबस्टेशन | लारगांव, मरकाटोला, कन्हनपुरी |
| 21 | 25.05.2024 | शनिवार | 11 के.व्ही. बांगाबारी फिडर | मुसुरपुट्टा सबस्टेशन | बांगाबारी, मांडाभर्री, मावलीपारा |
| 22 | | | 11 केव्हीं. माकड़ी | डुमाली सबस्टेशन | बाबुसाल्हेटोला, बागोड़ |
| 23 | 27.05.2024 | सोमवार | 3. 11. के. व्ही. देवीनवागांव फिडर | डुमरपानी | नरहरपुर उपकेन्द्र से देवीनवागांव फिडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 24 | | | 2. 11. के. व्ही. मरकाटोला फिडर | पटौद | पटौद उपकेन्द्र से मरकाटोला फिडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 25 | | | 11 के.व्ही. साईमुण्डा फिडर 02 | मुसुरपुट्टा सबस्टेशन | साईमुण्डा, बासनवाही, कोटलमटटी, बांगाबारी नयापारा, भर्रीपारा |
| 26 | 28.05.2024 | मंगलवार | 2. 11. के. व्ही. डुमरपानी फिडर | डुमरपानी | नरहरपुर उपकेन्द्र से डुमरपानी फिडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 27 | | | 11 के.व्ही. सारण्डा फिडर | सरोना सबस्टेशन | सारण्डा, साल्हेभाट, कुम्हानखार, झुलनातेन्दु खल्लारी, ठेमा, बांसपत्तर, छिंदखडक, तिरियारपानी, निशानहर्रा, लेण्डारा |
| 28 | 29.05.2024 | बुधवार | 33 के. व्ही. नगरी आउटगोईंग | मुसुरपुट्टा सबस्टेशन से ग्राम मुरसीडोंगरी तक | कोई भी ग्राम प्रभावित नहीं होगा। |
| 29 | 30.05.2024 | गुरूवार | 33/11 के. व्ही. सरोना / मुसुरपुट्टा सबस्टेशन / जामगांव सबस्टेशन | | सम्पूर्ण ग्राम |

नोट :- आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है। असुविधा के लिए खेद है ।

कार्यपालन अभियंता (संचा./ संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि., कांकेर


## शब्द पहेली - 5515



**बाएं से दाएं**
1.लूटमार,डाका-4
5.रचना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.कयामत,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कद,रूप-3
40.बदाम,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 5514 का हल



## सूडोकू नवताल - 5526

कठिनतम



सूडोकू नवताल - 5525 का हल



## बड़े भाई का कत्ल कर तीस फीट गहरे कुएं में फेंका शव

घुमका । संपत्ति विवाद के चलते छोटे भाई ने बड़े भाई की टंगिया से हत्या कर गहरे कुआं में फेंक दिया था। कुआं में शव मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। थाना क्षेत्र घुमका के ग्राम विजयतला के होरी सेन के 30 फीट गहराई वाले सूखे कुएं में युवक का बोरे में बंद लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस को सरपंच पति सूरज कोसरे ने शुक्रवार शाम को इसकी सूचना दी। सबसे पहले घटना की जानकारी कृषक होरीलाल को अपने पुत्र के माध्यम से हुई। उन्होंने सरपंच प्रतिनिधि सूरज को बताया। सूरज ने पुलिस को सूचित किया। कृषक होरीलाल के पुत्र अपने खेत गया था। कुआं के पास से दुर्गंध आने पर कुआं को झांककर देखा तो संदिग्ध वहां बोरे में बंद मानव शरीर मृत अवस्था में पड़ा हुआ था, किन्तु बोरे में बंद मानव शरीर होने का अंदाजा नहीं था। पुलिस के पहुंचने पर पुलिस ने ही मामले का पटाक्षेप किया। बोरा खोलने पर बोरे में पुलिस को मृत मानव शरीर मिला। पुलिस भी देखकर दंग रह गई। पुलिस तत्काल मामले की गंभीरता को देखते सूखे कुआं से लाश बरामद की और अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर ली।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- प्रशिक्षित व अनुभवी स्टाफ ए.एन.एम., जी.एन.एम., बी.एस.सी., नर्सिंग व कम्प्यूटर ऑपरेटर, आर.एम.ओ (RMO) (Duty DR.) टेलीकॉलर (महिला) व एम.आर.डी.व OT Technician स्टॉफ की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार। **श्री कृष्णा हॉस्पिटल मेन रोड न्यू राजेंद्र नगर रायपुर छत्तीसगढ़ संपर्क करें:- 9691631006, 9926115911.** (RO-974)

आवश्यकता है- Optometrist, OT असिस्टेंट (मेल), अस्पताल सहायक, नर्सिंग स्टाफ, ड्राइवर, कंप्यूटर ऑपरेटर, नाईट ड्यूटी, PRO स्टाफ की आवश्यकता है। biodata WhatsApp करें। **संपर्क:- 7000596408.** (RO-2749)

### लेडीज टेलर



बच्चों की यूनिफार्म सिलाई करने हेतु आवश्यकता है - **लेडिज़ टेलर 2 पद**
GK COZY CRIBS
जीके होंडा के उपर, तेलीबांधा, रायपुर मो. नं.- 6262988899

### दुकान कार्य

आवश्यकता है-रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) में बंडल खोलने/पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समैन की आवश्यकता है. **मोबाइल 7067048454.** (RO-979)

आवश्यकता है- होलसेल खिलौना दुकान बंजारी चौक गोल बाजार के पास पैकिंग एवम अन्य कार्य हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क:- रायपुर 9827918086, 9685688086.** (RO-2747)

आवश्यकता है- साड़ी, सूट रेडीमेड कपड़ा दुकान में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सीखे हुए को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क प्रेम NX नेताजी चौक कटोरा तालाब रायपुर 9893377713, 8319639801, 8770718084.** (RO-304)

आवश्यकता है- प्लास्टिक लाइन के लिए सेल्समैन एवं दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार स्वयं आकर ही संपर्क करें प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 98261- 13735. (समय 11:00 से 8:00 बजे)(RO-4416)

### ऑपरेटर/गार्ड

आवश्यकता है- एसपी मार्ट सुपर बाजार के नए शोरूम हेतु 10वीं-12वी पास, बिलिंग ऑपरेटर- 2 (मेल) सेक्युरिटी गार्ड- 3पद (मेल/फीमेल) की आवश्यकता है. फ्रेश/अनुभवी **संपर्क करे- मेनरोड, इंडियन पब्लिक स्कूल के पास, छत्तीसगढ़नगर, टिकरापारा, रायपुर 9752620200, 7898046666.** (RO-307)

### मिस्त्री/सेल्समैन

आवश्यकता है- वर्मा डेयरी एवं स्वीट्स की दुकान में मिठाई काउंटर पर सेल्समैन एंव मिठाई मिस्त्री की आवश्यकता है योग्यता 12वीं पास वेतन योग्यतानुसार इच्छुक व्यक्ति **संपर्क करें भिलाई मो. नं.- 98271-78213.** (Ro-476)

### टीम लीडर/सेल्समैन

ELECTRIK PIAGGIO
**आवश्यकता**
अग्रणी इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर कंपनी आपे को आवश्यकता है।
टीम लीडर - 2 पद
सेल्समैन - 5 पद
सर्विस एडवाईज़र - 2 पद
इच्छुक उम्मीदवार पूर्ण विवरण सहित संपर्क करें।
**वर्धमान पियाजियो**
जी.ई. रोड, टाटीबंध, रायपुर
9826701999, 9826721310
MAHESHWARI

### टीचर

Required Teachers- Glorious Hr. Sec. School, Krishna Nagar, Santoshi Nagar, Raipur. Requires the following teachers for English, chemistry, Sanskrit, Music, walk in interview on 22 May 2024 at 10:00AM. Contact 9009272747.(RO-988)

आवश्यकता है- हिंदी मीडियम ओम नेशनल पब्लिक हा. से. स्कूल सरोरा रायपुर विषय:- account, economics, maths, chemistry, physics, Bio, English, Hindi, science, संस्कृत All subject teachers। अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाएं Om public school इंग्लिश मीडियम विषय:- English, में BA. MA. B.Ed Maths, science, Computer अनुभवी शिक्षक/ शिक्षिकाएं **मोबाइल नंबर 9827879928, 8770879781.** (RO-984)

आवश्यकता है- गुरु राम दास स्कूल तुलसी बाराडेरा रायपुर अंग्रेजी माध्यम हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं -05, प्रचार प्रसार प्रतिनिधि -02, सहायिका -02, घरेलू कार्य हेतु महिला **(पचपेड़ी नाका प्रियदर्शनी नगर) की आवश्यकता है संपर्क:- 6263349364.** (RO-986)

आवश्यकता है-धरसींवा के घोढ़ी ग्राम में समवेत संस्था में प्राथमिक विद्यालय में योग्य शिक्षक चाहिए। चित्रकला या संगीत में निपुण को वरीयता दी जाएगी तत्काल आवेदन दें। उत्तम कुमार साहू 9691691012.(RO-985)

आवश्यकता है- प्रशिक्षित शिक्षिकाओं की आवश्यकता है संपर्क शिशु प्राथमिक /पूर्व माध्यमिक विद्या मंदिर मठपुरेना। **पोस्ट ऑफिस के पास मठपुरेना रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल नंबर- 9424215141, 9993301387.** (RO-983)

### पैकिंग/लेबर कार्य

आवश्यकता है- चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। **संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो. 7469980000, 07714075490.** (RO-981)

### कुक/हेल्पर

आवश्यकता है- जयस्तंभ चौक स्थित रेस्टोरेंट में किचन में कार्य करने हेतु कुक एंव हेल्पर की आवश्यकता है, आकर्षक वेतन दोपहर 12 से शाम 5:00 के मध्य संपर्क करें. गिरनार रेस्टोरेंट, जयस्तंभ चौक, रायपुर(RO-1615)

### घरेलु कार्य

आवश्यकता है- बच्चा संभालने हेतु एवं घर कार्य हेतु 24 घंटे की बाई चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। **स्थान:- तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्क करें:- 9575042814.** (RO-2743)

### ड्रायवर

आवश्यकता है- आशीर्वाद किराया भंडार में पंडाल काम करने हेतु मेहनती ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन 10000/- समय 9:00 से 8:30 तक **मोबाइल नंबर 9826182338. पता सोहागा मंदिर ब्राह्मण पारा** (RO-989)

### विद्युत कर्मी

आवश्यकता है- 33 के.वी/ 11 के.वी सब स्टेशन, रायपुर में कार्य करने के लिए, आई.टी.आई. पास अनुभवी विद्युत कर्मियों की शीघ्र आवश्यकता है। **संपर्क करें नंबर 9414083494.** (RO-1171)

### सुपरवाइजर

**आवश्यकता**
इंटीरियर डिजाइनर ऑफिस में कार्य करने हेतु
**सुपरवाइजर**
लड़कों की आवश्यकता है
योग्यता : 10वीं, 12वीं, एवं स्नातक
संपर्क करें
**8085984626**

### सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- थोक वस्त्र व्यवसाय की लाइन में कार्य किया हुआ अनुभवी सेल्समैन व कंप्यूटर ऑपरेटर तथा दुकान में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29- 30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658.** (RO-1641)

### सिविल इंजीनियर

WANTED- एस.सी.सी. सीमेंट (थर्ड पार्टी पेरोल) में काम करने के लिए 02पद - सिविल इंजीनियर डिप्लोमा / बी.टेक, 02पद सेल्स मार्केटिंग - एम.बी.ए / ग्रेजुएट, वेतन योग्यतानुसार, **संपर्ककरे : राजा स्टील ट्रेडर्स, रिसाली दिनांक 23/05/2024 शाम 05:00बजे से 07:00बजे तक, बायोडाटा तुरंत व्हाट्सएपकरे - 73899-51109 या संपर्ककरे 98264-98036.** (Ro-474)

### सेल्स स्टाफ

आवश्यकता है- शॉप में कार्य करने हेतु मेड (सफाई )एवं सेल्स स्टाफ( पार्टटाइम /फुलटाइम) मेल-फीमेल की आवश्यकता है **संपर्क करें शॉप 21 बीएसपी मार्केट मरोदा सेक्टर, भिलाई मोबाइल नंबर 92299-29554.** (Ro-477)

### मैकेनिक/फील्ड कार्य

आवश्यकता है- LPG गैस में ऑफिस फील्ड कार्य हेतु लड़के/ लड़कियों के लिए नॉन मेट्रिक/ ग्रेजुएशन पद सर्वेयर, मैकेनिक, सुपरवाइजर, फील्ड ऑफिसर, रिसेप्शनिस्ट आय 15000/- से 31000/- **मिले वालेन्टीयर लाइन फाफाडीह रायपुर मोबाइल 8292102370, 7488902370.** (RO-980)

### टेलीकॉलर

आवश्यकता है- टेलीकॉलिंग कार्य करने हेतु युवतियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है। योग्यता 5वीं से स्नातक। वेतन 4000+कमीशन। **संपर्क:- मो.- 9131259311, 9685734144.** (Ro-471)

हरिभूमि क्लासीफाईड



क्या आपको अपनी लाडली के लिए अच्छा वर चाहिए... या आपको तलाश है... एक अच्छी बहु की...
तो हमसे जुड़िए...
**हरिभूमि वैवाहिकी**



### वधु चाहिए

**वधु चाहिए**
महाराष्ट्रीयन तलाकशुदा 47 वर्षीय प्राईवेट कर्मचारी हेतु वधु चाहिए। जाति बंधन नहीं छत्तीसगढ़ वासियों को प्राथमिकता।
संपर्क करें- 7869005408

### वधु चाहिए

**वधू चाहिए**
गवर्नमेंट जॉब, दिव्यांग पुरूष (100% ब्लाइंड) उम्र 36 वर्ष, हाइट 5'-5" सरकंडा बिलासपुर निवासी हेतु वधु चाहिए। जाति बंधन नहीं (40% से अधिक और आंखों से दिव्यांग संपर्क ना करें)
संपर्क करें 7049076472 8827118285

### वधु चाहिए

**वधू चाहिए**
विश्वकर्मा (लोहार) 17.09.1980, 6 फीट, MBBS अविवाहित डॉक्टर प्रायवेट क्लीनिक हेतु B.Sc, B.com B.A. शिक्षित, अविवाहित, घरेलू, संस्कारी, सुन्दर एवं गृहकार्य में दक्ष, सजातीय, अपर कास्ट, मध्यमवर्गीय, निर्धन (शिक्षित परिवार) की वधु चाहिए। (ब्यूरो क्षमा)
संपर्क करें 9131453175

### वधु चाहिए

**वधू चाहिए**
बंगाली, इंजीनियरिंग, एमबीए एकलौते लड़के के लिए सुन्दर सुशील ग्रेजुएट वधू चाहिए 31 वर्ष, हाइट- 5'-4" रंग सांवला पैतृक पश्चिम बंगाल वर्तमान बिलासपुर (छ.ग.)
संपर्क करें 7529977997 9827954228

### वर चाहिए

**वर चाहिए**
जाति बंधन नहीं अनमैरिड महिला हेतु उम्र 18/11/1980 हाईट 5'-4" बीकॉम पीजी डिप्लोमा, कम्प्यूटर ऑपरेटर सालाना आय 19लाख, सभी मान्य है टाइम पास करने वाले क्षमा करें। जरूरतमंद कॉल करें-
7440917990 7415070430

### वर चाहिए

वर चाहिए- सतनामी (मधुकर कन्या) 32, 5' 2'', MA हिंदी आईटीआई ,सीटीआई, कन्या हेतु वर चाहिए। अन्य जाति भी मान्य। मैरिज ब्यूरो क्षमा करें। संपर्क मो.-78989-70604 (468)

### ऑपरेटर/मार्केटिंग

आवश्यकता है- इंडस्ट्रियल मोटर /जनरेटर वर्कशॉप के ऑफिस हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं संपूर्ण छत्तीसगढ़ में मार्केटिंग कार्य हेतु मेहनती युवकों की आवश्यकता है। फ्रेशर भी बायोडाटा सहित मिले **टाटीबंध रायपुर. 7694954356, 7898900131.** (RO-500)

### अकाउंटेन्ट/ऑफिस वर्क

आवश्यकता है- 02पद जूनियर अकाउंटेंट एम. कॉम / बी. कॉम टैलीप्राइम / एम.एस.ऑफिस, 03पद ऑफिसवर्क - बी.कॉम / ग्रेजुएट / 12th, 01पद ड्राईवर / हमाल सीमेंट गाड़ी टाटा DI के लिए. 01पद सुपरवाइजर कम ड्राइवर, वेतन योग्यतानुसार। **राजा स्टील ट्रेडर्स, रिसाली, 23/5/ 2024 शाम 05:00बजे से 07:00बजे तक, बायोडाटा तुरंत व्हाट्सएपकरे 73899-51109 या संपर्ककरे 98264-98036.** (Ro-475)

### क्लिनिक कार्य

आवश्यकता है- डेंटल क्लिनिक में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है **संपर्क करें: सुबह 11 से 1 बजे डेंटल केयर क्लिनिक चंद्राकर हॉस्टल के बाजू ,रायपुरा चौक रायपुर 9926161822** dr Thakur (RO-1446)

### टर्नर/शेपर

| 23. | दुर्ग शाखा: उधारकर्ता: मेहुल कुकरेजा पिता श्री नानक कुकरेजा, सह-उधारकर्ता (1) श्री नानकराम कुकरेजा (2) सरीता कुकरेजा | **रिहायशी संपत्ति** :- साम्यिक बंधक संपत्ति स्थित खसरा नं. 1364/20, प.ह.नं. 16/24, वार्ड नं. 24, आमदी मंदिर वार्ड, दीक्षित कॉलोनी, दुर्ग (छ.ग.) श्रीमती सरिता कुकरेजा पति श्री नानकराम कुकरेजा के नाम पर स्थित, क्षेत्रफल : 826.0 वर्गफीट, **चौहद्दी** : उत्तर - श्री खानचंद सिंधी, दक्षिण - चंदूलाल सिंधी का मकान, पूर्व-गली, पश्चिम-रोड. (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 17.23<br>₹ 1.72<br>₹ 0.25 | अ) 03.02.2023<br>ब) 19.04.2023<br>स) ₹ 29.85 |
| 24. | तात्यापारा शाखा: मोहम्मद शाबान एवं श्री अब्दुल सत्तार अंसारी | **रिहायशी भूमि** : डायवर्टेड संपत्ति खसरा नं. 418/24, प.ह.नं. 105/47/61, रा.नि.मं. रायपुर-1, मौजा-मठपुरैना, चंद्र शेखर आजाद वार्ड नं. 52, क्षेत्रफल 1512 वर्गफीट मोहम्मद शाबान एवं श्री अब्दुल सत्तार अंसारी के नाम पर, **चौहद्दी** : उत्तर- विजयलक्ष्मी की भूमि, दक्षिण-अजया की भूमि, पूर्व-रोड, पश्चिम-रामचंद्र की भूमि. (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 8.42<br>₹ 0.84<br>₹ 0.10 | अ) 01.06.2021<br>ब) 14.02.2022<br>स) ₹ 15.73 |
| 25. | तात्यापारा शाखा: श्रीमती सुचित्रा सिंह पति श्री शिव कुमार सिंह एवं श्री शिव कुमार सिंह पिता श्रीनाथ सिंह | **रिहायशी मकान** : आवासीय मकान श्रीमती सुचित्रा सिंह पति श्री शिव कुमार सिंह के नाम पर स्थित का भाग खसरा नं. 286/40 एवं 286/155, प.ह.नं. 101, दुर्गा नगर, चंद्रशेखर आजाद वार्ड नं. 04, रा.नि.मं. धरसींवा-1, मौजा-बीरगांव, तह. एवं जिला-रायपुर क्षेत्रफल 1296 वर्गफीट, **चौहद्दी** : उत्तर-रोड, दक्षिण-रामदीन की भूमि, पूर्व- गायत्री की भूमि, पश्चिम- पूर्वा उपाध्याय की भूमि. (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 16.92<br>₹ 1.69<br>₹ 0.25 | अ) 01.06.2021<br>ब) 14.02.2022<br>स) ₹ 13.66 |
| 26. | पाटेरा शाखा :- ऋणी: श्रीमती सुनीता दुबे पति श्री राज किशोर दुबे, जमानतदार: श्री सौरभ दुबे | **रिहायशी भूमि** :- खुली परिवर्तित भूमि स्थित प्लॉट नं. L-05, खसरा नं. 1166/14, प.ह.नं. 13/18, नगर पालिका परिषद के पीछे, राधाकृष्ण मंदिर के पास, शिवपुरी, जामुल, जिला-दुर्ग (छ.ग.) क्षेत्रफल 3000 वर्गफीट, श्रीमती सुनीता दुबे पति श्री राज किशोर दुबे के नाम पर, चौहद्दी :- उत्तर-प्लॉट नं. एल-04, दक्षिण-प्लॉट नं. एल-03, पूर्व-प्लॉट नं. एल-10, पश्चिम-रोड. (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 10.64<br>₹ 1.06<br>₹ 0.25 | अ) 04.09.2021<br>ब) 04.02.2022<br>स) ₹ 8.66 |
| 27. | ए.आर.बी. (रायपुर) शाखा :- ऋणी:- मेसर्स श्री कृष्णा स्टील इंडस्ट्रीज, पार्टनर-श्री अशोक कुमार अग्रवाल पिता श्री गोविंद अग्रवाल एवं अन्य. | **A. रिहायशी भूमि, मकान** : साम्यिक बंधक फ्री-होल्ड परिवर्तित रिहायशी भूमि एवं भवन स्थित मकान नं. 17, साई हेरिटेज कॉलोनी, जगतपुर, वार्ड नं. 6, खसरा नं. 59/5/9, प.ह.नं. 48,आरआईसी रायगढ़ 1, तहसील रायगढ़, जिला- रायगढ़ (छ.ग.), अनुमानित क्षेत्रफल 1705 वर्गफीट कुमारी अंकिता मित्तल पिता श्री अशोक कुमार अग्रवाल के नाम पर स्थित. **चौहद्दी** : उत्तर - प्लॉट नं. 18, दक्षिण- 25 फीट रोड, पूर्व - 20 फीट रोड, पश्चिम- प्लॉट नं. 13. (सांकेतिक कब्जा)<br>**B. भूमि एवं फैक्ट्री** : निजी सब लीज होल्ड फैक्टरी भूमि अनुमानित क्षेत्रफल 2.00 एकड़ प्लॉट नं. 231(भाग), खसरा नं. 406(भाग) ओ.पी. जिंदल इंडस्ट्रीयल पार्क, ग्राम तुमीडीह, तहसील- घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.) मेसर्स श्री कृष्णा स्टील इंडस्ट्रीज के नाम पर स्थित. **चौहद्दी** : उत्तर - खाली भूमि, दक्षिण- रोड, पूर्व - ब्रांच रोड, पश्चिम-खाली भूमि.(सांकेतिक कब्जा) | A ₹ 59.29<br>₹ 5.92<br>₹ 0.25<br>B ₹ 277.17<br>₹ 27.71<br>₹ 0.50 | अ) 05.09.2022<br>ब) 09.12.2022<br>स) ₹ 794 |

**ई- ऑक्शन की तारीख और समय - 10.06.2024 (संपत्ति क्र. 1 से 13) एवं 25.06.2024 (संपत्ति क्र. 14 से 27) एवं सुबह 11.00 से सायं 05.00 बजे सीमा रहित प्रत्येक निरीक्षण की तारीख और समय - 20.05.2024 से 06.06.2024 तक सुबह 11.00 से दोपहर 03.00 बजे के बीच कार्यालयीन दिवस में.दोपहर 5 मिनट के अंतराल के एक्सटेंशन के साथ**

**नोट:-कोई भी बोलीकर्ता/ इच्छुक पक्ष प्लांट एवं मशीनरी के लिये बोली लगा सकता है, परंतु भूमि एवं भवन के लिये बोली लगाने हेतु, बोलीदाता को प्लांट और मशीनरी के लिये अनिवार्य बोली लगानी पड़ेगी क्योंकि किसी भी परिस्थिति में भूमि एवं भवन की स्वतंत्र रूप से बोली नहीं लगायी जा सकती।**

**उधारकर्ताओं/बंधक-कर्ताओं को 15/30 दिन का बकाया सूचना**

उपरोक्त उधारकर्ताओं/बंधककर्ताओं को यह सूचित किया जाता है की सूचना पत्र में उल्लेखित राशि को मय ब्याज एवं खर्चों के नीलामी से पूर्व जमा करवा दें अन्यथा बंधक रखी संपत्ति की नीलामी ऊपर दर्शायी गई दिनांक को कर दी जावेगी, उसके पश्चात् शेष राशि के लिए अलग से वसूली की जावेगी।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -ए.आर.बी. (रायपुर) शाखा - श्री शम्मी कांट्रा साई- 9113361788, भाटापारा शाखा - श्री नरेन्द्र राठौड़ - 9650778060, बिलासपुर शाखा- श्री संजीव पटेल- 7275742060, कवर्धा शाखा - श्री नरेन्द्र कुमार -7225906792, महासमुन्द शाखा- श्री गणेश्वर चौहान -6262446699, व्यापार विहार शाखा- श्री अंकुर दीप- 6839163511, राजनांदगांव शाखा -श्री जितेन्द्र देवांगन-7060711103, रायगढ़ शाखा- श्री जे.पी. तिवारी-9981300819, कोसमंदा शाखा- श्री चंचल तिर्की-7692931915, सरायपाली शाखा- श्री मोनू चंद्राकर-9755598448, दुर्ग शाखा- श्री आई.सी. गुप्ता-9399861800, तात्यापारा शाखा- श्री सिंह -8963987230, पाटेरा शाखा- श्री रत्ना प्रामाणिक - 7999662568, ई.एम.डी. भुगतान तथा तकनीकी जानकारी के लिए- 0771-4212422.**

**ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें** 1.नीलामी बिक्री/बोली, वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। 2. **बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेबसाइट https://www.ibapi.in में जा कर "Guidelines" देख सकते हैं।** 3. बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। 4. सर्वाधिक/सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्यदिवस में जमा करना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ाई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं करा पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रद्द कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृत/सफल बोलीकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं mstc/ibapi के द्वारा वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। 7. सम्पत्ति का **जैसा है, जहाँ है** एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। **8. अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक से बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री को स्थगित करने/टालने रद्द करने अथवा बिक्री की नियम व शर्तों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है।** 9. सम्पत्ति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, दर व देयक वहन करना होगा। 10. देय राशि ब्याज और अन्य शुल्कों को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संशोधन/त्रुटि सुधार/शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक नियमित रूप से ऊपर दी गई वेबसाइट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई डी-व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है। अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आई.डी. अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फॉर्म में उद्धृत बोली राशि में न्यूनतम एक बोली वृद्धि मूल्य की बढ़ोत्तरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त/स्थगित किया जायेगा।

स्थान: रायपुर दिनांक: 19.05.2024 — किसी भी तरह की विवाद की स्थिति में इस ई-नीलामी जो कि दिनांक 19.05.2024 सेंट्रल क्रॉनिकल, रायपुर का अंग्रेजी संस्करण के प्रकाशन ही मान्य होगा। — अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया

**प्लांट मशीनरी नीलामी सूचना (जहाँ है जैसा है स्थिति में)**

बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जब्त किये गये निम्नलिखित प्लांट एवं मशीनरी की नीलामी जहाँ है जैसा है के आधार पर दर्शायी गई तिथि एवं स्थान पर किया जाना प्रस्तावित है

| शाखा का नाम एवं ऋणी का नाम | संपत्ति का प्रकार | आरक्षित मूल्य | ई.एम.डी. | बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| ए.आर.बी. (रायपुर) शाखा :-ऋणी:- मेसर्स श्री कृष्णा स्टील इंडस्ट्रीज | प्लांट एवं मशीनरी | ₹ 355.83 Lakh | ₹ 35.58 Lakh | ₹ 0.50 Lakh |

नोट:- नीलामी की तिथि, संपत्ति का निरीक्षण, नियम एवं शर्तें ऊपर दिये हुये विवरणानुसार यथावत रहेंगी। — अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया



# मैन्युफैक्चरिंग फंडों में भी निवेश पर विचार कर सकते हैं निवेशक

अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए सरकार द्वारा विनिर्माण पर जोर दिए जाने के कारण मैन्युफैक्चरिंग का क्षेत्र पिछले कुछ समय से सुर्खियों में रहा है। संभावित जबरदस्त वृद्धि का फायदा उठाने की चाहत रखने वाले निवेशक विनिर्माण फंडों में निवेश करने पर विचार कर सकते हैं। ऐसे कई फंड बाजार में पहले से मौजूद हैं, लेकिन टाटा म्युचुअल फंड ने हाल में टाटा निफ्टी 500 मल्टीकैप इंडिया मैन्युफैक्चरिंग 50:30:20 इंडेक्स फंड के नए फंड ऑफर (एनएफओ) को जारी किया है। जानकारों का कहना है कि 'सरकार का घरेलू विनिर्माण पर काफी जोर रहा है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में विनिर्माण की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए नीति निर्माताओं द्वारा ठोस प्रयास किया जा रहा है।'ऐसे में निवेशक मैन्युफैक्चरिंग फंडों में भी निवेश पर विचार कर सकते हैं। इस समय इन फंडों में निवेश एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

**विनिर्माण पर जोर**

विनिर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेक इन इंडिया और पीएम गतिशक्ति ने नीतिगत ढांचे की नींव रखी है। विनिर्माण क्षमता सृजित करने के उद्देश्य से शुरू की गई अन्य प्रमुख नीतिगत पहलों में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, निर्यात प्रोत्साहन और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के उदार कायदे कानून शामिल हैं। आत्मनिर्भर भारत के तहत आयात के बजाए घरेलू उत्पादन पर जोर दिया गया है। चीन+1 मॉडल के जोर पकड़ने के साथ ही कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां अब भारत को अपना पसंदीदा गंतव्य मानती हैं। इन पहलों के कारण विनिर्माण क्षेत्र में काफी निवेश आने की उम्मीद है। 'हाल में भारत का पीएमआई (विनिर्माण गतिविधियों का सूचकांक) 57.2 के उच्च स्तर पर पहुंच गया। कई क्षेत्रों में क्षमता उपयोगिता कोविड-पूर्व स्तर से आगे निकल चुकी है। ऐसे में क्षमता बढ़ाने की जरूरत है। अधिकतर कंपनियां भविष्य की मांग वृद्धि के लिहाज से क्षमता विस्तार पर निजी निवेश कर रही हैं।' विनिर्माण के दायरे में कई क्षेत्र शामिल हैं। इसमें से कुछ घरेलू खपत पर केंद्रित हैं जबकि अन्य निर्यात केंद्रित हैं। इसमें पुरानी अर्थव्यवस्था और हाईटेक कारोबार दोनों शामिल हैं। विनिर्माण केंद्रित फंड वित्तीय सेवा कंपनियों के शेयरों में निवेश नहीं करते हैं।

## बिजनेस साइट

# सवाना सीड्स और अडामा इंडिया ने लॉन्च किया आधुनिक 'फुलपेज' राइस क्रॉपिंग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए एक खुशखबरी है। अब उन्हें खेतों में स्वतः उगने वाले खरपतवार एवं अवांछित जंगली पौधों से धान की मुख्य फसल को होने वाला नुकसान नहीं झेलना पड़ेगा। क्योंकि सवाना सीड्स और अडामा इंडिया ने धान की मुख्य फसल के साथ खेतों में स्वतः उगने वाले जंगली पौधों से निजात दिलाने के लिए निरंतर शोध और परीक्षण के बाद किसानों को 'फुलपेज' राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन की सौगात दी है। बेमेतरा में क्षेत्र के एक हजार से अधिक स्थानीय किसानों की उपस्थिति में 'फुलपेज' राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन को लॉन्च किया गया। धान की खेती की यह नई तकनीक लाभकारी : धान की खेती की यह नई तकनीक किसानों के लिए कई मायनों में काफी लाभकारी है। 'फुलपेज' राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन किसानों को खेती की लागत में प्रति एकड़ 6000 रुपये तक बचाएगा और पैदावार 25-40% तक बढ़ाएगा। इससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भी 25-30% की कमी आएगी। यह राज्य में 60 लाख हेक्टेयर से भी अधिक जमीन पर धान की सीधी बुआई या धान की रोपाई के लिए डीएसआर विधि का उपयोग करने वाले किसानों के लिए एक वरदान है।

**किसानों की आय में होगी वृद्धि :** फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआई) के अध्यक्ष और सह सवाना सीड्स के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अजय राणा ने इसके दूरगामी परिणामों पर चर्चा करते हुए बताया कि फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन खरपतवार प्रबंधन की महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान करके धान की खेती में क्रांति लाएगा।

# श्री गणेश विनायक फाउंडेशन आंखों के इलाज के लिए एक विश्वसनीय संस्था

### संस्था के रुरल आई हेल्थ प्रोग्राम के तहत डोर-टू-डोर आई केयर सर्विस



**रायपुर।** आई केयर की सबसे विश्वसनीय संस्था के रूप में उभरी श्री गणेश विनायक फाउंडेशन लगातार लोगों को आई केयर फैसिलिटी प्रोवाइड कर रही है। श्री गणेश विनायक फाउंडेशन के संचालक के मुताबिक श्री गणेश विनायक फाउंडेशन एक एनजीओ है जो आई सेक्टर में काम करती है। इसकी स्थापना 2015 में हुई थी। तब से लेकर अब तक यह संस्था उन सभी लोगो को आई केयर फैसिलिटी प्रोवाइड करने की कोशिश करती है जिसकी आर्थिक स्थिति ख़राब है। उल्लेखनीय है कि श्री गणेश विनायक फाउंडेशन अपने सहभागी संस्था श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल के सहयोग से अभी प्राइमरी आई केयर सेंटर संचालित कर रहा है। श्री गणेश विनायक फाउंडेशन ने पिछले दस सालो में करीब दो लाख लोगो के सप्सिडाईट व फ्री आई ऑपरेशन किये है। 50000 से ज्यादा स्कूली बच्चो का निःशुल्क नेत्र परिक्षण किया हैं। 10000 से ज्यादा ट्रक ड्राइवर के आई चेकअप किये है और 25000 से ज्यादा फ्री चश्मों का वितरण किया है। ये उन मरीजों को उन लोगो को बेनिफिट पहुंचाने की एक कोशिश है जो स्वयं आई केयर सुविधा या आंखों का इलाज लेने में किसी भी कारण से सक्षम नहीं है। श्री गणेश विनायक फाउंडेशन जो आई केयर प्रोवाइड करता है अपने पूरे नेटवर्क के माध्यम से वो पांच तरह के प्रोग्राम्स संचालित करता है। उसमें सबसे बड़ा उसका प्रोग्राम है रुरल आई हेल्थ प्रोग्राम मतलब ग्रामीण क्षेत्र में जिन मरीजों को आँख के जाँच की सुविधा उपलब्ध नहीं है उनके गांव तक पहुँच के आई केयर फैसिलिटी प्रोवाइड करते है। इस प्रोग्राम्स के माध्यम से फ्री आई चेकअप, मोतियाबिंद ऑपरेशन या कोई जटिल ऑपरेशन, श्री गणेश विनायक फाउंडेशन डोर-टू-डोर सर्विस के माध्यम से करता है।

# स्मॉलकैप स्कीम्स का कमाल

# 10 साल में 940% तक रिटर्न

*बाजार में इस समय लगातार निवेशक बढ़ रहे हैं। कई स्कीम्स अच्छा रिटर्न दे रही हैं और निवेशको को मालामाल कर रही हैं। पिछले दिनों स्मॉलकैप म्युचुअल फंड्स ने आउटपरफॉर्म किया। इसलिए निवेशकों ने भी म्यूचुअल फंड की स्मॉलकैप कैटेगरी को खूब पसंद किया जा रहा है। इससे स्मॉलकैप फंड का न सिर्फ 1 या 2 साल का रिटर्न, बल्कि लंबी अवधि का रिटर्न और मजबूत हुआ है। ऐसे में इन स्कीम्स में निवेश आपको भी मालामाल कर सकता है। बस योजना बनाएं, लक्ष्य तय करें और निवेश के लिए आगे आएं।*

- एक लाख रुपये का निवेश बन गया 10 लाख तक
- कई स्मॉलकैप स्कीम निवेशकों दे रही बढ़िया मुनाफा
- स्मॉल-कैप फंड लंबी अवधि में हाई रिटर्न की गारंटी

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

इन दिनों बाजार में निवेश के लिए सैंकड़ों स्कीम्स मौजूद हैं। इनमें निवेश की दिलचस्पी ले रहे हैं। पिछले कुछ सालों में देखा जाए तो हर साल लाखों की संख्या में नए निवेशक जुड़ रहे हैं। म्युचुअल फंडों का मार्केट कैप लगातार बढ़ता जा रहा है। कई स्कीम्स अच्छा रिटर्न दे रही हैं और निवेशकों को मालामाल कर रही हैं। स्मॉलकैप म्युचुअल फंड्स ने आउटपरफॉर्म किया। इसलिए निवेशकों ने भी म्यूचुअल फंड की स्मॉलकैप कैटेगरी को खूब पसंद किया जा रहा है। इससे स्मॉलकैप फंड का न सिर्फ 1 या 2 साल का रिटर्न, बल्कि लंबी अवधि का रिटर्न और मजबूत हुआ है। पिछले कुछ महीनों का एवरेज देखें तो स्मॉलकैप फंडों में अच्छा खासा निवेश आया है। इसकी एक वजह है कि पिछले दिनों स्मॉलकैप स्टॉक्स ने आउटपरफॉर्म किया। इसलिए बेहतर रिटर्न पाने के लिए निवेशकों ने म्युचुअल फंड की स्मॉलकैप कैटेगरी को खूब पसंद किया जा रहा है। ऐसे में इन स्कीम्स में निवेश आपको भी मालामाल कर सकता है।



### लंबी अवधि में ज्यादा मुनाफा

स्मॉलकैप फंड का न सिर्फ 1 या 2 साल का रिटर्न, बल्कि लंबी अवधि का रिटर्न और मजबूत हुआ है। इस रिपोर्ट में हमने कुछ स्मॉलकैप म्युचुअल फंड की जानकारी जुटाई है, जिन्होंने बीते 10 साल में सबसे अच्छा परफॉर्म किया है। इन स्कीम में निवेशकों का पैसा 10 साल में 10 गुना तक बढ़ गया है। यानी एक लाख रुपये का निवेश 10 लाख रुपये तक हो गया। निवेशक मालामाल हुए हैं। जानकारों का कहना है कि स्मॉलकैप म्युचुअल फंड में लंबी अवधि के लिए निवेश करना पैसे बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका है।

### क्या हैं स्मॉल कैप फंड

स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड प्रमुख रूप से 5,000 करोड़ से कम मार्केट कैपिटलाइजेशन वाली कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं। यह इक्विटी म्यूचुअल फंड की एक सब-कैटेगरी है और इनका प्रदर्शन बाजार के उतार-चढ़ाव से प्रभावित होता है। स्मॉल कैप कंपनियों में बाजार में गिरावट के दौरान अधिक अस्थिरता यानी वोलैटिलिटी दिखती है। हालांकि बेस्ट स्मॉल-कैप म्युचुअल फंड में लंबी अवधि में हाई रिटर्न देने की क्षमता होती है। स्मॉल-कैप फंड में, फंड मैनेजर पोर्टफोलियो का कम से कम 65% स्मॉल-कैप शेयरों में निवेश करता है।

## 10 वर्ष में टॉप रिटर्न वाले फंड

### निप्पॉन इंडिया स्मॉलकैप फंड

- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न: 26.36% सालाना
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर एबसॉल्यूट रिटर्न: 940%
- 1 लाख निवेश की 10 साल में वैल्यू: 10,40,092 रुपये
- 10 साल में एसआईपी निवेश पर रिटर्न: 25.02% सालाना
- कुल एसेट्स: 45749 करोड़ रुपये
- एक्सपेंस रेश्यो: 1.52%

### एसबीआई स्मॉलकैप फंड

- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न: 25.38% सालाना
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर एबसॉल्यूट रिटर्न: 863%
- 1 लाख निवेश की 10 साल में वैल्यू: 9,62,777 रुपये
- 10 साल में एसआईपी निवेश पर रिटर्न: 21.77% सालाना
- कुल एसेट्स: 27759.65 करोड़ रुपये
- एक्सपेंस रेश्यो: 1.62%

### एक्सिस स्मॉलकैप फंड

- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न: 23.83% सालाना
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर एबसॉल्यूट रिटर्न: 750%
- 1 लाख निवेश की 10 साल में वैल्यू: 8,50,042 रुपये
- 10 साल में एसआईपी निवेश पर रिटर्न: 22.52% सालाना
- कुल एसेट्स: 20136.63 करोड़ रुपये
- एक्सपेंस रेश्यो: 0.52%

### डीएसपी स्मॉलकैप फंड

- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न: 22.32% सालाना
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर एबसॉल्यूट रिटर्न: 651%
- 1 लाख निवेश की 10 साल में वैल्यू: 7,51,330 रुपये
- 10 साल में एसआईपी निवेश पर रिटर्न: 19.64% सालाना
- कुल एसेट्स: 13038.55 करोड़ रुपये
- एक्सपेंस रेश्यो: 1.77%

### कोटक स्मॉलकैप फंड

- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न: 21.71% सालाना
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर एबसॉल्यूट रिटर्न: 615%
- 1 लाख निवेश की 10 साल में वैल्यू: 7,14,698 रुपये
- 10 साल में एसआईपी निवेश पर रिटर्न: 20.77% सालाना
- कुल एसेट्स: 14815.19 करोड़ रुपये
- एक्सपेंस रेश्यो: 1.65%

### स्मॉल कैप फंड्स की खासियत

सेबी के नियमों के अनुसार, स्मॉल-कैप फंडों को अपने इन्वेस्टमेंट कॉर्पस का कम से कम 65 फीसदी स्मॉल-कैप शेयरों में आवंटित करना होता है। स्मॉलकैप में मिड टर्म की अवधि में मिडकैप और लार्जकैप की तुलना में रिस्क लेवल ज्यादा होता है, लेकिन वे हायर रिटर्न दे सकते हैं और लंबी अवधि में दूसरी कैटेगरी से बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। स्मॉल-कैप कंपनियों के पास ज्यादा एक्सपेंशन की संभावना है, जिससे ग्रोथ की संभावनाएं भी ज्यादा होती हैं।



# निवेश में देरी, आपको भी कर सकती है लक्ष्य से दूर

अक्सर देखने में आता है कि निवेश की योजना बनाने में जितनी देरी या लापरवाही होगी, आप अपने फाइनेंशियल टारगेट को पूरा करने में उतना ही पीछे होते चले जाएंगे। कम उम्र में निवेश शुरू करने का मतलब है कि फाइनेंशियल टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा समय। आज के दौर में बच्चे जल्द से जल्द आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं। खास तौर से मेट्रो शहरों में युवा कम उम्र से ही अर्निंग मेंबर बन जाते हैं। एक तरह से कह लें तो उनमें जागरुकता भी बढ़ रही है, लेकिन क्या यही जागरुकता निवेश और बचत के मामले में भी है। क्या ये युवा नौकरी शुरू करते ही अपने रिटायरमेंट या नॉन वर्किंग ईयर्स के बारे में सोचते हैं। आमतौर पर बहुत से मामलों में इसका जवाब नहीं होगा। क्योंकि अर्निंग शुरू होने के कुछ साल वे अपनी तुरंत की जरूरतों और शौक पूरा करने पर ज्यादा खर्च करते हैं। इसलिए रिटायरमेंट के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग उनकी प्राथमिकता में पीछे रह जाता है। लेकिन ये गलती कर वे कंपाउंडिंग की ताकत का फायदा लेने में उन लोगों से पीछे रह जाते हैं, जिन्होंने समय पर निवेश शुरू कर दिया है।

### लक्ष्य पूरा करने में न रह जाएं पीछे

फाइनेंशियल एडवाइजर भी यही सलाह देते रहते हैं कि जितना जल्दी हो सके, भविष्य के बारे में सोचकर फाइनेंशियल प्लानिंग शुरू करें और लगातार निवेश बनाए रखते हुए अपनी प्लानिंग में अनुशासित बने रहें। निवेश की योजना बनाने में जितनी देरी या लापरवाही होगी, आप अपने फाइनेंशियल टारगेट को पूरा करने में उतना ही पीछे होते जाएंगे। कम उम्र में निवेश शुरू करने का मतलब है कि फाइनेंशियल टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा समय। वहीं लंबी अवधि में निवेश से आपको कंपाउंडिंग का पूरा फायदा भी मिलता है। निवेश का सुरक्षित विकल्प चुनना चाहते हैं तो आपके लिए म्युचुअल फंड एसआईपी बेहतर है। वहीं स्माल सेविंग्स स्कीम उनके लिए बेहतर है जो बाजार का रिस्क जरा भी नहीं लेना चाहते हैं।



### उदाहरण से समझें

इसे हम एक उदाहरण से समझ सकते हैं। मान लिया 3 दोस्तों ए, बी और सी ने एक साथ नौकरी शुरू की। ए ने 25 साल की उम्र से फाइनेंशियल प्लानिंग शुरू किया, जबकि बी ने 30 की उम्र और सी ने 35 की उम्र से निवेश करना शुरू किया। तीनों ने एक ही म्यूचुअल फंड स्कीम में एक समान एसआईपी शुरू की। एक ही स्कीम होने से तीनों ने अनुमानित रिटर्न 12 फीसदी सालाना माना। रिटायरमेंट की उम्र 55 साल तय की। ऐसे में ए, बी और सी के पास निवेश के लिए 30 साल, 25 साल और 20 साल मिल गया।

### पहला

- निवेशक ए : 30 साल का लक्ष्य
- मंथली एसआईपी : 5000 रुपये
- अवधि: 30 साल
- अनुमानित रिटर्न: 12% सालाना
- कुल निवेश: 18 लाख रुपये
- 30 साल बाद फंड: 1,76,49,569 रुपये (1.8 करोड़)
- फायदा: 1,58,49,569 रुपये (1.6 करोड़)

### दूसरा

- निवेशक बी : 25 साल का लक्ष्य
- मंथली एसआईपी: 5000 रुपये
- अवधि: 25 साल
- अनुमानित रिटर्न: 12% सालाना
- कुल निवेश: 15 लाख रुपये
- 30 साल बाद फंड: 94,88,175 (95 लाख )
- फायदा: 79,88,175 (करीब 80 लाख रुपये)

### तीसरा

- निवेशक सी: 20 साल का लक्ष्य
- मंथली एसआईपी: 5000 रुपये
- अवधि: 20 साल
- अनुमानित रिटर्न: 12% सालाना
- कुल निवेश: 12 लाख रुपये
- 30 साल बाद फंड: 49,95,740 रुपये (करीब 50 लाख रुपये)
- फायदा: 37,95,740 (करीब 38 लाख रुपये)

### क्या मिला रिजल्ट

- पहले केस में निवेश के लिए 30 साल का समय मिल गया और कुल 18 लाख निवेश के बदले कुल फंड 1.8 करोड़ हो गया। यानी करीब 1.6 करोड़ का फायदा हुआ।
- दूसरे केस में निवेश के लिए 25 साल का समय मिला और कुल 15 लाख निवेश के बदले कुल फंड 95 लाख रुपये हुआ और करीब 80 लाख रुपये का फायदा हुआ।

शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्टी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर — Makeover — मो. 94252-14479, 0771-4020411 — www.makeoverraipur.com

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — मो. 7999450384, 7042974029

डॉ. जाऊलकर — ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — काल, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) — फोन: 0771-4044551 — समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मो. 9977247553

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic — Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। — बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) — 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर — राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर — मो. 9039050422

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल — छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर — 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

# फोर्ब्स रिपोर्ट : सबसे ज्यादा कमाई करने वाले शीर्ष 10 एथलीट्स में पांच फुटबॉलर, बास्केटबॉल के तीन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

फोर्ब्स ने साल 2024 के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले शीर्ष 50 एथलीटों की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में कोई भी भारतीय नाम नहीं है और न ही क्रिकेट खेलने वाला कोई खिलाड़ी है। पिछली बार 2020 में किसी भारतीय एथलीट ने इस लिस्ट में जगह बनाई थी।

तब विराट कोहली शीर्ष 100 की सूची में 66वें नंबर पर रहे थे। 2021 से वह फोर्ब्स की सूची से गायब हैं। 2024 की ताजा लिस्ट में पुर्तगाल और अल नस्र के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो शीर्ष पर हैं। उन्होंने इस साल 260



मिलियन यूएस डॉलर यानी 2167 करोड़ रुपए की कमाई की है। रोनाल्डो ने इस मामले में अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर और कप्तान लियोनल मेसी जैसे खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया।

रोनाल्डो पिछले साल भी शीर्ष पर थे। हालांकि, तब उनकी कमाई 136 मिलियन यूएस डॉलर यानी 1133 करोड़ रुपए थी, जो कि इस साल लगभग दोगुनी हो गई है। साल 2024 में शीर्ष-10 कमाई करने वाले एथलीट्स की सूची में फुटबॉल के सबसे ज्यादा पांच खिलाड़ी हैं, जबकि बास्केटबॉल के तीन और गोल्फ-रग्बी (अमेरिकी फुटबॉल) के एक-एक खिलाड़ी हैं।

### मेसी तीसरे स्थान पर

इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एथलीटों में दूसरे नंबर पर गोल्फ के खिलाड़ी जॉन रैम हैं। उनकी कुल कमाई 218 मिलियन यूएस डॉलर यानी 1818 करोड़ रुपए की है। तीसरे नंबर पर 135 मिलियन यूएस डॉलर यानी 1126 करोड़ रुपए की कमाई के साथ मेसी हैं। मेसी पिछले साल दूसरे नंबर पर थे और उनकी कमाई 130 मिलियन यूएस डॉलर यानी 1084 करोड़ रुपए की रही थी। इस साल उनकी कमाई तो बढ़ी है, लेकिन रोनाल्डो की तुलना में बेहद कम रही है। रोनाल्डो को सऊदी फुटबॉल लीग में अल नस्र से जुड़ने का फायदा हुआ, जबकि मेसी पीएसजी छोड़कर मेजर लीग सॉकर में मियामी टीम को जॉइन किया था।





### नेमार ने भी टॉप-10 में बनाई जगह

*इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एथलीटों में चौथे नंबर पर स्टार बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स हैं। उन्होंने इस साल 128.2 मिलियन यूएस डॉलर यानी 1069 करोड़ रुपए की कमाई की है। पिछले साल लेब्रोन चौथे नंबर पर ही थे। तब उनकी कमाई 119.5 मिलियन यूएस डॉलर यानी 996 करोड़ रुपए की रही थी। इस साल पांचवें नंबर पर गियानिस हैं। उनकी कमाई 111 मिलियन यूएस डॉलर यानी 925 करोड़ रुपए की रही है। छठे नंबर पर पीएसजी और फ्रांस के स्टार फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे हैं। उनकी कमाई 110 मिलियन यूएस डॉलर यानी 917 करोड़ रुपए की रही है। एम्बाप्पे पिछले साल तीसरे स्थान पर थे। तब उनकी कमाई 120 मिलियन डॉलर यानी 1000 करोड़ रुपए की रही थी। सातवें नंबर पर 108 मिलियन यूएस डॉलर यानी 900 करोड़ रुपए की कमाई के साथ ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार हैं।*

### 10वें स्थान पर जैकसन

आठवें नंबर पर 106 मिलियन यूएस डॉलर यानी 883 करोड़ रुपए की कमाई के साथ फ्रांस के पूर्व स्टार फुटबॉलर करीम बेंजेमा हैं। जबकि नौवें नंबर पर 102 मिलियन यूएस डॉलर यानी 850 करोड़ रुपए की कमाई के साथ स्टार बास्केटबॉल प्लेयर स्टीफन करी हैं। 10वें स्थान पर अमेरिकी फुटबॉल यानी रग्बी प्लेयर लमार जैकसन हैं। उन्होंने इस साल 100.5 मिलियन यूएस डॉलर यानी 838 करोड़ रुपए की कमाई की है।

### पिछले साल की लिस्ट से काफी अंतर

पिछले साल से इस साल की लिस्ट में पांच खिलाड़ियों का अंतर है। पिछले साल इस लिस्ट में ज्यादातर खिलाड़ी बास्केटबॉल के थे। पिछले साल बॉक्सर कनेलो अल्वारेज (पांचवां स्थान, 110 मिलियन यूएस डॉलर), गोल्फर डस्टिन जॉनसन (छठा स्थान, 107 मिलियन यूएस डॉलर), गोल्फर फिल मिकेलसन (सातवां स्थान, 106 मिलियन यूएस डॉलर), पूर्व टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर (नौवें स्थान, 95.1 मिलियन यूएस डॉलर) और बास्केटबॉल खिलाड़ी केविन डुरंट (10वां स्थान, 89.1 मिलियन यूएस डॉलर) इस लिस्ट में शामिल थे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 13 | 9 | 3 | 19 |
| राजस्थान | 13 | 8 | 5 | 16 |
| हैदराबाद | 13 | 7 | 5 | 15 |
| बेंगलोर | 14 | 7 | 7 | 14 |
| चेन्नई | 14 | 7 | 7 | 14 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 |
| लखनऊ | 14 | 7 | 7 | 14 |
| गुजरात | 14 | 5 | 7 | 12 |
| पंजाब | 13 | 5 | 8 | 10 |
| मुंबई | 14 | 4 | 10 | 08 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
708 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



हर्षल पटेल
22 विकेट
पंजाब

बाउंड्री मीटर

2039 चौके

1182 छक्के



### हार्दिक पर एक मैच का बैन, 30 लाख का जुर्माना

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर आईपीएल के इस सत्र में धीमी ओवरगति के तीसरे अपराध के लिए एक मैच का निलंबन और 30 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शुक्रवार को आखिरी लीग मैच के साथ ही इस सत्र में मुंबई का अभियान खत्म हो गया यानी पंड्या अगले सत्र में पहला मैच नहीं खेल सकेंगे। एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया, 'मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम पर 17 मई को हुए मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया गया है। इंपैक्ट खिलाड़ी रोहित शर्मा समेत टीम के बाकी सदस्यों पर मैच फीस का 50 प्रतिशत या 12 लाख रुपए में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है।

### सिफत, नीरज ने जीते ओलंपिक चयन ट्रायल

**भोपाल।** सिफत कौर सामरा ने ओलंपिक चयन ट्रायल तीन और चार में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा तीसरी बार जीत ली जबकि नीरज कुमार ने पुरुष वर्ग में दूसरी बार जीत दर्ज की। सिफत ने महिलाओं की थ्री पोजिशंस ट्रायल 4 में 461.3 स्कोर करके निच्छल को एक अंक से हराया। पुरुष वर्ग में नीरज ने 462.9 स्कोर करके पहला स्थान हासिल की। चार ट्रायल में तीन जीतकर सिफत इस वर्ग में शीर्ष रही जबकि अंजुम दूसरे स्थान पर रही। पुरूष वर्ग में ऐश्वर्य तोमर और कुसाले पहले दो स्थान पर रहे।

### प्राणवी, दीक्षा और त्वेसा ने कट हासिल किए

**ब्रेंडेनबर्ग।** प्रणवी उर्स, दीक्षा डागर और त्वेसा मलिक अमुंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ में कट में जगह बनाने में सफल रहीं। प्रणवी और दीक्षा ने दूसरे दौर में एक-ओवर 73 का कार्ड खेला। दो दौर के खेल के बाद दोनों खिलाड़ी तीन ओवर के एक समान स्कोर के साथ संयुक्त 30वें स्थान पर है। त्वेसा (77) पांच ओवर के स्कोर के साथ कट में जगह बनाने में सफल रही। टूर्नामेंट में भाग ले रही चार अन्य भारतीयों में से स्नेहा सिंह (75) एक शॉट से, वाणी कपूर (77) तीन शॉट से और अमनदीप द्राल (78) पांच शॉट से कट में जगह बनाने से चूक गई।

## आईपीएल : पांच बार की चैंपियन चेन्नई हार के साथ आईपीएल से बाहर

# आरसीबी प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी टीम, सीएसके को 27 रन से हराया

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 27 रन से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी और अंतिम टीम बनी। कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद पहले ही प्लेऑफ में जगह पक्की कर चुकी हैं। कप्तान फाफ डुप्लेसी (54 रन) की अगुआई में शीर्ष क्रम के शानदार प्रदर्शन से आरसीबी ने पांच विकेट पर 218 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। फिर उसके गेंदबाजों ने सीएसके को 20 ओवर में सात विकेट पर 191 रन पर रोक दिया और लगातार छठी जीत से प्लेऑफ का टिकट कटाया।

सीएसके रचिन रविंद्र (61 रन) के अर्धशतक और रविंद्र जडेजा (नाबाद 42 रन) के योगदान तथा अनुभवी महेंद्र सिंह धोनी के 25 रन के बावजूद प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी। आरसीबी के लिए यश दयाल ने 42 रन देकर दो विकेट झटके और अंतिम ओवर में सीएसके को 17 रन बनाने से महरूम कर उसकी क्वालीफाई करने की उम्मीदों को तोड़ दिया। मेजबान टीम के मजबूत स्कोर के लिए डुप्लेसी के अलावा विराट कोहली (47 रन), रजत पाटीदार (41 रन) और कैमरन ग्रीन (नाबाद 38) ने योगदान दिया।



### आखिरी ओवर का रोमांच



*19 ओवर के बाद आरसीबी को क्वालिफाई करने के लिए 17 रनों की जरूरत थी जबकि मुकाबले में जीत के लिए 35 रनों की दरकार थी। कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने यश दयाल पर भरोसा जताया और पारी के आखिरी ओवर में गेंद थमाई। पहली गेंद पर धोनी ने फाइन-लेग पर जोरदार शॉट खेला और 110 मीटर का छक्का लगाया। अब टीम को पांच गेंदों में 11 रनों की जरूरत थी, लेकिन अगली ही गेंद पर धोनी स्वप्निल सिंह के हाथों कैच आउट हो गए। अब बल्लेबाजी के लिए शार्दुल ठाकुर आए। तीसरी गेंद पर कोई रन नहीं आया। अब तीन गेंदों पर टीम को 11 रनों की जरूरत थी। चौथी गेंद पर शार्दुल ने थर्ड मैन की तरफ शॉट खेला और एक रन चुराया। अब चेन्नई को क्वालिफाई करने के लिए दो गेंदों में 10 रनों की दरकार थी। क्रीज पर जडेजा पहुंचे। दयाल ने ओवर की अंतिम दोनों गेंद डॉट डाली और जडेजा कोई भी रन नहीं बना सके।*

### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कोहली का मिचेल बो सैंटनर | 47 | 29 | 3 | 4 |
| फाफ डुप्लेसी रन आउट | 54 | 39 | 3 | 3 |
| पाटीदार का मिचेल बो ठाकुर | 41 | 23 | 2 | 4 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 38 | 17 | 3 | 3 |
| कार्तिक का धोनी बो देशपांडे | 14 | 06 | 1 | 1 |
| मैक्सवेल का धोनी बो ठाकुर | 16 | 05 | 2 | 1 |
| महिपाल लोमरोर नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 218/5
गेंदबाजी : देशपांडे 4-0-49-1, ठाकुर 4-0-61-2, तीक्षणा 4-0-25-0, सैंटनर 4-0-23-1, जडेजा 3-0-40-0, सिमरजीत 1-0-19-0.

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गायकवाड़ का दयाल बो मैक्सवेल | 00 | 01 | 0 | 0 |
| रचिन रविंद्र रन आउट | 61 | 37 | 5 | 3 |
| डेरिल का कोहली बो दयाल | 04 | 06 | 0 | 0 |
| रहाणे का डुप्लेसी बो फर्ग्यूसन | 33 | 22 | 3 | 1 |
| दुबे का फर्ग्यूसन बो ग्रीन | 07 | 15 | 0 | 0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 42 | 22 | 3 | 3 |
| सैंटनर का डुप्लेसी बो सिराज | 03 | 04 | 0 | 0 |
| धोनी का स्वप्निल बो दयाल | 25 | 13 | 3 | 1 |
| शार्दुल ठाकुर नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 15, कुल : 20 ओवर में 191/7
गेंदबाजी : मैक्सवेल 4-0-25-1, सिराज 4-0-35-1, दयाल 4-0-42-2, स्वप्निल 2-0-13-0, कर्ण 1-0-14-0, फर्ग्यूसन 3-0-39-1, कैमरन ग्रीन 2-0-18-1.

खास खबर

# फाइनल में ज्वेरेव का सामना जेरी से होगा



एजेंसी ▸▸| रोम

पांचवीं रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने चिली के अलेजांद्रो ताबिलो को 1-6, 7-6, 6-2 से हराकर इटालियन ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

फाइनल में उनका सामना चिली के ही निकोलस जेरी से होगा जिन्होंने टॉमी पॉल को 6-3, 6-7, 6-3 से हराया। रोम में ज्वेरेव का यह तीसरा फाइनल है। उन्होंने 2017 में नोवाक जोकोविच को हराकर पहला मास्टर्स सीरिज खिताब जीता था। इसके एक साल बाद वह रफेल नडाल से हार गए। महिला फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक का सामना दूसरी रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका से होगा।

## टाइमिंग सही नहीं होने पर भारत का कोच बनना बेहद थकाऊ काम

**मुंबई।** भारत का कोच बनना क्रिकेट जगत की सबसे बड़ी जिम्मेदारियों में से एक है और आस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का मानना है कि अगर टाइमिंग सही नहीं हो तो यह काफी थकाऊ काम हो सकता है। आईपीएल के इस सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कोच रहे लैंगर से कई बार पूछा गया कि क्या वह भारत का कोच बनने के इच्छुक हैं चूंकि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है। लैंगर ने एक सवाल के जवाब में कहा, 'यह क्रिकेट का सबसे बड़ा काम है, भारतीय टीम का मुख्य कोच बनना। एक तो इतना अधिक क्रिकेट हो रहा है और दूसरा अपेक्षाओं का भारी दबाव। यह काफी चुनौतीपूर्ण है लेकिन रोमांचक भी होगा। इसके लिए टाइमिंग सही रहने की जरूरत है। मैं आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के साथ करीब चार साल था।

## निकहत और मीनाक्षी ने जीता स्वर्ण, एलोर्डा कप में भारत के नाम 12 पदक



एजेंसी ▸▸| अस्ताना

मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन और मीनाक्षी ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारतीय टीम ने शनिवार को यहां एलोरडा कप मुक्केबाजी में अपना अभियान अब तक के सर्वश्रेष्ठ 12 पदकों के साथ खत्म किया। निकहत और मीनाक्षी के स्वर्ण पदकों के अलावा, भारतीय मुक्केबाजों ने दो रजत और आठ कांस्य पदक जीतकर पिछले सत्र से काफी बेहतर प्रदर्शन किया।

भारतीय मुक्केबाजों ने पिछले सत्र में पांच पदक अपने नाम किए थे। निकहत (52 किग्रा) ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपना दबदबा जारी रखते हुए कजाकिस्तान की जजीरा उराकबायेवा को 5-0 के स्कोर से हराकर अपने प्रभावशाली करियर में एक और स्वर्ण पदक जोड़ा। मीनाक्षी



ने दिन की शानदार शुरुआत करते हुए महिलाओं के 48 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान की रहमोनोवा सैदाहोन को 4-1 से हराकर भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। अनामिका (50 किग्रा) और मनीषा (60 किग्रा) को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा और उनका अभियान रजत पदक के साथ समाप्त हुआ।

### भारतीय पदक विजेता

**स्वर्ण :** मीनाक्षी (48 किग्रा) और निकहत जरीन (52 किग्रा)
**रजत :** अनामिका (50 किग्रा) और मनीषा (60 किग्रा)
कांस्य (पुरुष): याइफाबा सिंह सोइबम (48 किग्रा), अभिषेक यादव (67 किग्रा), विशाल (86 किग्रा) और गौरव चौहान (92 किग्रा से अधिक); **कांस्य (महिला) :** सोनू (63 किग्रा), मंजू बम्बोरिया (66 किग्रा), शलाखा सिंह संसनवाल (70 किग्रा) और मोनिका (81 किग्रा से अधिक)।

## टी20 विश्व कप : 25 को न्यूयॉर्क रवाना होंगे भारतीय खिलाड़ी

*नई दिल्ली। भारत के अधिकांश क्रिकेटर और सहयोगी स्टाफ टी20 विश्व कप के लिए 25 मई को न्यूयॉर्क रवाना होगा जबकि बाकी 26 मई को आईपीएल फाइनल के बाद जाएंगे। इससे पहले आईपीएल प्लेआफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी टीमों के सदस्यों को 21 मई को रवाना होना था लेकिन बाद में योजना में बदलाव हुआ। अब वे 25 मई को रवाना होंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और सहयोगी स्टाफ 25 मई को रवाना होगा। पहले जत्थे को 21 मई को जाना था लेकिन भारतीय टीम एकमात्र अभ्यास मैच (एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ) खेल रही है तो खिलाड़ियों को घर पर कुछ अतिरिक्त समय मिल जाएगा।' आईपीएल फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी 27 मई को रवाना होंगे। भारत को पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से और नौ जून को पाकिस्तान से खेलना है।*




## सात्विक-चिराग की जोड़ी थाईलैंड ओपन खिताब से एक कदम दूर

एजेंसी ▸▸| बैंकॉक



विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल ने शनिवार को यहां चीनी ताइपे के लू मिंग-चे और तांग काई-वेई की जोड़ी पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग को सुपर 500 स्तर के इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल को जीतने में महज 35 मिनट का समय लगा। उन्होंने 21-11 21-12 से आसान जीत दर्ज की। सात्विक और चिराग ने सुपर 500 स्तर के टूर्नामेंट में पहली बार सफलता का स्वाद थाईलैंड ओपन में ही चखा था। यह जोड़ी पांच साल पहले 2019 में यह चैंपियन बनीं थी। मौजूदा सत्र में यह भारतीय जोड़ी चौथी बार बीडब्लूएफ विश्व टूर स्पर्धा के टूर्नामेंट में फाइनल में पहुंची है। यह जोड़ी मार्च में फ्रेंच सुपर 750 का ताज पहनने के बाद मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रही थी। टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी के सामने खिताबी मुकाबले में चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी की चुनौती होगी।

## इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम ने खेल का संतुलन बिगाड़ा

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

कप्तान रोहित शर्मा से सहमति जताते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम की आलोचना करते हुए कहा कि इससे खेल का संतुलन बिगड़ रहा है। आईपीएल के पिछले सत्र से पारी के बीच में स्थानापन्न खिलाड़ी को उतारने का नियम शुरू हुआ है जिस पर रोहित ने भी नाराजगी जताई थी।



अब कोहली ने कहा, 'मैं रोहित का समर्थन करता हूं। मनोरंजन खेल का एक पहलू है लेकिन संतुलन भी होना चाहिए। इससे खेल का संतुलन बिगड़ा है और कई लोगों को ऐसा लगता है, सिर्फ मुझे नहीं।' रोहित ने पॉडकास्ट में कहा, 'मैं इस नियम का मुरीद नहीं हूं। इससे हरफनमौलाओं पर विपरीत असर पड़ेगा। क्रिकेट 11 खिलाड़ियों का खेल है, 12 का नहीं।' आईपीएल के इस सत्र में आठ बार 250 रन से अधिक का स्कोर बना और कोहली गेंदबाजों का दर्द समझते हैं। उन्होंने कहा, 'गेंदबाजों को लग रहा है कि हम क्या करें। मैने कभी ऐसा नहीं देखा जब गेंदबाजों को लगता है कि वे हर गेंद पर चार या छह रन देंगे। हर टीम के पास बुमराह या राशिद खान तो है नहीं। एक अतिरिक्त बल्लेबाज के कारण पावरप्ले में मैं 200 प्लस के स्ट्राइक रेट से खेल रहा हूं क्योंकि मुझे पता है कि आठवें नंबर पर भी एक बल्लेबाज है।



# 22,387 किलोमीटर है मार्ग की दूरी, पहुंचने में लगते हैं छह महीने

एजेंसी ▶▶| लंदन

बहुत से लोगों की चाहत होती है कि वे सैर पर जाएं, लंबी पैदल यात्राएं करें। कुछ लोग हिमालय की ट्रैकिंग करना पसंद करते हैं तो कुछ को इंका ट्रेल की पवित्र घाटी में जाना अच्छा लगता है। लेकिन अगर आप इससे भी ज्यादा रोमांचक सैर पर जाने की इच्छा रखते हैं, तो आज हम आपको धरती पर चलने लायक सबसे लंबे रास्ते के सफर पर ले जा रहे हैं। इसे दुनिया की सबसे लंबी सैर भी कहा जाता है, क्योंकि यह दक्षिण अफ्रीका के एल अगुलहास से शुरू होकर रूस के सुदूर उत्तर पूर्व तक ले जाता है। इस मार्ग की दूरी लगभग 22,387 किलोमीटर है।

आईएफएल साइंस की रिपोर्ट के मुताबिक, यह रास्ता 16 देशों, कई पर्वतों और रेगिस्तानों को पार करते हुए गुजरता है। आप चाहें तो काला सागर के पार नौका लेकर दूसरी को कुछ कम कर सकते हैं। लेकिन फिर भी यह 21,779 किलोमीटर तक रहेगा। अगर आप पैदल इस यात्रा पर निकलते हैं, तो आपको 4,492 घंटे लगातार चलना होगा। सीधे-सीधे समझें तो लगभग 6 महीने आपको लगातार चलते रहना होगा।

## 16 देशों से गुजरता है यह रास्ता, आज तक कोई नहीं गया इस रास्ते पर

### सूडान और सीरिया से भी होकर गुजरता है ये मार्ग

एक और बात, यह रास्ता दक्षिण सूडान और सीरिया जैसे देशों से होकर गुजरता है। जहां अभी युद्ध चल रहा है। कई देशों में जाने के लिए आपको वीजा की जरूरत होगी। इसलिए पूरे देश को पैदल पार करने के लिए पर्याप्त समय लगेगा। अगर आप इनसे निपट भी लिए तो प्राकृतिक बाधाएं आपका स्वागत करने के लिए तैयार होंगी। क्योंकि सहारा रेगिस्तान में चिलचिलाती गर्मी का आपको सामना करना होगा। वहीं, साइबेरया की बर्फ आपका हाड़ कंपा देगी।अफ्रीका के मलेरिया फैलाने वाले मच्छर आपको चैन से जीने नहीं देंगे। ढेर सारे जूते ले जाने होंगे, क्योंकि वे तेजी से खराब होंगे। गूलल मेप मिलेगा नहीं, इसलिए कठिनाइयां बहुत हैं।



### 13 बार फतह कर सकते हैं माउंड एवरेस्ट

दिचलस्प ये है कि इतने वक्त में आप चाहें तो दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट को 13 बार फतह करके लौट सकते हैं। निश्चित रूप से यात्रा में आपको और भी समय लगेगा। क्योंकि हर वक्त तो आप चलेंगे नहीं। आपको खाने-पीने की भी जरूरत होगी। आराम करने के लिए सोने की भी जरूरत होगी।

# एडवेंचरर ने खोज निकाली 165 साल पुरानी कोयले की खान

> एक एडवेंचरर ने बेहद संकरे सुरंग के माध्यम से 165 साल पुरानी कोयला खदान की खोज की। उन्होंने एक हेडलैम्प के जरिए खदान के अंदर के हिस्से को भी अच्छे से दिखाया है। इस खदान में पक्की कंक्रीट और एक ईंट की दीवार शामिल है। इन दिनों सोशल मीडिया पर इस हैरतअंगेज कारनामे का वायरल वीडियो काफी लोगों का ध्यान खींच रहा है। वीडियो फुटेज देखकर यूजर्स हैरानी से भरे अपने कमेंट भी शेयर कर रहे हैं।

एजेंसी ▶▶| लंदन

दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो में एक शख्स को लंबे समय से खाली पड़ी कोयला खदान में एक बेहद संकरे सुरंग के रास्ते एंट्री करते हुए दिखाया गया है। अपलोड किए जाने के कुछ ही समय बाद वीडियो फुटेज को करीब एक लाख बार देखा जा चुका है। वीडियो क्लिप की शुरुआत ढीली चट्टानों और रेत से भरे एक छोटे से सुरंग में एडवेंचरर के उतरने से होती है। सुरंग तंग दिखाई देती है, जिसकी छत से उस शख्स को गुजरने के लिए बेहद मुश्किल से जगह मिलती है। कड़े दबाव के बावजूद, वह नीचे फिसलने और आश्चर्यजनक रूप से बाहर निकलने और बड़ी गुफा यानी वर्षों से बंद पड़ी कोयला खदान में पहुंचने में सफल हो जाता है।

एडवेंचरर खदान में पहुंचने के बाद एक हेडलैम्प जलाकर उसके अंदरूनी हिस्से को दिखाता है। इसमें पक्की कंक्रीट और एक ईंट की दीवार भी दिखती है। उन्होंने इस जगह को एक बहुत पुरानी कोयला खदान बताया है। साइंटफिक एविंडेस के आधार पर इस खदान की उम्र लगभग 165 वर्ष पुरानी यानी 1860 के दशक में बने होने का अनुमान लगाया है। वीडियो में गुफा को नीचे की ओर झुका हुआ दिखाया गया है, जो सतह के नीचे सुरंगों के संभावित विशाल नेटवर्क की ओर इशारा करता है। इस वीडियो ने ऑनलाइन यूजर्स की जिज्ञासा जगा दी है। क्योंकि, बंद पड़े खदानों की खोज के खतरों पर ध्यान देना बेहद अहम है। ये संरचनाएं अस्थिर हो सकती हैं, जिनमें गुफाओं के ढहने, जहरीली गैस के भंडार और बाढ़ का खतरा भी हो सकता है।

## यूजर्स बोले- मेरी तो सांसें फूल रही



### तरह-तरह के आ रहे हैं कमेंट्स

तंग और संकरे सुरंग के माध्यम से नेविगेट करने के साहसिक कदम को देखकर सोशल मीडिया के तमाम यूजर्स आश्चर्यचकित हुए। पोस्ट के कमेंट सेक्शन में उन सबने अपने विचार शेयर किए हैं। एक यूजर ने पूछा, "आप लोग ऐसा कैसे करते हैं। मैं तो देखकर ही चिंतित हो जाता हूं।' दूसरे ने कमेंट में पूछा, 'अगर आप किसी दिन फंस जाएंगे तो फिर क्या करेंगे?' तीसरे यूजर ने लिखा, "सच में, इसे देखते ही मेरी सांसें फूल रही हैं।.. आपमें से उन लोगों को बधाई जिनके पास मनोवैज्ञानिक नियंत्रण और शांति है। मैं तो अंदर जाने से पहले ही और अधिक जगह बनाने के लिए खुदाई कर चुका होता।'

## जीव वैज्ञानिक ने राज से उठाया पर्दा

# क्या वास्तव में दरियाई घोड़े के दूध का रंग होता है गुलाबी?

एजेंसी ▶▶| लंदन



दुनियाभर में पशु-पक्षियों की लाखों प्रजातियां पाई जाती हैं। इसमें से कुछ जलचर होते हैं, कुछ उभयचर। हिप्पोपोटामस को दरियाई घोड़े के नाम से भी जाना जाता है। इस जानवर को लेकर इंटरनेट और सोशल मीडिया पर कई तरह की बातें प्रचलित हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जाता रहा है कि दरियाई घोड़े के दूध का रंग सफेद की जगह गुलाबी होता है? विशालकाय शरीर वाला ये जानवर अपने बड़े-बड़े दांतों के लिए जाना जाता है। हालांकि इनके बारे में जो बात सबसे ज्यादा चर्चा वाली होती है वो है- इनके दूध और पसीने का रंग। कहा जाता है कि इस जानवर का दूध गुलाबी रंग का होता है। एक रिपोर्ट में सैन डिएगो स्टेट यूनिवर्सिटी में जीव विज्ञान की प्रोफेसर और हिप्पो के संरक्षण को बढ़ावा देने वाली वैज्ञानिक रेबेका लेविसन कहती हैं, मैंने कभी नहीं सुना कि उनका दूध गुलाबी होता है, इसलिए यह एक अफवाह है। हालांकि उनके पसीने का रंग गुलाबी या हल्का लाल होता है। जानवर की त्वचा में ऐसे कई यौगिक होते हैं, जो इसे दिलचस्प बनाते हैं। कुछ रिपोर्ट्स में ये भी कहा जाता रहा है कि दरियाई घोड़े की त्वचा से ऐसा स्राव होता है जिसमें सनस्क्रीन-एंटीबायोटिक और रोगाणुरोधी यौगिकों का एक संयोजन हो सकता है जो उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है। रिपोर्ट के मुताबिक हिप्पो का पसीना श्लेष्मा ग्रंथियों से निकलने वाला एक तैलीय स्राव होता है। यही कारण है कि इसका रंग अलग हो सकता है। हिप्पोसुडोरिक एसिड और नॉर-हिप्पोसुडोरिक एसिड नामक दो रसायनों के संयोजन को इसका प्रमुख कारण माना जाता है।







# एगई महल में छिपा हुआ था 2300 साल पुराना राज

**ग्रीस**। जमीन के अंदर अनगिनत रहस्य छिपे हुए हैं। जब भी ये बाहर आते हैं, हमें आश्चर्य से भर देते हैं। कुछ ऐसा ही इस बार हुआ है। पुरातत्वविदों को ग्रीस में खुदाई के दौरान एक आलीशान महल मिला था, जिसमें 2300 साल पुराना राज छिपा हुआ था। सफाई के दौरान पता चला कि महल के अंदर एक कमरा ऐसा है, जिसे सिकंदर महान बाथरूम के रूप में इस्तेमाल करता था। यहां वह अपने बचपन के साथी और कथित लवर हेफेस्टियन के साथ स्नान किया करता था ।यह देखकर साइंटिस्ट चौंक गए। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 15,000 वर्ग मीटर में फैला एगई महल काफी सुंदर है।

# जापान में शुरू हुआ शादी का नया चलन न होगा प्यार न बनेंगे फिजिकल रिलेशन

एजेंसी ▶▶| टोक्यो

शादी का मतलब ही होता है दो आत्माओं का मिलन, दो तन का मिलन। शादी के इस सदियों पुराने कॉन्सेप्ट में अक्सर बदलाव होते रहे हैं। लिव इन रिलेशनशिप भी एक ऐसा ही बदलाव है। जिसमें शादी नहीं करनी है, लेकिन पति-पत्नी की तरह रहने में कोई ऐतराज नहीं है। शादी नाम की संस्था में एक नया प्रयोग हो रहा है। ये प्रयोग हो रहा है जापान में। जहां युवाओं के बीच बहुत तेजी से फ्रेंडशिप मैरिज का चलन बढ़ रहा है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार ये शादी का नया तरीका है। जिसमें युवा पार्टनर तो बन रहे हैं, लेकिन इस शादी में न प्यार है, न फिजिकल रिलेशन बनाने की गुंजाइश। संभावनाएं ये जताई जा रही हैं कि जापान की 124 मिलियन आबादी का एक फीसदी हिस्सा इस तरह की शादी को प्रिफर कर रहा है। फ्रेंडशिप मैरिज का मतलब है कि युवा लीगली मैरिड होते हैं। लेकिन पति-पत्नी की तरह रोमांस या दूसरी जिम्मेदारियां अदा नहीं करते. वो चाहें तो आर्टिफिशियल इंसेमिनेशन से बच्चे भी पैदा कर सकते हैं।



### सौ से ज्यादा लोग कर चुके हैं इस तरह की शादी

रिपोर्ट के अनुसार 32 साल से ज्यादा के युवा इस तरह की शादी प्रिफर कर रहे हैं। ये शादी वो भी प्रिफर कर रहे हैं जो शादी करने के बाद भी फ्री रहना चाहते हैं या उनके फिजिकल रिलेशन के प्रिफरेंसेज कुछ अलग हैं। इस तरह की शादियों का रिकॉर्ड रखने वाली संस्था के अनुसार मार्च 2015 से अब तक सौ से ज्यादा लोग इस तरह की शादी कर चुके हैं और अपना परिवार भी बढ़ा चुके हैं।






















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com